इस देष में षरीर को अधिक महत्व नहीं दिया जाता है। इसीलिए लम्बे कपड़ों को जो षरीर को उभार में न लावें और उसे पूर्णतया ढक लें अधिक महत्व दिया जाता है। बेसिले कपड़े जैसे धोती आदि नित्य सहज में धोये जा सकते हैं। उनकी सीवन में भी किसी प्रकार का मैल नहीं रह सकता है, इसीलिए वे अधिक पवित्र माने जाते हैं। हमारे यहाँ नगे सर की अपेक्षा सर ढकना अधिक सांस्कृतिक समझा जाता है। ऐसा सभी पूर्वी देषों में है। यहूदियों के प्रार्थना–भवनों में नंगे सर नहीं बैठते। बाल भी षरीर के अंग होने के कारण ढके जाने की अपेक्षा रखते हैं।

इसी प्रकार देष के वातावरण और रुचि के अनुकूल मांगल्य वस्तुओं का विधान किया जाता है। फूलों में हमारे यहाँ कमल को सबसे अधिक महत्व दिया जाता है। इसका सम्बन्ध जल और सूर्य दोनों से है। वह जल में रहता है और सूर्य को देखकर प्रसन्न होता है। जल और सूर्य देष की महती आवष्यकताओं में से हैं। इसका दोनों से सम्बन्ध है। कमल ही सब प्रकार के षारीरिक सौंदर्य का उपमान बनता है। चरण–कमल, नेत्र–कमल, मुख कमल आदि कमल की महत्ता के द्योतक हैं। 'नवकंजलोचन कंजमुख करकंज पदकंजारुणम्' इस छंद में सभी अंग कमल बन गये हैं।

आम्र, कदली, दूर्वादल, नारियल, श्रीफल आदि को मांगल्य कार्यों में प्रमुख स्थान दिया जाता है। आम यहाँ का विषेश मेवा है। इसमें रस भरा रहता है और इसका बौर बसंत का अग्रदूत है। हमारे यहाँ अष्वत्थ को भी विषेश महत्ता दी गई है। श्रीमद् भगवद्गीता में भगवान की विभूतियों में अष्वत्थ को भी विषेश महत्ता दी गई है, वे सब श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान की विभूतियों के रूप में आ गई है – ' अष्वत्थः सर्ववरक्षाणं'। भगवान बुद्ध को भी अष्वत्थ के नीचे ही बुद्धत्व प्राप्त हुआ था। स्थावर वस्तुओं में हिमालय को, सरिताओं में गंगा को, पक्षियों में गरुण को,

ऋतुओं में वसंत ऋतु को महत्ता दी गई है। यह भी हमारी जातीय मनोवत्ति का परिचायक है।

यह तो रहे संस्कृति के बाह्य अंग। संस्कृति के आंतरिक अंगों पर भारत में विषेश बल दिया गया है। धर्म—ग्रन्थों में अच्छे मनुश्यों के जो लक्षण बतलाए गये हैय मनुस्मषति में जो धरति, क्षमा, दम, अस्तेय, षौच, इन्द्रिय—निग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध धर्म के दस लक्षण बतलाये गये, वे सब भारतीयों की मानसिक और आध्यात्मिक संस्कृति के अंग हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में दिये हुए दैवी संपदावालों के लक्षण हैं, जिनमें अभय को सबसे पहला स्थान दिया गया है। स्थितप्रज्ञ के लक्षण (दूसरा अध्याय), सात्विक चीजों के लक्षण (सत्रहवां अध्याय) आदि सब भारतीय संस्कृति के अनुकूल, सभ्य और षिश्ट पुरुश के लक्षण हैं। इससे सभी महाकाव्य ऐसे लक्षणों से भरे पड़े हैं। 'रघुवंष' में रघुकुल के राजाओं के जो गुण बतलाये गये हैं, वे न केवल भारत के सांस्कृतिक आदर्शों के परिचायक हैं, बल्कि उनके अतीत का भव्य चित्र हमारे सन्मुख आ जाता है। दूसरों को दान देने के लिए जो सम्पन्न बनते थे (उनका धन दानाय था), सत्य के लिए मितभाशी बने हुए थे (मिथ्याभिमान के कारण वे कम बातचीत नहीं करते थे), जो यष के लिए विजय प्राप्त करते थे (धन, राज्य छीनने के लिए नहीं), यष को अपने यहाँ अधिक महत्व दिया गया है। हमारे पूर्वज यष के लिए संसार की समस्त सम्पदा और वैभव त्यागने को सदैव तत्पर रहते थे।

अर्जुन से भी श्रीकृश्ण ने अन्तिम अपील यही की थी 'यषो लभस्व । संतान के लिए (कामोपभोग के लिए नहीं, वरन् पितर ऋण चुकाने और समाज को अच्छे नागरिक देने के अर्थ), जो गरहस्थ बनते थे, बाल्यावस्था में जो विद्याध्यन करते थे, यौवन में विशय भोग करने वाले, वष्द्धावस्था में मुनिवरक्ति को धारण करने वाले और योग द्वारा षरीर को त्यागने वाले ( आजकल तो 'रोगेणान्ते तनुत्यजाम्' की बात हो गई है) ऐसे रघुवंषियों ऐसे रघुवंषियों के कुल का मैं (कालिदास) वर्णन करता हूँ। यद्यपि मेरे पास वाणी का वैभव अधिक नहीं है। इससे पता चलता है कि प्राचीन भारत में त्याग, सत्य, यष, आश्रम—विभाग और सामाजिक कल्याण की ओर अधिक ध्यान दिया जाता था। संक्षेप में भारतीय संस्कृति के मुख्य—अंग इस प्रकार बतलाए जा सकते हैं

(1) आध्यात्मिकता इसके अन्तर्गत नष्वर षरीर का तिरस्कार, परलोक और सत्य, अहिंसा, तप आदि आध्यात्मिक मूल्यों को अधिक महत्व देना, आवागमन की भावना, ईष्वरीय न्याय में विष्वास आदि बातें हैं हमारे यहाँ की संस्कृति तपोवन—संस्कृ ति रही है, जिसमें विस्तार ही विस्तार था— 'प्रथम साम—रव तव तपोवने प्रथम प्रभात तब गगने। विस्तार के वातावरण में आत्मा का संकुचित रूप नहीं रह सकता था। इसी के अनुकूल आत्मा का सर्वव्यापक— विस्तार माना गया है।

इसीलिए हमारे यहाँ सर्वभूतहित पर अधिक महत्व दिया गया है– 'आत्मवत् सर्वभूतेशु यः पष्यति स पष्यतिः ।

इकाई– 7 डॉ. पदमसिंह शर्मा 'कमलेश' (सन् 1915–1974 ई.) हरिशंकर कोरी और कुजर में एक ही आत्मा का विस्तार देखा जाता है। इसीसे गाँधी जी की सर्वादय की भावना को बल मिला। हमारे यहाँ के मनीशी 'सर्व सुखिनः भवन्तु, सर्वे सन्तु निरामयाः' का पाठ पढ़ते थे।

नष्वर षरीर के तिरस्कार की भावना हमारे यहाँ के लोगों को बड़े–बड़े बलिदानों के लिए तैयार कर सकी। षिवि, दधीचि, मोरध्वज इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। महाराजा दिलीप ने गुरु की प्रसन्नता के लिए नन्दिनी नाम की गौ को चराने का व्रत धारण किया था। उसकी सिंह से रक्षा करने के लिए वे अपने प्राणों का भी उत्सर्ग करने के लिए तैयार हो जाते हैं। वे सिंह से कहते हैं कि यदि तुम मुझ पर दया ही करना चाहते हो तो मेरे यष–षरीर पर दया करो। पंचभूतों से बने हुए नाषवान षरीर के पिण्डों पर मुझ जैसे लोगों की आस्था नहीं होती।

हमारे यहाँ का मार्ग साधना का मार्ग रहा है और तप, त्याग और संयम को महत्ता दी गई है। क्या बौद्ध, क्या जैन और क्या वैशणव सभी लोग इन गुणों की सराहना करते हैं।

हमारे यहाँ की आध्यात्मिकता मन और बुद्धि से परे जाती है। वह आत्मा का साक्षात अनुभव करना चाहती है। यही भारतीय और पाष्चात्य दर्षनों का अन्तर है। हमारे दर्षन का अर्थ आत्मा का दर्षन ही है, पाष्चात्य देषों में वह बुद्धि–विलास के रूप में रहा है।

(2) समन्वय–बुद्धि आत्मा की एकता के आधार पर हमारे यहाँ अनेकता में एकता देखी गई है।

इसी से मिलती–जुलती समन्वय–भावना है। हमारे विचारकों ने सभी वस्तुओं में सत्य के दर्षन किये हैं। उनका धर्म अविरोधी धर्म रहा है।

इसीलिए हमारे यहाँ धर्म परिवर्तन को विषेश महत्व नहीं दिया गया है। फिर भी संस्कृतियों का आदान–प्रदान हुआ है। तुलसीदास जी जैसे महात्मा ने, जो भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि कहे जा सकते हैं, समन्वय–बुद्धि से ही काम लिया था। उन्होंने षैव और वैशणवों का ज्ञान और भक्ति तथा अद्वैत और विषिश्टाद्वैत का समन्वय किया था। आधुनिक कवियों में प्रसाद जी ने भी अपनी 'कामायनी' में ज्ञान, इच्छा और क्रिया का समन्वय किया है। मानव–कल्याण में ज्ञान, इच्छा, क्रिया का पार्थक्य ही बाधक होता है।

(3) वर्णाश्रम–विभाग

ज्ञान दूर कुछ, क्रिया भिन्न है,

इच्छा क्यों पूरी हो मन की,

एक दूसरे से न मिल सके,
यह विडंबना है जीवन की।

हमारी संस्कृति में कार्य विभाजन को बड़ा महत्व दिया गया समाज को भी चार भागों में बाँटा है और मा व जीवन को भी। सामाजिक विभाजन बढ़ते–बढ़ते संकुचित और अपरिवर्तनीय बन गया। अपरिवर्तनीय बनने में भी इतनी हानि न थी, यदि सबका महत्व सिद्धान्त और व्यवहार दोनों में एक सा मान लिया गया होता। कुछ लोगों ने श्रेश्ठता का एकाधिकार कर लिया और 'पण्डितः समदर्षिनः ' की बात भूल गये। हमारे सभी प्रचारकों और सुधारकों ने इसके विरुद्ध आवाज उठाई और उन सब में जोरदार आवाज रही भगवान् गौतम बुद्ध, संत कबीर और महात्मा गाँधी की। पुरुश सूक्त ने तो चारों वर्णों को एक ही विराट् षरीर का अंग माना था – 'ब्रह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः । षूद्र भगवान के चरणों से निकले। इसी आधार पर कविवर मैथिली षरण जी गुप्त ने उन्हें सुरसरि का सहोदर कहा है। एक ही षरीर के विभिन्न अंगों में कोई ऊँचा– नीचा नहीं होता। सामाजिक संगठन का हमारे यहाँ बहुत ऊँचा आदर्ष रखा गया था । वैदिक ऋशियों की तो यही भावना थी, लेकिन हम उसको भुला बैठे।

(4) अहिंसा, करुणा, मैत्री और विनय, इन चार गुणों को इसलिए ही रखा गया है कि इनके मूल में अहिंसा की भावना है और करुणा, मैत्री तथा विनय अहिंसा व्रत के पालन में सहायक होते हैं। हिंसा केवल वध करने में ही नहीं होती, वरन् किसी का उचित भाग ले लेने और दूसरे का जी दुखाने में भी। इसलिए हमारे यहाँ 'सत्य ब्रूयात' के साथ 'प्रियं ब्रूयात' का पाठ पढाया गया है। करुणा प्रायः छोटों के प्रति होती है। मैत्री बराबर वालों के प्रति और विनय बड़ों के प्रति, किन्तु हमको सभी के प्रति षिश्टता का व्यवहार करना चाहिये। विनय षील का एक अंग है, जिसको बडा आवष्यक माना गया है। भगवान कृश्ण ने ब्राह्मण के विषेशणों में विद्या के साथ विनय भी लगाया– 'विद्याविनयसंपन्ने ब्राह्मणे । विनय भारतीय संस्कृति की एक विषेशता है । असांस्कृतिक लोग ही उद्धत होते हैं। (5) प्रकृति–प्रेम– भारतवर्श पर प्रकृति की विषेश वरूपा रही है। यहाँ सभी ऋतुएँ अपने समय पर आती हैं और पर्याप्त काल तक ठहरती हैं। ऋतुएँ अपने अनुकूल फल–फूलों का सष्जन करती है। धूप और वर्शा के समान अधिकार के कारण यह भूमि षस्य – ष्यामला हो जाती है। यहाँ का नगाधिराज हिमालय कवियों को सदा से प्रेरणा देता आ रहा है और यहाँ कि नदियाँ मोक्षदायनी समझी जाती रही हैं। यहाँ कृत्रिम धूप और रोषनी की आवष्यकता नहीं पड़ती। भारतीय मनीशी जंगल में रहना पसन्द करते थे। प्रकृति–प्रेम के ही कारण यहाँ के लोग पत्तों में खाना पसन्द करते हैं। वक्षों में पानी देना एक धार्मिक कार्य समझते हैं। सूर्य और

चन्द्र दर्षन दर्षन नित्य और निमित्तिक कार्यों में षुभ माना जाता है। यहाँ के पषु–पक्षी, लता–गुल्म और वक्ष तपोवनों के जीवन का एक अंग बन गये थे, तभी तो षकुन्तला के पतिगरह जाते समय उसके जाने की उन सबों से आज्ञा चाहते हैं

पीछे पीवत नीर जो पहले तुमको व्याया फूल–पात तोरति नहीं गहने हू के चाय।।
जब तुम फूलन के दिवस आवत है सुखदान।
फली अंग समात नहि उत्सव करत महान्
सो यह जाति षकुन्तला आज पिया के गेहा
आज्ञा देहु प्यान की तुम सब सहित सनेह

हमारी संस्कृति इतने में ही संकुचित नहीं है। पारिवारिकता पर हमारी संस्कृति में विषेश बल दिया गया है। भारतीय संस्कृति में षोक की अपेक्षा आनन्द को अधिक महत्व दिया गया है। इसीलिए हमारे यहाँ षोकांत नाटकों का निशेध है। भारत में आतिथ्य को विषेश महत्व प्रदान किया गया है। अतिथि को भी देवता माना गया है– 'अतिथिदेवो भव' ।

हमारी संस्कृति के मूल अंगों पर प्रकाष डाला जा चुका है। भारत में विभिन्न जातियों के पारस्परिक संपर्क में आने से संस्कृति का समन्वय बहुत उत्तम रीति से हो गया था। इस समय मुस्लिम और अंग्रेजी संस्कृतियों का और मेल हुआ है। हम इन संस्कृतियों से अछूते नहीं रह सकते हैं। इन संस्कृतियों में से हम कितना ले और कितना छोड़ें, यह हमारे सामने बड़ी समस्या है। अपनी भारतीय संस्कृति को तिलांजलि दे इनको अपनाना आत्महत्या होगी। भारतीय संस्कृति की समन्वयषीलता यहाँ भी अपेक्षित है, किन्तु समन्वय में अपना न खो बैठना चाहिए। दूसरी संस्कृतियों के जो अंग हमारी संस्कृति में अविरोध रूप से अपनाये जा सके, उनके द्वारा अपनी संस्कृति को सम्पन्न बनाना आपत्तिजनक नहीं। अपनी संस्कृति चाहे अच्छी हो या बुरी, चाहे दूसरों की संस्कृति से मेल खती हो या न खाती हो, उससे लज्जित होने की कोई बात नहीं। दूसरों की संस्कृतियों में सब बातें बुरी ही नहीं हैं। हमारी संस्कृति में धार्मिक कृत्यों में एकान्त–साधना पर अधिक बल दिया गया है, यद्यपि सामूहिक प्रार्थना का अभाव नहीं है। मुसलमानी और अंग्रेजी सभ्यता में सामूहिक प्रार्थना को अधिक आश्रय दिया गया, यद्यपि एकान्त–साधना का वहाँ पर भी अभाव नहीं। हमारे कीर्तन आदि तथा महात्मा गाँधी द्वारा परिचालित प्रार्थना–सभाएँ धर्म में एकत्व की सामाजिक भावना को उत्पन्न करती आई है। हमारे यहाँ सामाजिकता की अपेक्षा पारिवारिकता को महत्व दिया गया है। पारिवारिकता को खोकर सामाजिकता को ग्रहण करना तो मूर्खता होगी, किन्तु पारिवारिकता के साथ–साथ सामाजिकता बढ़ाना श्रेयस्कर होगा। भाशा

और पोषाक में अपनत्व खोना जातीय व्यक्तित्व को तिलांजलि देना होगा। हमें अपनी सम्मिलित परिवार की प्रथा को इतना न बढ़ा देना चाहिए कि व्यक्ति का व्यक्तित्व ही न रह जाये और न व्यक्तित्व को इतना महत्व देना चाहिए कि गुरुजनों का आदभाव भी न रहे और पारिवारिक एकता पर कुठाराघात हो। कपड़े और जूतों की सभ्यता कम–से–कम कपड़ा पहनना और नंगे पैर रहने की सभ्यता में भी समन्वय की आवष्यकता है। अंग्रेजी सभ्यता में जूतों का विषेश महत्व है, किन्तु उसे अपने यहाँ के चौका और पूजागरहों की सीमा पर आक्रमण न करना चाहिए। अंग्रेजी सभ्यता चीनी और काँच के बर्तनों की सभ्यता है। हमारी सभ्यता मिट्टी और पीतल के बर्तनों की है। हमारी सभ्यता स्वस्थ्य विज्ञान के नियमों के अनुकूल है।

यदि हम कुल्हड़ों के कूड़े का अच्छा बदोबस्त कर सकें तो उससे अच्छी कोई चीज नहीं है। आलस्य को वैज्ञानिकता पर विजय न पाना चाहिए। अंग्रेजी संस्कृति से भी सफाई और समय की पाबन्दी की बहुत–सी बातें सीखी जा सकती हैं, किन्तु अपनी संस्कृति के मूल अंगों पर ध्यान रखते हुए समन्वय बुद्धि से काम लेना चाहिए। समन्वय द्वारा ही संस्कृति क्रमाः उन्नति करती रही है और आज भी हमें उसे समन्वयषील बनाना

जीवेम षरदः षतम्

ख्डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी ,

आज आपको 'जीवेम षरदः षतम' अर्थात् हम सौ वर्ष तक जीवत रहें, इस विशय पर अपना विचार सुनाने जा रहा हूँ। आज की इस बातचीत का नाम संस्कृत में दिया गया है। यह इसलिए किया गया है कि हमारे श्रोता कि हमारे श्रोता षुरू में ही समझ लें कि यह प्रार्थना नयी नहीं है, बहुत पुरानी है। नित्य ही धार्मिक हिन्दू अपनी सन्धया पूजा के समय भगवान से प्रार्थना करता है कि वह अदीन होकर सौ वर्ष तक जीता रहे। केवल जीने की प्रार्थना नहीं की गयी है। यदि कर्म करने की षक्ति षिथिल हो गयी हो, विचार–विवेक का सामर्थ्य जाता रहा हो, दूसरों का मोहताज बनकर ही जीवित रहना पड़े तो उस जीवन से क्या लाभ? इसलिए उपनिशद् में स्पश्ट रूप में कहा गया है कि, कर्म करता हुआ ही सौ वर्श तक जीने की इच्छा रखे – कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविशेच्छतं समाः । किसी–किसी टीकाकार ने सौ वर्श का अर्थ कम से कम 125 वर्श किया है, क्योंकि यदि कर्म करते हुए जीवित रहना ही मनुश्य को वांछनीय हो तो उसकी षरीर– यात्रा के लिए कुछ विश्राम का समय अलग से देना चाहिए। यदि प्रतिदिन औसत 6 घण्टे विश्राम के लिए हों तो इस हिसाब से सौ वर्श के कर्ममय जीवन के लिए कम से

कम 25 वर्श विश्राम के अलग से चाहिए। इस प्रकार सौ वर्श के कर्ममय जीवन के लिए कम से कम 125 वर्श की आयु होनी चाहिए।

परन्तु इस प्रकार की व्याख्या मन्त्र के अक्षरार्थ पर बहुत अधिक जोर देने के कारण की गई है। हमें मन्त्र के अन्तर्निहित अर्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए। मध्य युग के अनेक संस्कृत और भाशा कवियों ने अपने जीवन के अधिकांष भाग को नींद में, लड़कपन में, वष्द्धावस्था में और युवावस्था के भोग–विलास में नश्ट होते देख खेद प्रकट किया है। एक सुन्दर उदाहरण विद्यापति के इस भजन में मिलता है.

माधव हम परिनाम निरासा ।

आध जनम हम नींद गमायुन जरा सिसु कत दिन गेला।

निधुवन रहसि युवति परिरंभन तोहे

भजब कौन बेला

प्रपाथव

इस और इसी प्रकार के अन्य भजनों में भगवद्षक्ति को ही मानव जीवन का एकमात्र लक्ष्य माना गया है और उस महान् लक्ष्य से एक क्षण के लिए भी च्युत होने को खेदजनक समझा गया है।

‘लक्ष्य भ्रश्ट जीवन केवल दयनीय ही नहीं होता, वह समाज के लिए हानिकर भी होता है। इसीलिए इस देष के विचारषील लोगों ने केवल सौ वर्श तक जीवन की ही प्रार्थना नहीं की है, उसके साथ यह भी जोड़ दिया है कि उस जीवन के साथ जीवन का लक्ष्य सदा जुड़ा रहे। क्योंकि कर्म करता हुआ ही मनुश्य जीवित रहने की इच्छा करे’ इस वाक्य का अर्थ यह नहीं हो सकता कि जो जी में आये वही कर्म करता हुआ मनुश्य जीवन–यापन करे। यह जीवन मनुश्य के उत्तम लक्ष्यों के अनुकूल होना चाहिए। ऐसा कर्म जो दूसरों के लिए कश्टदायक हो, समाज के यथार्थ मंगल का बाधक और मनुश्यता के प्रतिकूल हो, कवि षास्त्र द्वारा समर्थित नहीं हो सकता। इसलिए कर्म तो ऐसा ही होना जो मनुश्य जीवन के उच्चतर लक्ष्य के अनुकूल हो। साथ ही उसमें दैन्य का भाव नहीं आना चाहिए। दीनता उस मानसिक दुबलता को कहते हैं, जो मनुश्य को दूसरे की दया पर जीने का प्रलोभन देती है। जो मोहताज बनकर किसी की कृपा प्राप्त करने को सुवधाजनक मार्ग समझती है। भारतवर्श के श्रेश्ठ वीर अर्जुन की दो प्रतिज्ञाएं प्रसिद्ध हैं – दैन्य न दिखाना और भागना नहीं। वीरत्व के ये ही दो नाभि केन्द्र हैं अर्जुनस्य प्रतिज्ञेद्वे न दैन्यं न पलायनम्। दैन्य और पलायन मनुश्य के कर्ममय जीवन के विरूद्ध जाते है। वीरत्व पूर्ण मन से, धर्मानुकूल कर्म करते हुए ही मनुश्य को 100 वर्श जीने की इच्छा रखनी चाहिये।

भारतवर्श नित्य ही इस प्रकार प्रार्थना करता आ रहा है। पर उसकी प्रार्थना फलवती नहीं हुयी है। साधारण जनता धर्मानुकूल कर्म करते–करते सौ वर्श जीने अभिलाशा मन में चाहे पोशण करती हो, पर वह न तो दैन्य से मुक्त हो सकी है, न कर्म के प्रति उत्साह ही जिलाए रख सकी है और न सौ या सवा सौ वर्श की औसत आयु ही पा सकी है। कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने अपनी एक कविता में भारतीय किसान को देखकर कहा है–

"यह जो खड़ा है, सिर झुकाए, मुंह बन्द किए – जिसके म्लान मुख पर सौ–सौ षताब्दियों की वेदना की करुण कहानी लिखी हुयी है, कन्धे पर जितना भी बोझ लाद दो, मन्द गति सेत तक ढोए जाता है, जब तक उसमें प्राण बचे रहते हैं– उसे बाद संतान को दे जाता है वह बोझा पीढ़ियों तक यही क्रम चलता है। अदृश्ट को दोश नहीं देता, देवता को स्मरण करता है, परनिन्दा नहीं करता, किसी मनुश्य को भी दोश नहीं देता, मान–अभिमान करना जानता ही नहीं, सिर्फ अन्न के दो दाने, खोट कर किसी प्रकार अपने कश्ट–क्लिश्ट प्राणों को जिला रखता है। वह अन्न भी जब कोई छीनने लगता है, उस थके–थकाए प्राण को भी जब गर्वान्ध निश्ठुर अत्याचार चोट पहुँचाता है, तो नहीं जानता कि न्याय पाने की आषा से किसके द्वार पर जाये, केवल दरिद्रों के भगवान् को उसाँसे भरकर एक बार पुकारता है और चुपचाप मर जाता है। ''

रवीन्द्रनाथ ने कविजनोचित भाशा में इस अत्यन्त दयनीय अवस्था को मर्मभेदक चित्र खींचा वह सत्य है। क्यों ऐसा हुआ? जिस देष के मनीशियों ने सहस्रों वर्श पूर्व से वीरत्व पूर्ण चित्त से कर्म करते हुए सौ वर्श तक जीवित रहने का पुनीत संकल्प घोशित किया, उनके उत्तराधि कारी आज इस हीन अवस्था को कैसे पहुँच गए? इतना महान् संकल्प और उसकी ऐसी मर्म–विदारक अवस्था– इन दोनों का सामंजस्य कहाँ है?

बात यह है कि केवल प्रार्थना या संकल्प के महानू होने से ही काम नहीं बनता, उस संकल्प के पीछे दृढ कर्म षक्ति चाहिए। यदि हम केवल बड़ी इच्छाएं ही मन में पोशते रहें तो उससे कुछ बड़ी सिद्धि नहीं मिल पाएगी संस्कृत के पुराने सुभाशित में कहा गया है कि सोए सिंह के मुंह में मृग स्वयं नहीं घुस जाया करते, इसके लिए उसे हाथ पैर मारना होता है, घात लगाए रहना पड़ता है, जुगत बांध ानी होती है। सिंह की इच्छा भी बड़ी हो सकती है, उसमें पराक्रम की मात्रा भी बहुत हो सकती है, पर हाथ पैर तो उसे हिलाना ही होगा– न हि सुतस्य सिंहस्य प्रवेषन्ति मुखे मृगा केवल संकल्प से काम नहीं चलता। उस संकल्प के अनुसार प्रयत्न भी चाहिए। दाम सबका चुकाना पड़ता है। बड़ी वस्तु का दाम भी बड़ा होता है। और वीरत्व पूर्ण चित्त से कर्म करते हुये सौ वर्श तक अदीन जीवन निःसंदेह

बहुत बड़ी वस्तु है। उसे पाने के लिए उतना ही महान त्याग और तप आवष्यक है। दुनिया में बड़ी–बड़ी बातों की महिमा किससे छिपी है? कौन नहीं जानता कि तप बड़ी चीज है, बहुत बड़ी वस्तु है, ब्रह्मचर्य अच्छी ंजं है। यह भी नहीं कि लोग यह नहीं चाहते हो कि उनमें से गुण आ जायें। सब चाहते हैं कि लोग उन्हें त्यागी, तपी और विवेकी समझें, पर कोई ऐसी बाधा हमाए रास्ता रोक लेती है कि हम कुछ कर ही नहीं पाते। भागवत में प्रहलाद ने भगवान से कहा था कि हे भगवन मौन, व्रत, षास्त्रज्ञान, अध्ययन, धर्माचरण, पाप, तप, समाधि और मुक्ति – तत्व ये सारी बड़ी बातें उन लोगों के लिए केवल बहस की चीज बन जाती है, जिन्होंने अपनी इन्द्रियों को वष में नहीं कर लिया फिर जो लोग दम्भी हैं, उनके लिए तो ये बहस की भी बात नहीं होती– मानव्रत श्रुततपोऽध्ययनस्वधर्म–व्याख्यारहोजमसमाधाय आपवय। प्रायः परं पुरुश ते त्वजिदेन्द्रियाणां वार्ता भवन्त्युत न वात्र तु दम्भिकानाम् e

यही ठीक है। जो अपने समस्त इन्द्रिय–समूह को वष में नहीं कर लेता, उस असंयमी पुरुश या स्त्री से सब बड़े संकल्प उसी प्रकार व्यर्थ होते हैं, जिस प्रकार फूटे बर्तन में पानी सुरक्षित रखने का प्रयास व्यर्थ हो जाता है। इसलिए किसी भी महान् संकल्प के लिए दृढ़ संयम और निश्ठा सबसे पहली षर्त है। सौ वर्श तक जीवित रहने के महान् संकल्प के लिए दृढ़ संयम और निश्ठा सबसे पहली षर्त है। सौ वर्श तक जीवित रहने के महान् संकल्प के लिए भी दृढ़ संयम आवष्यक

• जितेन्द्रियता चरित्रबल की कुंजी है। वस्तुतः आजकल जिसे चरित्रबल कहा जाने लगा है, उसे ही पुराना भारतवासी जितेन्द्रियता कहता था। अपने आदर्शों के प्रति अविचल निश्ठा इसी गुण से आती है। महाभारत में कहा है कि कामवष, भयवष, लोभवष, यहाँ तक कि प्राण के लिए भी धर्म नहीं छोड़ना चाहिए

न जातु कामान्न भयान्न लोभाद्

धर्मं त्यजेज्जीवितस्यापि हेतोः ।

यह अविचल निश्ठा तभी सम्भव है, जब मनुश्य की अपनी इन्द्रियाँ अपने वष में हों। यह गुण अभ्यास से प्राप्त होता है। दुर्भाग्यवष हमारे देष के षिक्षितों में भी इस गुण का अभाव ही बढ़ता जा रहा है। जितना भ्रश्टाचार इस समय देष में फैला हुआ हैय उतना षायद ही कभी रहा हो। प्रहलाद ने जो कहा था कि अजितेन्द्रिय पुरुशों के लिए सब बड़ी–बड़ी बातें केवल बहस की बातें रह जाती हैं, उसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमारा षिक्षित वर्ग है। आप घंटों सत्य और अहिंसा पर, धर्म और संस्कृति पर नित्य व्याख्यान सुन सकते हैं, समाचारपत्रों में साहस और निश्ठा पर लेख पढ़ सकते हैं, पर 'कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या ना सा मतिः।' हमारे देष की सामूहिक समस्या इस समय चरित्रगत कमजोरी है। नीचे से

ऊपर तक लोभ और भय का वीभत्स नृत्य देखकर हृदय काँप उठता है। चरित्रबल न रहे तो आदमी अपने संकल्प का अर्थ भी नहीं समझना चाहता। जो व्यक्ति यह प्रार्थना करेगा कि मैं दैन्यहीन होकर सौ वर्श जीवन व्यतीत करूँ उसमें निःसंदेह स्वाभिमान की मात्रा बहुत अधिक होगी। अब कोई स्वाभिमानी आदमी जो स्वयं दीनता–प्रकाषन को मनुश्य जीवन का अभिषाप समझता हो, दूसरे को दीन बना कैसे सकता है। यदि हम षुभ चित्त से अपनी इसी महती प्रार्थना के मर्मार्थ पर विचार करें तो स्पश्ट हो जाएगा कि जिस ऋशि ने इस महान् संकल्प को नित्य दुहराने की व्यवस्था की थी उसने यह भी सोचा था कि जो लोग ऐसी प्रार्थना करेंगे, वे दूसरे को दीन नहीं बनाएंगे। षोशण और परपीड़न के पाप की ओर उनकी दृश्टि नहीं जाएगी।

पर हुआ उलटा। लोग प्रार्थना भी करते रहे, और षोशण और परपीड़न का चक्कर भी चलता रहा। प्रार्थना अपने रास्ते चलती गई और दुनिया का व्यवहार अपने रास्ते चलता गया। अन्तर बढ़ता गया, बढ़ता गया, बढ़ता गया। और अब यह अवस्था हो गई कि हमारे इस मौखिक संकल्प का कोई मूल्य ही नहीं रहा। हमारे देष की औसत आयु घटते घटते अब बीस वर्श के आसपास रह गई है। विचार करने पर मन क्षोभ से भर जाता है। इतने बड़े संकल्प की

क्या यही गति होनी चाहिए थी? पर क्षोभ चाहे जितना हो, वस्तुस्थिति यही है बड़ी–बड़ी बातों के घोखने से हम अपने दोशों को नहीं ढँक सकते। हमें सचाई अनावष्त सचाई का साहसपूर्वक सामना करना चाहिए। जिस प्रकार भी हो हमें अपने नैतिक धरातल को ऊपर उठाना ही पड़ेगा। भारतवर्श को अगर सम्मानपूर्वक जीवित रहना है तो उसे अपने काले धब्बे को धो देना पड़ेगा। गाल के जोर ने दीवाल नहीं ढहती, निहुरे–निहुरे ऊँट नहीं चुराया जाता ! चारों ओर भीतर और बाहर के षत्रु हमारी और आँख लगाए हुए हैं, दूसरे निष्चिन्त होना चाहें तो हो लें, हम निष्चिन्त नहीं सो कते–

"जा का घर है मैल में सो कत सोय निष्चिन्ता"

यहाँ मैं अपनी बात जरा और भी स्पश्ट रूप में ही आपके सामने रखना चाहता हूँ। मैं जितनी दूर तक अपने देष का इतिहास समझ सका हूँ, मुझे ऐसा लगा है कि अनेक बड़े–बड़े आध्यात्मिक साधक, सम्प्रदाय और धार्मिक आन्दोलन महान् आदर्षों को लेकर चले है, पर देर तक वे षुद्ध अनाविल रूप में नहीं रह सके हैं। घर जोड़ने की माया ने सबको अभिभूत कर लिया है। जिन लोगों ने षोशण और परपीड़न का विरोध किया था, उन्हीं के नाम पर स्थापित यद्दियों की ओर से षोशण का कारोबार तेजी से चल पड़ा है। व्यक्तियों की बातें मैं नहीं कहता। हमारे देष में ऐसे–ऐसे दृढ़ निष्चयी और त्यागी वीर हुए हैं कि जिनके नाम लेने से भी

हृदय और मन पवित्र हो जाता है। वे कामक्रोधादि से विचलित नहीं हुए हैं, यह सत्य है, पर जब उनका संदेष समूह का सेवनीय बना है, तभी जड़ भार संग्रह करने की प्रवृत्ति बढ़ती गई है, माया जोड़ने का नषा उन्हें अभिभूत कर गया है। और देष क्रमाः चरित्र बल से हीन होता गया है।

इस यन्त्र युग में समूह की षक्ति बढ़ी है। हमें कोई ऐसी व्यवस्था सोचनी पडेगी कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जरूरत भर अन्न, वस्त्र और षिक्षा मिल जाय और उसे जितने की जरूरत है, उससे अधिक संग्रह करने का अवसर ही नहीं मिले। जब सामूहिक रूप से ऐसी कोई. व्यवस्था हो जाएगी, तभी ये छोटी चीजें बड़ी–बड़ी बातों से मनुश्य का ध्यान हटाकर अपनी ओर खींच नहीं सकेंगी। हमें उन बातों को समाज में ठहरने ही नहीं देना चाहिए, जो औसत व्यक्ति की चरित्र षक्ति को हीन और दुर्बल बनाता है। अब हमारी साधना केवल व्यक्तिगत उपदेष तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, हमें सामूहिक रूप से ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि मनुश्य को लोभ–मोह की ओर खींचने वाली षक्तियाँ क्षीण–बल हो जाएँ। कहने का मतलब यह है कि इन दिनों केवल व्यक्ति को लोभ–मोह से विरत होने का उपदेष ही काफी नहीं है, लोभ–मोह को प्रश्रय देने वाली षक्तियों को ही निःषक्त कर देने की आवष्यकता है। आज जब हम सामूहिक षिक्षा, सामूहिक सुरक्षा आदि की ओर अग्रसर होने को बाध्य हो गये हैं, तो हमें सामूहिक रूप से जनता के चरित्रबल को सुरक्षित करने की व्यवस्था भी प्रयत्नपूर्वक करनी होगी। जब हमारी सम्पूर्ण जनता साहसपूर्वक धर्मानुकूल कर्म करती हुई सौ वर्श का जीवन पाने की इच्छा करेगी और उसके चरित्रबल को दुर्बल बनाने वाली सामाजिक षक्तियाँ क्षीण हो जाएँगी, तब हमारा नैतिक धरातल ऊँचा होगा। तभी समग्र देष का मंगल होगा और हमारे देषवासी केवल कर्ममय जीवन ही नहीं यापन करेंगे, वे सारे जगत् को इस प्रकार के जीवन की ओर उद्बुद्ध करेंगे। तभी वैदिक ऋशि की सिखाई हुई यह प्रार्थना फलवती होगी पष्येम षरदः षतं जीवेम षरदः षतम् षृणुयाम षरदः षतं प्रजा षरदः ज्तममजमतः

स्याम षरदः षतं पुच षरदः षतात

लेखक और जनता

ख डॉ० रामविलास षर्मा ,

कुछ दिन पहले जैसे हिन्दुस्तान के विद्यार्थियों में यह एक बहस की बात थी कि राजनीति में हिस्सा लें या न लें वैसे ही अभी तक कुछ हिन्दी लेखकों में इस बात की चर्चा चलती रहती है कि जनता से भी उनका सम्बन्ध होना चाहिए या नहीं। जनता से सम्बन्ध होने का बहुत सीध अर्थ वह यह लगाते हैं कि साहित्य पर राजनीति का प्रभाव पडने लगेगा। लेखक और जनता का सम्बन्ध राजनीति का

ही नहीं है परन्तु उस सम्बन्ध में राजनीति का बहुत बड़ा अंष इससे इनकार नहीं किया जा सकता। इसीलिए प्रगतिषील साहित्य पर अक्सर यह अभियोग लगाया जाता है कि उसने साहित्य को राजनीति की पोथी बना दिया है।

एक पराधीन देष की जनता अपने जीवन की हर घड़ी और क्षण में अपनी राजनीतिक स्वाध धीनता के अभाव को महसूस करती है। राजनीति का प्रष्न उसके जीवन की तमाम समस्याओं में घुल–मिल जाता है। साम्राज्यवाद एक आर्थिक और राजनीतिक षक्ति है। देष में अपने पैर जमाये रखने के लिए उसने फौज, पुलिस, कचहरी, षिक्षालय, जमींदार, मुनाफाखोर आदि–आदि वर्गों और संस्थाओं द्वारा तमाम समाज को जकड़ रक्खा था। समाज की काया साँस लेते ही इस लोहे के साँचे की सख्ती का अनुभव करती है। पग–पग पर इसकी कठोरता का परिचय मिलता रहता है। उस मनुश्य को हृदयहीन समझना चाहिये जो इस पराधीनता को अनुभव न कर सके। कवि या साहित्यकार समाज का सबसे भावुक, विचारषील और सहदय प्राणी होता है। दूसरे लोग पराधीनता के ताप को सहते–सहते भले ही उसके आदी हो जाएँ लेकिन कवि का सुकोमल हृदय तो उसके सम्पर्क से झुलस जाता है। वह अपने साहित्य में इस प्रतिक्रिया को व्यक्त किये बिना कैसे रह सकता है? लेखक और जनता या लेखक और राजनीति की समस्या स्पश्ट रूप से यही है।

जीवन की पूर्णता को चाहने वाला, अपने साहित्य को समाज का दर्पण बनाने वाला कवि और कलाकार समाज की सबसे कठोर वास्तविकता, राजनीतिक पराध ीनता, के प्रति उदासीन नहीं रह सकता। लोग मानते हैं कि साहित्य समाज का प्रतिबिम्ब है, लेकिन कुछ सज्जन इस प्रतिबिम्ब में अपनी रसिक आकृति के सिवा और कुछ नहीं देखना चाहते। साधारण जनता की नयी राजनीतिक चेतना का प्रतिबिम्ब जहाँ साहित्य में दिखायी दिया कि उन्होंने कहना षुरू किया कि दर्पण ही फूट गया। यह सही है कि रसिक जनों की आकृति जितनी सुन्दर होती है, उतनी मिल में काम करने वाले मजदूरों या हल जोतने वाले खेतिहर किसानों की नहींय लेकिन यदि रसिकगण दर्पण में अपना ही प्रतिबिम्ब देखना चाहते हैं तो उन्हें साहित्य की परिभाशा बदल देनी चाहिये। तब कहना चाहिये कि साहित्य वह दर्पण है जिसमें समाज के उन विषेश लोगों की ही षक्ल दिखाई देती है जो दुपल्ली टोपी लगाये, पान खाये सुरमा रचाये इस दुनिया से दूर नायिका–भेद के संसार में विचरण करते है। इन साहित्य–मर्मज्ञों के हृदय इतने "सहृदय" हो गये हैं कि जिस बात से चालीस करोड़ जनता के हृदय को ठेस लगती है, वह उनके मर्म को छू भी नहीं पाती। इनका कुसुम–कोमल हृदय नकली गर्मी से उगने वाले

पौधों की तरह एक कृत्रिम साहित्य की उत्तेजना पाकर ही विकसित होता है। ये लोग कहें तो ठीक ही होगा कि लेखकों को जनता से दूर रहना चाहिये। दिन–प्रतिदिन संसार के इन विचित्र प्राणियों की संख्या कम होती जा रही है। लेखकों में बहुतायत उन लोगों की है जो अपने को समाज की गतिविधि से बंध हुआ पाते हैं।

इकाई– 8 गुलाबराय, शिरीष के फूल (ललित निबन्ध)

समाज की हर धड़कन का असर उनकी लेखनी पर पड़ता है।यह असर एक यांत्रिक रूप से नहीं पडता, ऐसा नहीं होता कि समाज के रथ मेंलेखक पीछे बंध ाा हुआ हो और उसके पीछे–पीछे लीक पर घिसटता हुआ चलताहो। लेखक सारथी होता है जो लीक देखता हुआ साहित्य की बागडोर संभालेहुए उसे उचित मार्ग पर ले चलता है। प्रतिकूल भूमि पर भी वह नयी लीक बनाताहै। यह सिद्ध करता है कि "महाजनों येन गतः सः पंथा–'' लेकिन इसे सिद्ध करनेके लिए वह रथ छोड़कर नहीं भाग जाता। उच्छष्खल कलाकारों की तरह यहसारथी समाज से दूर खड़े होकर रथ से अपने पीछे आने का संकेत नहीं करता।

'वज्रादपि कठोराणि मष्दुनि कुसुमादपि यह उक्ति साहित्यकार पर भी लागू होती है। राजनीतिक पराधीनता के ताप से उसका कुसुम कोमल ह्रदय झुलसता है और समाज के आकाष में वज्र–गर्जन करने वाले बादल लाने की क्षमता भी उसमें होती है। वह लेखक पलायनवादी और निराष होता है जो इस आंच से सहम कर कल्पना के नंदन बन में भाग जाता है यह निराषा के बियाबान में आठ–आठ आंसू बहाता रह जाता है। सामाजिक परिस्थितियाँ उसे जांचती है। कि ह्रदय कुसुम के समान कोमल होने के साथ–साथ वज्र की तरह कठोर भी है या नहीं। इस परीक्षा में सफल होना लेखक के जीवन–मरण का प्रष्न है। उसका साहित्य अमर होता है या क्षणिक, यह उसके नैतिक बल पर भी निर्भर है। जिसका मनोबल क्षीण हो गया है, जो जीवन–संग्राम को पीठ दिखाता है, जिसके कंठ से षत्रु के लिए ललकार फूटने के बदले अर्त्तनाद सुनायी देता है, वह अमर पद का दावेदार कैसे हो सकता है? अपने सामाजिक उत्तरदायित्व से बचना वास्तव में एक प्रकार की कायरता है। लेखक इस उत्तरदायित्व को निबाहता है या नहीं, यह साहित्यिक प्रष्न ही नहीं लेखक के लिए उसकी नैतिकता का प्रष्न भी है। फरहाद ने कोह काटकर नहर निकाली थी। साहित्य की अमर सरिता भी आर्थिक और राजनीतिक उत्पीड़न के महापर्वत को काटकर प्रवाहित की जाती है। अपनी कुदाल फेंककर इस पर्वत की एक चट्टान के नीचे बैठा हुआ साहित्यकार कल्पना की आकाष गंगा से धरती के ह्रदय को सरस नहीं बना सकता।

संघर्श करना पड़ा है। जितना ज्यादा साधारण जनता परधीनता–पाष में बंधी रही है, उतने ही ज्यादा बंधन लेखक पर भी लगे रहे. हैं। जैसे–जैसे सामाजिक विकास क्रम में संगठित होती हुयी जनता आर्थिक और राजनीतिक स्वाधीनता की ओर अग्रसर होती गयी है, वैसे–वैसे कवि को भी साहित्य रचने की स्वाधीनता पहले से अधिक मिलती गयी है। इसीलिए अपनी स्वाधीनता का हामी लेखक, समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भी पहचानता है, क्योंकि वह जानता है कि समाज के संघर्श से ही उसे यह स्वाधीनता मिली है और वह साधारण जनता की स्वधीनता का एक अंग है

एक युग वह भी था जब सारथी बनने के बदले अनिवार्य रूप से लेखक रथ के पीछे बांध दिया जाता था। सामन्ती बंधनों में जकड़ा हुआ कवि अपने आश्रयदाता का गुणगान करता था। उसके लिखने के अधिकार को एक छोटे से सामन्ती वष्च में सीमित कर दिया जाता था। उसी के भीतर रहकर वह उपमा, रूपक और अनुप्रासों की छटा दिखाता था। घोड़ों और व्यजनों के नाम गिनाने में वह अपनी कल्पना का प्रसार देखता था। षूरता और सौन्दर्य के अतिरंजित वर्णन में वह यथार्थ की भूमि से उड़ता हुआ आकाष से जा लगता था। वरत की सीमाओं को तोड़ा हमारे संत कवियों ने वे सुन्दर पाग कर जागीरदारों के दरबारों में नहीं बैठे। उन्होंने साहित्यकार की सीमाओं को देखा, लेकिन उन्हें स्वीकार नहीं किया। वे समाज छोडकर निर्जन वन में कुटी बनाकर योग साधनें पर भी नहीं तुल गये। 'ऊधो, जोग जोग हम नाहीं'– सूरदास ने गोपियों के मुँह से मानों अपनी ही बात कही थी। संसार छोडकर योग साधने वालों पर इन कवियों नें व्यंग्य और कटाक्षों की झड़ी लगायी है। चाहे निर्गुनिये संत हों, चाहे सगुणवादी उपासक हों, ये लोग समाज में रहकर और समाज में भी सबसे निम्न वर्गों में घुल–मिलकर उन्हें प्रेम और एकता की बानी सुनातें रहे थे।

संत कवि पलायन वादी नहीं थे। मध्यकालीन साहित्य के वे एकमात्र क्रान्तिकारी कवि थे। सामन्ती जड़ता, जातीय विद्वेश और साम्प्रदायिक वरणा के विपरीत उन्होंनें मानवता की भावना को उभारा। जो मनुश्यता गिर रही थी, उसे उन्होंने ऊपर उठाया। उनके साहित्य को पढ़कर निराषा, पराजय और दीनता के भाव नहीं उत्पन्न होते, बल्कि आत्मविष्वास और आत्मसम्मान की भावना ही पुश्ट होती है। निस्संदेह उनके साहित्य में भी असंगतियाँ थी। अन्धविष्वास और निराषा की झलक उनके गीतों में मिलती है, परन्तु यह उनके गीत का मूल स्वर नहीं है। इस स्वर से उनके राग–विषेश का रूप स्थिर नहीं होता। कुल मिलाकर हम उन्हें जनता का कवि कह सकते हैं और इसका बड़ा प्रमाण यह है कि जनता के कंठ में अब भी उनकी वाणी गूंज रही है। जो लोग अपने को बहुत आधानिक और

विचारषील मानते हैं, जो समझते हैं कि पुराने अन्धविष्वासों से उनकी चेतना एकदम मुक्त हो गई है, वे इस बात पर भी विचार करें कि उनकी वाणी संत कवियों की बानी की तरह जनता के कण्ठ में क्यों नहीं उतर पाई। साहित्य को जनता तक पहुँचाने के साधन पहले से कहीं ज्यादा हमारे पास हैंय फिर भी हम उनसे पूरा लाभ नहीं उठा पाते तो इसका एक ही कारण है कि हम साहित्य के उद्देष्य को ही नहीं समझते। जन–साधारण को उन्नत करने, उसके जीवन को विकसित करने के बदले हम साहित्य को अपने क्षुद्र व्यक्तित्व के घेरे में ही बांध ाकर रखना चाहते हैं। लेखक का व्यक्तित्व समाज के संघर्श में ही विकसित होकर पुश्ट होता है। इस तरह का व्यक्तित्व समाज के लिए साहित्य रचने से मुँह नहीं चुराता ।अन्तर्द्वन्द्रों की बात करके इस उत्तरदायित्व से वही लेखक बचने की कोषिष करते हैं जो संघर्श की आँच लगते ही 'लाज से छुई–मुई–सी म्लान' हो जाते हैं।

भारतेन्दु काल में साहित्य के नये पाठक उत्पन्न हुए। साहित्य का संरक्षण दरबारों में सीमित न रहा। पुस्तकें छपने और बिकने लगीय षिक्षित मध्यवर्ग के लोग उनके पाठक बनकर साहित्य के नये संरक्षक बने। हमारे साहित्य में एक नया युग आरम्भ हुआ। प्रेस ऐक्ट और साम्राज्यवादी दमन के बावजूद एक नयी स्वाधीनता पाने वाले लेखकों ने उससे लाभ उठाकर साहित्य को दरबारी दुनिया से बाहर निकाला, रीतिकाल की परम्परा से युद्ध किया, जनता में देषभक्ति और स्वाधीनता की भावना जगाई। तब से वह क्रम चला आ रहा है। सम्राज्यवादी षोशण पहले से और गहन हो गया। इसलिए लेखकों के लिए भी यह स्वाभाविक था कि वे और सचेत होकर उसका मुकाबला करें। साम्राज्यवादी युद्ध षुरू होने पर हिन्दुस्तान के लेखक भी जेल
गये, नजरबन्द रहे और अपने जीवन में उन्होंने इस बर्बर दमन के विरोध का परिचय पाया ।कोई नहीं कह सकता कि इससे उनका साहित्य निर्बल हो गया और वे साहित्य देवता के सिंहासन से नीचे गिर पड़े।

पन्द्रह अगस्त के बाद देष में एक परिवर्तन हुआ है। साम्राज्यवाद का वह पुराना रूप बदल गया है। हम अब अपने देष को अपना कह सकते हैं और उसके नव–निर्माण का भार खुद अपने कंधों पर उठा सकते हैं। लेकिन इसके साथ ही अपने आर्थिक और सैनिक प्रभुत्व
को कायम रखने के लिए साम्राज्यवाद ने यहाँ की प्रतिक्रियावादी षक्तियों को इस तरह सुरक्षित छोड़ दिया है कि वे आये दिन निर्माण कार्य को असम्भव बना रही हैं। निर्माण तो दूर, उन्होंने देष में विध्वस कार्य किया है कि अब निर्माण के लिए सँभलते–सँभलते न जाने कितने वर्श लग जायेंगे। यही नहीं, उत्तरी भारत में जो

सर्वनाष की जवाला धधक रही है, उसकी लपटें सारे हिन्दुस्तान में फैलाने का आयोजन किया जा रहा है। ब्रिटेन और अमरीका के प्रतिक्रियावादी बड़ी सजग दृ श्टि से इस जनसहार को देख रहे हैं। यह अराजकता उनके प्रभुत्व को बनाये राने के लिए एकमात्र आषा है। देषी रियासतों के बचे–खुचे सामंत और मिलों और कारखानों के मुनाफाखोर मालिक परस्पर गठबंधन करके जनता के खिलाफ एक फासिस्ट मोर्चा बना रहे हैं। वे पानी की तरह पैसा बहाकर हजारों की रैली करते हैं और उसमें हिन्दू धर्म या इस्लाम के रक्षक बनकर प्रकट होते हैं। लेखक की स्वाधीनता के सबसे बड़े षत्रु यही हैं। प्रकाष की व्यवस्था पर अपना पंजा जमाकर उन्होंने लेखक को अपना क्रीतदास बनाने का जाड्यंत्र रचा है। वे चाहते हैं कि लेखक या तो उनके जनहत्या और स्वाधीनता–विरोधी कार्य में सहयोग दे या फिर वह मौन रहकर नश्ट हो जाये। हिन्दी लेखकों पर यह उत्तरदायित्व है किबे अपनी स्वाधीनता के लिए लड़ते हुए इस सामंती और पूँजीवादी गठबंधन को तोड़े। पन्द्रह अगस्त के बाद देष की प्रगतिषील ताकतों को जहाँ आगे बढ़ने का मौका मिला है, वहाँ प्रतिक्रियावादी दल भी अपना अंत निकट आता देखकर बौखला उठा है। वह एड़ी–चोटी का जोर लगा रहा है कि सर्वनाष की लपटें सारे हिन्दुस्तान में फैल जायें। अपने हिलते हुए सिंहासन को सँभालने का उसे एक ही उपाय दिखाई देता है इस हत्या और लूट के साथ देषी रियासतों में प्रजा के आन्दोलन को कुचला जा रहा है। इसके बाद ब्रिटिष भारत में घूसखोर अफसर मुनाफाखोर मिल मालिक इस बात की कोषिष में लगे हैं कि जनता की ताक खत्म करके अपना प्रतिक्रियावादी षासन कायम कर लें। आज प्रष्न यह है कि जनता स्वाधीनता की तरफ बढ़े या अंग्रेजों और उनके पिट्ठू सामंतों, पूँजीवादियों की गुलामी स्वीकार करे। हमारे देष में जिन्दगी और मौत की लड़ाई छिड़ी हुई है। सबसे पहले हमें जन–हत्या की लपटों को बुझाना है, उसके बाद अंग्रेजों द्वारा छिन्न–भिन्न की हुई अपनी आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था पर ध्यान देना है। इस संघर्श में लेखकों का क्या स्थान होगा? क्या वे इससे तटस्थ रहेंगे? क्या वे प्रतिक्रियावादी षक्तियों का साथ देंगे? दोनो ही तरह से जनता का भविश्य अन्धकारमय होगा और उसके साथ हमारा साहित्य और संस्कृति भी रसातल चले जाएंगे। हमें एक स्वाधीन देष का लेखक बनना है। हम एक ऐसे देष के लेखक हैं जो सदियों की गुलामी के बाद फिर से आजादी की साँस लेना चाहता है। इस सॉस को बन्द करने के लिए बड़े–बड़े सामन्त और पूंजीपति अपनी उँगलियों से उसके गले को दबा रहे हैं। प्रत्येक स्वाधीन देष के लेखकों ने ऐसी दषा में इन प्रतिक्रियावादी षक्तियों का विरोध किया है। अपनी जान की बाजी लगाकर उन्होंने अपनी जनता और साहित्य के जीवन की रक्षा की है। हिन्दुस्तान के लेखक भी ऐसा ही करेंगे, इस बात की आषा की जा सकती है।

हत्या और लूट। सबसे पहले लेखक और जनता इस समस्या का वास्तविक रूप यही है कि तुम आजादी के साथ हो या गुलामी के साथ, जिन्दगी के साथ या मौत के साथ, उज्जवल भविश्य के साथ या अन्धकारमय सामन्ती युग के साधा घायल बसन्त ख हरिषंकर परसाई ,

कल बसन्तोत्सव था। कवि बसन्त के आगमन की सूचना पा रहा था—'प्रिय, फिर आया मादक बसन्त।

मैंने सोचा, जिसे बसन्त के आने का बोध भी अपनी तरफ से कराना पड़े, उस प्रिय से तो षत्रु अच्छा। ऐसे नासमझ को प्रकृति—विज्ञान पढ़ायेंगे या उससे प्यार करेंगे। मगर कवि को न जाने क्यों ऐसा बेवकूफ पसन्द आता है।

कवि मग्न होकर गा रहा था—

'प्रिय, फिर आया मादक बसन्त।'

पहली पंक्ति सुनते ही मैं समझ गया कि इस कविता का अन्त 'हा हन्त' से होगा, और हुआ । अन्त, सन्त, दिगन्त आदि के बाद सिवा 'हा हन्त' के कौन पद पूरा करता? तुक की यही मजबूरी है। लीक के छोर पर यही गहरा गढ़ा होता है। तुक की गुलामी करोगे तो आरम्भ चाहें 'बसन्त' से कर लो, अन्त जरूर 'हा हन्त' से होगा। सिर्फ कवि ऐसा नहीं करता। और भी लोग, सयाने लोग भी इस चक्कर में होते हैं। व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में तुक पर तुक बिठाते चलते हैं, और 'बसन्त' से षुरू करके 'हा हन्त' पर पहुँचते हैं। तुके बराबर फिट बैठती हैं, पर जीवन का आवेग निकल भागता है। तुकें हमारा पीछा छोड़ ही नहीं रही हैं। हाल ही में हमारी समाजवादी सरकार के अर्थमन्त्री ने दबा सोना निकालने की जो अपील की, उसकी तुक षुद्ध सर्वोदय से मिलायी— 'सोना दबाने वालो, देष के लिये स्वेच्छा से सोना दे दो।' तुक उत्तम प्रकार की थी साँप तक का दिल नहीं दुखा । पर सोना चार हाथ और नीचे चला गया। आखिर कब हम तुक को तिलांजलि देंगे? कब बेतु का चलने की हिम्मत करेंगे?

कवि ने कविता समाप्त कर दी थी। उसका 'हा हन्त' आ गया था। मैनें कहा, 'ध त्तेरे की!' 7 तुकों में ही दें बोल गया। राश्ट्रकवि इस पर कम—से—कम 51 तुकें बाँधते। 9 तुकें तो उन्होंने 'चक्र' पर बाँधी हैं। (देखो 'यषोधरा' पश्ठ 13) पर तू मुझे क्या बताएगा कि बसन्त आ गया। मुझे तो सुबह से ही मालूम है। सबेरे बसन्त ने मेरा दरवाजा भी खटखटाया था। मैं रजाई ओढे सो रहा था। मैंने पूछा — ''कौन ?'' जवाब आया— ''मैं बसन्त" मैं घबड़ा उठा। जिस दुकान से सामान उध ाार लेता हूँ, उसके नौकर का नाम भी बसन्तलाल है। वह उधारी वसूल करने आया था। कैसा नाम है, और कैसा काम करना पड़ता है इसे! इसका नाम पतझड़दास या तुशारपात होना था। बसन्त अगर उधारी वसूल करता फिरता है,

तो किसी दिन आनन्दकर थानेदार मुझे गिरफ्तार करके ले जायेगा और अमष्तलाल जल्लाद फॉसी पर टांग देगा!

बसन्तलाल ने मेरा मुहूर्त बिगाड़ दिया। इधर से कहीं ऋतुराज बसन्त निकलता होगा, तो वह सोचेगा कि ऐसे के पास क्या जाना जिसके दरवाजे पर सबेरे से उध ाारी वाले खड़े रहते हैं! इस बसन्तलाल ने मेरा मौसम हर खराब कर दिया। मैंने उसे टाला और फिर ओढ़का सो गया। आँखें झप गयीं। मुझे लगा, दरवाजे पर फिर दस्तक हुई। मैंने पूछा– ''कौन ?'' जवाब आया– ''मैं बसन्त ! मैं खीझ उठा– '' कह तो दिया फिर आना।'' उधर से जवाब आया– ''मैं बार–बार कब तक आता रहूँगा? मैं किसी बनिये का नौकर नहीं हूँ, ऋतुराज बसन्त हूँ। आज तुम्हारे द्वार पर फिर आया हूँ और तुम फिर सोते मिले हो। अलाल, अभागे, उठकर बाहर तो देख। ठूंठों नें भी नव पल्लव पहिन रखे हैं। तुम्हारे सामने की प्रौढ़ा नीम तक नवोढ़ा से हाव–भाव कर रही है– और बहुत भद्दी लग रही है। मैने मुँह उघाड़कर कहा, ''भई, माफ करना, मैने तुम्हें पहचाना नहीं। अपनी यही विडम्बना है कि ऋतुराज बसन्त भी आये, तो लगता है, उधारी के तगादेवाला आया। उमंगे तो मेरे मन में भी हैं, पर यार, ठण्ड बहुत लगती है।'' वह जानें के लिये मुडा । मैने कहा, ''जाते–जाते एक छोटा सा काम करते जाना। सुना है तुम उबड़–खाबड़ चेहरों को चिकना कर देते हो, 'फेसलिफ्टिंग' के अच्छे कारीगर हो तुम। तो जरा यार, मेरी सीढ़ी ठीक करते जाना, उखड़ गई है।''

उसे बुरा लगा। बुरा लगने की बात है। जो सुन्दरियों के चेहरे सुधारने का कारीगर है, उससे मैने सीढी सुधारने के लिये कहा। वह चला गया।

मैं उठा और षाल लपेटकर बाहर बरामदे में आया। हजारों सालों के संचित संस्कार मेरे मन पर लदे हैं, टिनों कवि कल्पनाएँ जमी है। सोचा, बसन्त है तो कोयल होगी ही। पर न कहीं कोयल दिखी न उसकी कूक सुनायी दी। सामने की हवेली के कंगूरे पर बैठा कौआ 'कॉव–कॉंव' कर उठा। काला, कुरूप, कुर्कष, कौआ मेरी सौन्दर्य – भावना को ठेस लगी। मैंने उसे भगाने के लिये कंकड़ उठाया। तभी खयाल आया कि एक परम्परा ने कौए को भी प्रतिश्ठा दे दी है। यह विरहणी को प्रियतम के आगमन का सन्देषा देने वाला माना जाता है। सोचा, कहीं यह आसपास की किसी विरहणी को प्रिय के आने का सगुन न बता रहा हो। मैं विरहणियों के रास्ते में कभी नहीं आता, पतिव्रताओं से तो बहुत डरता हूँ। मैनें कंकड़ डाल दिया। कौआ फिर बोला। नायिका ने सोने से उसकी चोंच मढ़ने का वायदा कर दिया होगा। षाम की गाड़ी से अगर नायक दौरे से वापिस आ गया, तो कल नायिका बाजार से आने वाले सामान की जो सूची उसके हाथ में देगी, उसमें दो तोला सोना भी लिखा होगा। नायक पूछेगा, ''प्रिये, सोना तो अब

काला बाजार में मिलता है। लेकिन अब तुम सोने का करोगी क्या?'' नायिका लजाकर कहेगी, ''उस कौए की चोंच मढ़ाना है, जो कल सबेरे तुम्हारे आने का सगुन बता गया था।'' तब नायक कहेगा, ''प्रिय, तुम बहुत भोली हो। मेरे दौरे का कार्यक्रम यह कौआ थोडे ही बनाता है, वह कौआ बनाता है जिसे हम 'बड़ा साहब' कहते हैं। इस कलूटे की चोंच सोने में क्यों मढाती हो ? हमारी दुर्दषा का यही तो कारण है कि तमाम कौए सोने की चोंच मढ़ाये है, और इधर हमारे पास हथियार खरीदने को सोना नहीं है। हमें तो कौओं की चोंच से सोना खरोंच लेना है। जो आनाकानी करेंगे, उनकी चोंच काटकर सोना निकाल लेंगे। प्रिये, वह बड़ी गलत परम्परा है, जिसमें हंस और मोर की चोंच तो नंगी रहे, पर कौए की चोंच पर सुन्दरी खुद सोना मढ़े : '' नायिका चुप हो जाएगी। स्वर्ण–नियंत्रण कानून से सबसे ज्यादा नुकसान कौओं और विरहणियों का हुआ है। अगर कौए ने 14 कैरेट के सोने से चोंच मढ़ाना स्वीकार नहीं किया, तो विरहणी को प्रिय के आगमन की सूचना कौन देगा ? कौआ फिर बोला। मैं इससे युगों से घरणा करता हूँ, तब से जब इसने सीता के पांव में चोंच मारी थी। राम ने अपने हाथ से फूल चुनकर, उनके आभूशण बनाकर सौता को पहनाये। इसी समय इन्द्र का बिगडैल बेटा जयन्त आवारागर्दी करता वहाँ आया और कौआ बनकर सीता के पैर में चोंच मारने लगा। ये बड़े आदमी के बिगड़ैल लड़के हमेषा दूसरों का प्रेम बिगाड़ते हैं। यह कौआ भी मुझसे नाराज हैं, क्योंकि मैंने अपने घर के झरोखों में गौरैयों को घोंसले बना लेने दिये हैं।

पर इस मौसम में कोयल कहाँ है ? वह अमराई में होगी। कोयल से अमराई छूटती नहीं है, इसलिए इस बसन्त में कौए की बन आई है। वह तो मौकापरस्त है, घुसने के लिए पोल ढूंढता है। कोमल ने उसे जगह दे दी है। वह अमराई की छाया में आराम से बैठी है। और इधा हर ऊँचाई पर कौआ बैठा 'कांव–कांव' कर रहा है। मुझे कोयल के पक्ष में उदास पुरातन प्रेमियों की आह भी सुनाई देती है, 'हाय, अब ये अमराईयाँ यहाँ कहाँ हैं कि कोयलें बोलें। यहाँ तो से षहर बस गये हैं, और कारखानें बन गये हैं'' मैं कहता हूँ कि सर्वत्र अमराईयाँ नहीं हैं, तो ठीक ही नहीं है। आखिर हम कब तक जंगली बने रहते ? मगर अमराई और कुंज और बगीचे भी हमें प्यारे हैं। हम कारखाने को अमराई से घेर देंगे और हर मुहल्ले में बगीचा लगा देंगे। अभी थोड़ी देर है । पर कोयल को धीरज के साथ हमारा साथ तो देना था। कुछ दिन धूप तो हमारे साथ सहना था। जिसनें धूप में साथ नहीं दिया, वह छाया कैसे बॉटायेगी ? जब हम अमराई बना लेंगे, तब क्या वह उसमें रह सकेगी ? नहीं, तब तक तो कौए अमराई पर कब्जा कर लेंगे। कोयल को अभी

आना चाहिए। अभी जब हम मिट्टी खोदें, पानी सींचें और खाद दें, तभी से उसे गाना चाहिए।

कौआ फिर बोला । विरहणी की भावना का खयाल करके मैं सह रहा हूँ।

मैं बाहर निकल पड़ता हूँ। चौराहे पर पहली बसन्ती साड़ी दिखी। मैं उसे जानता हूँ। यौवन की एड़ी दिख रही है– वह जा रहा है–वह जा रहा है। अभी कुछ महीने पहले ही षादी हुई है। मैं तो कहता आ रहा था कि चाहे कभी ले, 'रूखी री यह डाल वसन बासन्ती लेगी' (निराला)। उसने वसन बासन्ती ले लिया। कुछ हजार में उसे यह बूढ़ा हो रहा पति मिल गया। वह भी उसके साथ है। बसन्त का अन्तिम चरण और पतझड़ साथ जा रहे हैं। उसने माँग में बहुत–सा सिन्दूर चुपड़ रखा है। जिसकी जितनी मुष्किल से षादी होती है, वह बेचारी उतनी ही बड़ी मांग भरती है। उसने बड़े अभिमान से मेरी तरफ देखा। फिर पति को देखा। उसकी नजर में उसक और ताना है, जैसे अंगूठा दिखा रही है कि ले, मुझे तो यह मिल ही गया। मगर यह क्या ? वह ठण्ड से कांप रही है और 'सी–सी' कर रही है। बसन्त में बासन्ती साड़ी को कँपकँपी छूट रही है।

यह कैसा बसन्त है जो षीत के डर से कॉप रहा है ? क्या कहा था विद्यापति ने– 'सरस बसन्त

• समय भल पाओलि दछिन पवन बहु धीरे!' नहीं मेरे कवि, दक्षिण में मलय पवन नहीं बह रहा। यह उत्तर से बर्फीली हवा आ रही है। हिमालय के उस पार से आकर इस बर्फीली हवा ने हमारे बसन्त का गला दबा दिया है। हिमालय के पार बहुत–सा बर्फ बनाया जा रहा है जिसमें सारी मनुश्य जाति को मछली की तरह जमाकर रखा जायेगा। यह बड़ी भरी साजिष है –बर्फ की साजिष! इसी बर्फ की हवा ने हमारे आते बसन्त को दबा रखा है।

यों हमें विष्वास है कि बसन्त आयेगा । षेली ने कहा है, 'अगर षीत आ गई है, तो क्या बसन्त बहुत पीछे होगा ?' बसन्त तो षीत के पीछे लगा हुआ ही आ रहा है। पर उसके पीछे गरमी भी तो लगी है। अभी उत्तर से षीत लहर आ रही है तो फिर पष्चिम से लू भी तो चल सकती है। बर्फ और आग के बीच में हमारा बसन्त फँसा है। इधर षीत उसे दबा रही है और उध र से गरमी और बसन्त सिकुड़ता जा रहा है।

मौसम की मेहरबानी पर भरोसा करेंगे, तो षीत से निपटते – निपटते लू तंग करने लगेगी। मौसम के इन्तजार से कुछ नहीं होगा । बसन्त अपने आन नहीं आता, उसे लाया जाता है। सहज आने वाला तो पतझड़ होता है, बसन्त नहीं। अपने आन तो पत्ते झड़ते हैं। नये पत्ते तो वृक्ष का प्राण–रस पीकर पैदा होते हैं। बसन्त यों नहीं आता। षीत और गरमी के बीच से जो जितना बसन्त निकाल सके,

निकाल लो। दो पाटों के बीच में फँसा है, देष का बसन्त । पाट और आगे खिसक रहे हैं । बसन्त को बचाना है तो जोर लगाकर इन दोनों पाटों को पीछे ढकेलो–इधर षीत को, उधर गरमी को। तब बीच में से निकलेगा हमारा घायल बसन्त ।

गद्य की अन्य विधाएँ

आधुनिक हिन्दी साहित्य काल को कपितय विद्वानों ने गद्यकाल कहा है। आज हिन्दी गद्य अत्यन्त विकसित अवस्था में है। गद्य की विभिन्न विधाओं का जितना विकास वर्तमान काल में दरश्टिगोचर होता है उतना हिन्दी साहित्य के किसी अन्य काल में नहीं। इन विधाओं में नाटक, उपन्यास, कहानी, निबन्ध एवं आलोचना प्रमुख हैं परन्तु ये विधाएँ आज पुरानी सी प्रतीत होती है, इनके अतिरिक्त हिन्दी गद्य–क्षेत्र में जो नई विधाऐं उभर कर आयी हैं। उनमें ललित निबन्ध, संस्मरण, रेखाचित्र, यात्रावष्त, डायरी, रिपोर्ताज, इण्टरव्यू (भेंट–वार्ता), आत्मकथा एवं हास्य व्यंग्य आदि ने साहित्य में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है।

ललित निबन्ध

निबन्ध विधा का ही एक सुविकसित रूप ललित निबन्ध है। हिन्दी ललित निबन्धों का क्रमिक विकास भारतेन्दु युग से ही माना जाता है। आत्मभिव्यंजक निबन्धों की परम्परा भारतेन्दु एवं उनके मण्डल के निबंधकारों ने प्रारम्भ की। षुक्लोत्तर युग में इसकी अलग पहचान बनी। इस परम्परा के प्रतिश्ठित निबंधकार आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी हैं। आपके निबंध न तो गंभीरता का तेवर छोड़ते हैं और न सहजता का बाना द्य

ललित निबंधों के क्षेत्र में डॉ. विद्या निवास मिश्र की अपनी पहचान अलग है। आपने अपने निबंधों में भारतीय संस्कृति और साहित्य के साथ–साथ लोक जीवन को भी जोड़ने का स्तुत्य प्रयास किया है। मिश्र जी के अनेक निबंध संकलन प्रकाषित हो चुके हैं। जिनमें – चितवन की छाँह, कदम की फूली डाल, तुम चन्दन हम पानी, मेरे राम का मुकुट भीग रहा है आदि प्रमुख हैं।

अन्य ललित निबंधकारों में डॉ. रामविलास षर्मा, कुबेर नाथ राय, षिवप्रसाद सिंह आदि प्रमुख हैं।

आत्मकथा :

आत्मकथा साहित्य की एक सरस संस्मरणात्मक गद्य विधा है। आत्मकथा का षाब्दिक अर्थ होता है स्वयं की कहानी, अर्थात् लेखक का स्वयं अपने बारे में वर्णन

करना। इसमें लेखक अपनी जीवन गाथा को अपनी स्मृति के आधार पर उत्तम पुरुश में व्यक्त करता

आत्मकथा एवं संस्मरण में अन्तर :

यद्यपि आत्मकथा एक संस्मरणात्मक विधा है। फिर भी यह संस्मरण से भिन्न होती है। अंग्रेजी विद्वान षिरले ने दोनों के अन्तर को इन षब्दों में व्यक्त किया है 'यद्यपि आत्मकथा और संस्मरण देखने में समान प्रतीत होते हैं परन्तु दोनों में अन्तर है। एक में चरित्र पर बल दिया और दूसरे में बाह्य घटनाओं, वस्तु आदि के विवरणों और वर्णनों पर ही बल दिया जाता है। संस्मरण में लेखक अधिकांषतः अपने से अलग उन व्यक्तियों, वस्तुओं और क्रियाकलापों आदि का संस्मरणात्मक चित्रण करता है, जिनका उसके निजी जीवन में समय–समय पर साक्षात्कार हो चुका होता है। इन व्यक्तियों, वस्तुओं, क्रिया कलापों आदि के वर्णनों में संस्मरणात्मक आनन्द होते हुए भी एक प्रकार के सिलसिले का अभाव होता है जबकि आत्मकथा में यह विच्छृंखलता नहीं पायी जाती है।

आत्मकथा में लेखक अपने जीवन को ही आधार बनाता है। अतः उसे बड़ी ही निश्पक्षता का निर्वाह करना होता है। वह जितनी ईमानदारी एवं सत्यता से स्वयं अपने जीवन को उद्‌घाटित करेगा। आत्मकथा उतनी ही सहज, स्वाभाविक एवं प्रभावषाली होगी। लेखक के अपने जीवन में जो भी खट्टे मीठे अनुभव होते हैं उन्हें बिना किसी लाग लपेट के उसे व्यक्त करना होता है। आकर्शक, रोचक और मार्मिक आत्मकथाएँ प्रस्तुत करने वालों में महात्मा गाँधी, राजेन्द्र प्रसाद, जवाहर लाल नेहरू, गोविन्द दास, सिया राम षरण गुप्त, षान्तिप्रिय द्विवेदी एवं बाबू गुलाब राय आदि के नाम अग्रगण्य हैं। यह विधा आज भी अनवरत रूप से हिन्दी साहित्य के भण्डार को भरती जा रही है।

संस्मरण :

संस्मरण का षाब्दिक अर्थ होता है सम्यक् स्मरण । सम्यक् स्मरण के मूल में होता है गंभीर चिन्तन । मानव जीवन की कटु, तिक्त एवं मधुर स्मृतियाँ, अनुभूति और संवेदना का संसर्ग प्राप्त करके जब हृदय से निकलती है तब वह संस्मरण का रूप धारण कर लेती है। संस्मरण आध निक गद्य साहित्य की एक उत्कृश्ट एवं नवीन विधा है।

संस्मरण और रेखाचित्र :

संस्मरण और रेखाचित्र पर्याप्त निकट की विधायें स्वीकार की जाती हैं। दोनों में ही अतीत की घटनाओं, स्मषतियों, भावानुभूतियों का ऐसा चित्रण रहता है कि उनमें वर्णित वस्तु, घटना एवं स्मषति के यथार्थ चित्र सामने उभर आयें और

भावनामूलक तथा कल्पनामूलक रोचकता, यथार्थ के साथ मिली–जुली रहे। दोनों में लेखक की व्यक्तिगत रुचियों की महत्ता होती है।

प्रातः काल चार बजे (लिलिथिगो टाइम से) उठा। अपनी 'सिद्धान्त और अध्ययन' षीर्शक पुस्तक के लिए बिना कुछ पढ़े नहीं लिख सकता, वास्तव में मेरे लेखन में एक तिहाई दूसरे से पढ़ा होता है, एक बटा छह उसके आधार से स्वयं प्रकाषित और ध्वनित विचार होते हैं एक बटा छह सप्रयत्न सोचे हुए विचार होते हैं और एक तिहाई मलाई के लड्डू की बर्फी बना चोरी को छिपाने वाली अभिव्यक्ति की कला रहती है। छह से सवा छह तक कागज, कलम, स्याही जुटाने में खर्च किया। घर की अव्यवस्था ही मेरे घर की व्यवस्था रहती है। जिस दिन मैं नहीं पढ़ता–लिखता, उसी दिन मेरी मेज सही सम्हली पड़ी रहती। आठ बजे तक मध्ये–मध्ये आचमनीयम् तथा पुंगीफल खण्डों के विराम चिन्ह सहित लिखा।

नौ बजे तैयार होकर प्रूफ की तलाष में प्रेस गया, अक्षर भगवान को छछियाभर छाछ के बजाय बेलन के बल, जगत की कालिमा मिला कर, उँगलियों पर नचाने वाले कम्पोजीटर देव की अनुपस्थिति में काट–छाँट की और प्रूफ भी घटाया बढ़ाया। इस प्रकार उनकी झूझल का सामना कर, बाजार गया। वहाँ पहुँचते ही षेखर के अन्तिम दिन की भांति घर के सारे अभावों का ध्यान आ गया। किन्तु बाजार में कोई स्थान नही हैं, जहाँ कल्प वृक्ष की भांति सब अभावों की एक साथ पूर्ति हो जाय। अगर अच्छा साबुन राजामण्डी से मिलता है तो अच्छा मसाला रावतपाड़े में। किन्तु वहाँ भैंस के लिये भुस का अभाव था। बाल–बच्चों की दवा के बाद अगर किसी वस्तु को मुख्यता मिलती है तो भैंस के भुस को क्योंकि उसके बिना काले अक्षर की सृश्टि नहीं हो सकती। मेरी काली भैंस धवल दुग्ध का ही सृजन नहीं करती। वरन् उनके सदृष्य ही धवल यष के सृजन में भी सहायक होती हैं इस गुण के होते हुए वह मेरे जीवन की एक बड़ी समस्या हो गई है। मैं हर साल उसके लिये अपने घर के पास के खेत में चरी कर लेता था। इस साल वर्शा के होते हुए भी मेरे यहाँ चरी नहीं हुई– भाग्य फलाति सर्वत्र, न विधा न च पौरूश'। मेरे पडोसी के ईश्याजनक लहलहाती खेती है। मेरी भैंस को उस खेत से ईर्श्या पहीं वरन् सच्चा अनुराग है, वह सच्चे भक्तों की भांति गृह बन्धनों को तोड़कर अपने प्रेम का आक्रमण कर देती है। जितना वे उसे भगाते हैं उतनी ही उनकी चरी रोधी जाती है और जितनी चरी रोधी जाती है उससे अधिक उनका दिल खुलता है। मालूम नहीं, इसको अलंकारषास्त्र में असंगति कहते हैं या और कुछ। घाव लक्ष्मण जी के हृदय में था और पीर रघुवीर के हृदय में, वैसे ही रोध ी घरी जाती थी और दुख मेरे पड़ोसी महोदय के हृदय में होता था ।

मैं संघर्श में पड़ता नहीं, किन्तु कभी–कभी इच्छा न रखते हुए भी संघर्श बड़ा तीव्र हो जाता है। बच्चों के दूध और पड़ोसी के साथ सद्भावना में ऐसा अन्तर्द्वन्द्व उपस्थित हो जाता है जो षायद प्रसाद जी के नाटकों में भी सहज ही न मिले। खैर, आजकल उसका दूध कम हो जाने पर भी और अपने मित्रों को छाछ भी न पिला सकने की विवषता की झूझल के होते हुए भी (सुरराज इन्द्र की तरह मुझे भी मठा दुर्लभ हो गया है।) (तक्र षक्रमपि दुर्लभ) उसके लिये भुस लाना अनिवार्य हो जाता है। कहाँ असाधिकरण और अभिव्यंजनावाद की चर्चा और कहाँ भुस का भाव ? भुस खरीद कर मुझे भी गधे के पीछे ऐसे चलना पड़ता है जैसे बहुत से लोग अकल के पीछे लाठी लेकर चलते हैं। कभी–कभी गधे के साथ कदम मिलाये रखना कठिन हो जाता है। (प्रगतिषीलता में वह मुझसे चार कदम आगे रहता है) लेकिन मुझे गधे के पीछे चलने में उतना ही आनन्द आता है जितना की पलायनवादी को जीवन से भागने में। बहुत से लोग तो जीवन की छुट्टी पाने के लिये कला का अनुसरण करते हैं किन्तु मैं कला से छुट्टी पाने के लिए जीवन में प्रवेष करता हूँ। भुस और अपने लिए

11 बजे हाट से भैंस के लिए षाक–भाजी लेकर लौटा, स्नान किया, भोजन किया और करीब–करीब 12 बजे कॉलेज पहुँचा। लडको को पढ़या या बहकाया––में गलत पढ़ाने का पाप नहीं करता, किन्तु जो मुझे नहीं आता उसे कभी–कभी कौषल के साथ छोड़ देता हूँ। यदि कोई छन्द इम्तहान में आने लायक हुआ तो मैं बेईमानी नहीं करता।

कॉलेज की लाइब्रेरी से कुछ पुस्तकें लीं और फिर 'साहित्य संदेष' के दफ्तर आया। वहाँ जलपान किया, जल पीकर खाना खाया। कभी–कभी रूढ़ि अर्थ में भी जलपान करता हूँ और कभी षुद्ध अभिधार्थ में जल का पान करता हूँ। कम्पोजीटर की षिकायत सुनी, दीन षराब की–सी तोबा की कि अब न घटाऊँगा–बढ़ाऊँगा। आप लोगों को कश्ट अवष्य होता हैं अनुनय विनय की ('अबला नसानी अब न नसैहो ) । किन्तु क्या करूँ आदत से मजबूर हूँ। बनियों की पछिल बुद्धि होती है। लिखने के बाद कहीं प्रूफ पढ़ने पर संषोधन सूझते हैं। प्रूफ पढ़े। कम्पोजीटरों से बढ़कर स्वयं झुंझल का षिकार बना। चार बजे घर लौटा। अभावों की नई गाथा सुनी, घर की भूली हुई समस्याएँ सामने आई। खूंटा उखाड़ कर भैंस भाग गई थी, उसकी सांकल किसी ने उतार ली है, क्या फिर दुबारा बाजार जाऊँ ? इसी संकल्प–विकल्प में दुग्ध पान किया। रात्रि में जल के मार्जन और आचमन से निद्रादेवी का जो तिरस्कार किया था उसका प्रायष्चित किया। उठकर भाई को पत्र लिखा।

रमणीयता के सम्बन्ध में हमारे यहाँ कहा गया है कि 'क्षण–क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूप रमणीयतायाः जो क्षण–क्षण में नता धारण करती रहती है। ये मेरी कल्पना से भी चार नवीनता कदम आगे रहती है। फिर मैं उसे सुन्दर क्यों न कहूँ। षास्त्रीय परिभाशा के बाहर मैं नहीं जा सकता। आज किसी ने भैंस की जंजीर चुरा ली तो कल पड़िया ने खेत खा लिया । मेरी षान्ति को भंग करने के लिये एक एटम बम्ब रोज तैयार रहता है। किसी को बुखार आ गया तो किसी के दांत में दर्द है, कभी चीनी राषन की मर्यादा को पार कर गई तो कभी कपड़ों की चर्चा। सर्वोपरि लड़ाई के दिनों में सुरसा के मुख की भांति बढ़ते हुए खर्ची के कलियुग में श्रद्धा की भाँति घटते हुए बैंक–षेश को बौद्धों के परम तत्व (षून्य) की गति से बचाने की फिक्र। ध न भी हो तो वस्तु का अभाव। कपड़ों के सम्बन्ध में डिस्ट्रिक्ट सप्लाई ऑफिसर से मिलने का संकल्प किया, घर में इधर–उधर का वार्तालाप किया। सायंकाल को अपने पडोसी द्विवेदी जी के यहाँ बैठकर स्त्रियों के वेदाध्ययन के अधिकार पर चर्चा की। यद्यपि मेरे घर में किसी के वेद पढ़ने की आषंका नहीं, फिर भी षहर के अंदेषों में परेषान होने में कुछ ट्रेजड़ी के पढ़ने का सा आनन्द आता है। मैंने कहा कि जब स्त्रियों में मंत्र–द्रश्टा है तो उनको वेदों के पढने का अधिकार क्यों नहीं? उन्होंनें कहा जो षास्त्र में लिखा है वह लिखा है, उसमें संगति लाने और तर्क उठाने की गुंजाइष नहीं। विचारों में घोर मतभेद होते हुए भी वह कटुता की सीमा तक नहीं पहुंचता। और मैं उनके यहाँ बैठकर 'काव्यषास्त्र विनोदेन कालो गच्छति धीमताम्' की उक्ति को सार्थक करता रहता हूँ।

रात को सबेरे की साहित्यिक चोरी के लिये कुछ पढ़ा। बच्चों से वार्तालाप किया। कुछ मनोविनोद हुआ। कभी–कभी जब वे करुण, रौद्र या वीर रस का लौकिक प्रर्दषन करने लगते हैं, तब मुझे प्रसाद की निम्नलिखित पंक्तियों की सार्थकता समझ में आने लगती है–

ले चल, वहाँ, भुलावा देकर
मेरे नावक धीरे–धीरे ।
जिस निर्जन में सागर लहरी,
अम्बर के कानों में गहरी––
निष्छल प्रेम कथा कहती हो
तज कोलाहल की अवनी रे ।

बच्चों को मैं पढ़ाता बहुत कम हूँ, यहाँ तक कि मेरे बच्चे भी मुझ पर इस बात का व्यंग्य करने लगते हैं। मेरे एक षिश्यप्रवर ने (जब आचार्य प्रवर कहलाते हैं, तो षिश्यप्रवर भी कहलाने चाहिये) किसी प्रसंग में कहा, हम तो आपके बच्चे हैं

आपका आशीर्वाद चाहते हैं। मेरे कनिश्ठ पुत्र विनोद ने जिसकी आयु प्रायः बारह साल की है, तुरन्त उत्तर दिया "आप अगर बाबू जी के बच्चे बनेंगे तो आपको पढाना छोड देंगे क्योंकि आप बच्चों को नहीं पढ़ाते है।'' यही मेरे पारिवारिक जीवन की कमी है। वैसे इन झंझटों के होते हुए भी अत्यंत सुखी हूॅ। चारों ओर अनुकूलता और आज्ञाकारिता है। मैं हृदय की सच्चाई से कह सकता हूँ कि जन्म–जन्मान्तर में भी मेरा जन्म इसी परिवार में हो। मैं मोक्ष के लिए उत्सुक नहीं हूँ।

सन्दर्भः

1. कुछ–न–कुछ मनोविनोद का सामान दूसरे दिन उपस्थित हो ही जाता है। एक रोज एक बच्चा गा रहा था, 'दुनिया में कौन हमारा' तो दूसरे ने तुक मिलाई 'पापा प्यारे षषी उतारा।

2. इस दिनचर्या में थोड़ा परिवर्तन हो गया। भैंस के प्रति तुलसीदास जी जैसा अनन्य भाव रखते हुए भी अब भैंस के स्थान पर गाय पाल ली है। समस्याएँ तो करीब–करीब वे ही हैं। आज कल मेरे पडोसी के यहाँ घास अच्छी है– वैसे भी परसोई पत्तल का भात अच्छा लगता है– उस पर आक्रमण होता है। समय पड़ने पर मैं रघुवंष (215) में वर्णित महाराजा दिलीप के पूरे कार्यक्रम का अनुकरण करता हूँ– "आस्वादभिदकवलैस्तरणानां कण्डूयनेर्देष निवारणैष्च'' अर्थात् घास के सुस्वादी ग्रासी से, खुजलाने और डांस उड़ाने से मैं उसे प्रसन्न करना चाहता हूँ केवल एक बात की कसर रह जाती है– मैं उसकी 'अव्याहृतैः स्वैरगतै' क्योंकि उनके स्वच्छन्द विचरण में पड़ोसियों के विनम्र परन्तु तीखे उपालम्भों का भय रहता है। मैं यदि सम्राट होता तो उसकी अवधित गति पर आक्षेप करने का किसी को साहस न होता। उसके लिए मुझे तब बाजार नहीं जाना पड़ता। बाजार हाट का बहुत–सा काम अब मेरा कनिश्ठ पुत्र विनोद कर लेता है। गाय भी ठल्ल है। अब मे। उसे कर्तव्य बुद्धि से पाले हुए हूँ, किन्तु पड़ोसियों की फुलवारी की रक्षा के हेतु उसको विदा देनी ही पड़ेगी। मुझे अपनी फुलवारी की तो विषेश परवाह नहीं है, क्योंकि वह तो षुद्ध व्यसन के रूप में किये हुए हूँ। षारीरिक षैथिल्य के कारण मैं स्वयं उससे हाथ नहीं लगाता। इससे उसके प्रति विषेश मोह भी नहीं है। कम्पोजीटर अब भी मुझसे परेषान है। उनकी परेषानी दूर करने के लिए मैंने एक सहायक रख लिया है। उनको अस्तव्यस्त लेखों से षुद्ध कापी तैयार करनी पड़ती है। प्रेस कापी भी मेरे आक्रमण से नहीं बनती। उसमें भी संषोधन होते है और कम्पोजीटर देवों के लिए मुसीबत हो जाती है। कि षैथिल्य के कारण मेरी व्यस्तता कुछ कम हो गयी है। इस हेतु कभी–कभी कुछ न करने की ऊब से परेषान हो जाता हूँ। यह दुःख और कुछ–कुछ प्रसन्नता की बात है कि औरों को

जिनसे मेरा मन रम सकता है, इतना अवकाष नहीं किवे मेरे खाली समय में आकर गपाश्टक लगावें और मेरी ऊब को दूर करें।

4. अथातो चुमक्कड़ – जिज्ञासा

(रिपोर्ताज)

राहुल सांकृत्यायन

संस्कृत के ग्रन्थ को षुरू करने के लिए पाठकों को रोश नहीं होना चाहिए। आखिर हम षास्त्र लिखने जा रहे हैं, फिर षास्त्र की परिपाटी को तो मानना ही पडेगा। षास्त्रों में जिज्ञासा ऐसी चीज के लिए होनी बतलाई गई हैं, जो कि श्रेश्ठ तथा व्यक्ति और समाज के लिए परम हितकारी हो। व्यास ने अपने षास्त्र में ब्रा को सर्वश्रेश्ठ मानकर उसे जिनया का विशय बताया। व्यास षिश्य जैमिनी ने धर्म को श्रेश्ठ माना। पुराने ऋशियों से मतभेद रखना हमारे लिए पाप की वस्तु नहीं है, आखिर छह षास्त्रों के रचयिता छह वास्तिक ऋशियों में भी आधों ने ब्रह्म को धता बता दिया है। मेरी समझ में दुनिया की सर्वश्रेश्ठ वस्तु है घुमक्कड़ी। घुमक्कड़ से ंढकर व्यक्ति और समाज का कोई हितकारी नहीं हो सकता। कहा जाता है, ब्रह्म ने सरश्टि को पैदा, धारण और नाष करने का जिम्मा अपने ऊपर लिया है। पैदा करना और नाष करना दूर की बातें हैं, उनकी यथार्थता सिद्ध करने के लिए न प्रत्यक्ष प्रमाण सहायक हो सकता है, न अनुमान ही। हाँ दुनिया के ध ाारण की बात तो निष्चय ही न ब्रह्म के ऊपर है, न विश्णु के और न षंकर के ही ऊपर। दुनिया– दुःख में हो, चाहे सुख में सभी समय यदि सहारा पाती है, तो घुमक्कड़ों की ही ओर से। प्राकृतिक आदिम मनुश्य परम घुमक्कड़ था। खेती, बागबानी तथा घर–द्वार से मुक्त वह आकाष के पक्षियों की भाँति परथ्वी पर सदा विचरण करता था, जाड़े में यदि इस जगह था तो गर्मियों में वहीं से दो सौ कोस दूर।

आधुनिक काल में घुमक्कड़ों के काम की बात कहने की आवष्यकता है, क्योंकि लोगों ने घुमक्कड़ों की कृतियों को चुराके उन्हें गला फाड़–फाड़कर अपने नाम से प्रकाषित किया, जिससे दुनिया जानने लगी कि वस्तुतः तेली के कोल्हू के बैल ही दुनिया में सब कुछ करते हैं। आधुनिक विज्ञान में चार्ल्स डारविन का स्थान बहुत ऊँचा है। उसने प्राणियों को उत्पत्ति और मानववंष के विकास पर ही अद्वितीय खोज नहीं की, बल्कि सारे ही विज्ञानों को उससे सहायता मिली। कहना चाहिए कि सभी विज्ञानों को डारविन के प्रकाष में दिषा बदलनी पड़ी। लेकिन क्या डारविन अपने महान् आविश्कारों को कर सकता था, यदि उसने घुमक्कड़ी का व्रत न लिया हो?

मैं मानता हूँ, पुस्तकें भी कुछ—कुछ घुमक्कड़ी का रस प्रदान करती है, लेकिन जिस तरह फोटो देखकर आप हिमालय के देवदार के गहन वनों और ष्वेत हिम—मुकुटित षिखरों के सौन्दर्य, उनके रूप, उनके गंध का अनुभव नहीं कर सकते उसी तरह यात्रा – कथाओं से आपको उस बूँद से भेंट नहीं हो सकती जो एक घुमक्कड़ को प्राप्त होती हैं। अधिक से अधिक यात्रा पाठकों के लिए यही कहा जा सकता है कि दूसरे अन्धों की अपेक्षा उन्हें थोड़ा आलोक मिल जाता है और साथ ही ऐसी प्रेरणा तो मिल सकती है जो स्थायी नहीं तो कुछ दिनों के लिए उन्हें घुमक्कड़ बना सकती है। घुमक्कड़ क्यों दुनिया की सर्वश्रेश्ठ विभूति है? इसीलिए कि उसी ने आज की दुनिया को बनाया है। यदि आदिम पुरुश एक जगह नदी या तालाब के किनारे गरम मुल्क में पड़े रहते तो वह दुनिया को आगे नहीं ले जा सकते थे। आदमी की घुमक्कड़ी ने बहुत बार खून की नदियां बहाई हैं, इसमें सन्देह नहीं, और घुमक्कड़ों से हम हरगिज नहीं चाहेंगे कि वह खून के रास्ते को पकड़ें किन्तु अगर घुमक्कड़ों के काफिले न आते—जाते, तो सुस्त मानव—जातियाँ सो जातीं और पषु से ऊपर नहीं उठ पातीं। आदिम घुमक्कड़ों में से आर्यों, षकों, हूणों ने क्या—क्या अपने खून पथों द्वारा मानवता के पथ को किस तरह प्रषस्त किया, इसे इतिहास में हम उतना स्पश्ट वर्णित नहीं पाते, किन्तु मंगोल घुमक्कड़ों की करामातों को तो हम अच्छी तरह जानते हैं। बारूद, तोप, कागज, छापाखाना, दिग्दर्षक चष्मा यह चीजें थीं, जिन्होंने पष्चिम में विज्ञान—युग का आरम्भ कराया, और इन चीजों को वहाँ ले जाने वाले मंगोल घुमक्कड़ ही थे। कोलम्बर और वास्कोडिगामा दो घुमक्कड़ ही थे, जिन्होंने पष्चिम देषों के आगे बढ़ने का रास्ता खोला। अमेरिका अधिकतर निर्जन—सा पड़ा था। एषिया के कूपमंडूकों को घुमक्कड़ धर्म की महिमा भूल गई, इसलिए उन्होंने अमेरिका पर अपनी झंडी नहीं गाड़ी। दो. षताब्दियों पहले तक आस्ट्रेलिया खाली पड़ा था। चीन और भारत को सभ्यता का बड़ा गर्व है, लेकिन इनको इतनी अकल नहीं आई कि जाकर वहाँ अपना झंडा गाड़ आते। आज अपने 45—50 करोड़ की जनसंख्या के भार से भारत और चीन की भूमि दबी जा रही है, और ऑस्ट्रेलिया का द्वार बन्द है लेकिन दो सदी पहले वह हमारे हाथ की चीज थी। क्यों भारत और चीन आस्ट्रेलिया की अपार संपत्ति और अमित भूमि से वंचित रह गये? इसलिए कि वह घुमक्कड़ धर्म से विमुख थे, उसे भूल चुके थे।

हाँ, मैं इसे भूलना ही कहूँगा, क्योंकि किसी समय भारत और चीन ने बड़े—बड़े नामी घुमक्कड़ पैदा किये। वे भारतीय घुमक्कड़ ही थे जिन्होंने दक्षिण पूरब में लंका, वर्शा, मलाया, यवद्वीप, स्याम, कम्बोज, चम्पा, बोर्नियों और सेलीबीज ही नहीं, फिलपाईन तक का धावा मारा था और एक समय तो जान पड़ा कि

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया भी वरहत्तर भारत का अंग बनने वाला है। लकिन कूपमंडूकता तेरा सत्यानाष हो। देष के बुद्धओं ने उपदेष करना षुरू किया कि समुन्दर के खारे पानी और हिन्दू–धर्म में बड़ा बैर है, उसके छूने मात्र से वह नमक की पुतली की तरह गल जायेगा। इतना बतला देने पर क्या कहने की आवष्यकता है कि समाज के कल्याण के लिए घुमक्कड़–धर्म कितनी आवष्यक चीज है? जिस जाति या देष ने इस ध र्स को अपनाया, वह चारों फलों का भागी हुआ, और जिसने इसे दुराया, उसके लिए नरक में भी ठिकाना नहीं। आखिर घुमक्कड़ धर्म को भूलने के कारण ही हम सांत षताब्दियों तक धक्का खाते रहे, एरे–गैरे जो भी आये, हमें चार लात लगाते गए।

षायद किसी को सन्देह हो कि मैनें इस षास्त्र में जो युक्तियाँ दी हैं, वह सभी लौकिक तथा षास्त्र–ग्राह्य हैं। अच्छा तो धर्म से प्रमाण लीजिए, दुनिया के अधि ाकांष धर्मनायक घुमक्कड़ रहे। धर्माचार्यो में आचार–विचार, बुद्धि और तर्क तथा सहृदयता में सर्वश्रेश्ठ बुद्ध घुमक्कड राज थे। यद्यपि वह भारत से बाहर नहीं गए, लेकिन वर्शा के तीन मासों को छोड़कर एक जगह रहना वह पाप समझते थे। वह अकेले ही घुमक्कड़ नहीं थे, बल्कि आरम्भ ही में अपने षिश्यों को उन्होंने कहा था– ''चरथ भिक्खये। चारिक'' जिसका अर्थ है – भिक्षुओं घुमक्कड़ी करो। बुद्ध के भिक्षुओं ने अपने गुरु की षिक्षा को कितना माना, क्या इसे बताने की आवष्यकता है? क्या उन्होंने पष्चिम में मकदूनिया तथा मिस्र से पूरब में जापान तक, उत्तर में मंगोलिया से लेकर दक्षिण में बाली और बांका द्वीपों तक को रौंदकर रख नहीं दिया? जिस बृहत्तर भारत के लिए हरेक भारतीय को उचित अभिमान है क्या उसका निर्माण इन्हीं घुमक्कड़ों की चरण–धूलि से नहीं किया? केवल बुद्ध ने ही अपनी घुमक्कड़ी से प्रेरणा नहीं दी, बल्कि घुमक्कड़ों का इतना जोर बुद्ध से एक दो षताब्दियों पूर्व भी था, जिसके ही कारण बुद्ध जैसे घुमक्कड़ – राज इस देष में पैदा हो सके। उस वक्त पुरुश ही नहीं, स्त्रियां तक जम्बू–वृक्ष की षाखा से अपनी प्रखर प्रतिभा का जौहर दिखाती, बाद में कूपमंडूकों को पराजित करतीं सारे भारत विचरा करती थीं।

में मुक्त होकर कोई–कोई महिलाएँ पूछती हैं– क्या स्त्रियां भी घुमक्कड़ी कर सकती है, क्या उनको भी इस महाव्रत की दीक्षा लेनी चाहिए? इसके बारे में तो अलग अध्याय ही लिखा जाने वाला है, किन्तु यहाँ इतना कह देना है कि घुमक्कड़–धर्म ब्राह्मण–धर्म जैसा संकुचित नहीं है, जिसमें स्त्रियों के लिए स्थान नहीं हो। स्त्रियाँ इसमें इतना ही अधिकार रखती हैं, जितना पुरुश। यदि वह जन्म सफल करके व्यक्ति और समाज के लिए कुछ करना चाहती हैं, तो उन्हें भी दोनों हाथों इस धर्म को स्वीकार करना चाहिए। घुमक्कडी धर्म छुड़ाने के लिए ही पुरुश

ने बहुत–से बंधन नारी के रास्ते में लगाये हैं। बुद्ध ने सिर्फ पुरुशों के लिए घुमक्कड़ी करने का आदेष नहीं दिया। बल्कि स्त्रियों के लिए भी उनका वही उपदेष था।



भारत के प्राचीन धर्मो में जैन धर्म भी है। जैन धर्म के प्रतिश्ठापक श्रमण महावीर कौन थे? वह भी तो घुमक्कड़– राज थे। घुमक्कड़ धर्म के आचरण में छोटी–से–बड़ी तक सभी बाधाओं और उपाधियों को उन्होंने त्याग दिया था–घर–द्वार और नारी सन्तान ही नहीं, वस्त्र का भी वर्जन कर दिया। 'कर–तलभिक्षा, तरुतल बास' तथा दिन–अम्बर को उन्होंने इसीलिए अपनाया था, कि निर्द्वन्द्र विचरण में कोई बाधा न रहे। ष्वेताम्बर–बन्धु दिगम्बर कहने के लिए नाराज न हों। वस्तुतः हमारे वैज्ञानिक महान् घुमक्कड़, कुछ बातों में दिगम्बरों की कल्पना के अनुसार थे और कुछ बातों में ष्वेताम्बरों के उल्लेख के अनुसार। लेकिन इसमें तो दोनों सम्प्रदायों और बाहर के मर्मज्ञ भी सहमत हैं, कि भगवान महावीर दूसरी–तीसरी नहीं, प्रथम श्रेणी के घुमक्कड़ थे। वह आजीवन घूमते ही रहे। वैषाली में जन्म लेकर विचरण करते पावा में उन्होंने अपना षरीर छोड़ा। बुद्ध और महावीर से बढ़कर यहद कोई त्याग, तपस्या और सहृदयता का दावा करता है, तो मैं उसे केवल दम्भी कहूँगा । आज–कल कुटिया या आश्रम बनाकर तेली के बैल की तरह कोल्हू से बंधे कितने ही लोग अपने को अद्वितीय महात्मा कहते हैं या चेलों से कहलवाते हैं लेकिन मैं तो कहूँगा घुमक्कड़ी को त्यागकर यदि महापुरुश बना जाता तो फिर ऐसे लोग गली–गली में देखे जाते। मैं तो जिज्ञासुओं को खबरदार कर देना चाहता हूँ किवह ऐसे मुलम्मेवाले महात्माओं और महापुरुशों के फेर से बचे रहें। वे स्वयं तेली के बैल तो है, दूसरों को भी अपने ही जैसा बना रखेंगे।

बुद्ध और महावीर जैसे सरश्टिकर्ता ईष्वर से इनकारी महापुरुशों की घुमक्कड़ी की बात से यह नहीं मान लेना होगा, कि दूसरे लोग ईष्वर के भरोसे गुफा या कोठरी में बैठकर सारी सिद्धियाँ पा गये या पा जाते है। यदि ऐसा होता, तो षंकराचार्य जो साक्षात् बह्मस्वरूप थे, क्यों भारत के चारों कोनों की खाक छानते फिरे? षंकर को षंकर किसी ब्रह्म ने नहीं बनाया, उन्हें बड़ा बनाने वाला था घुमक्कड़ी धर्म। षंकर बराबर घूमते रहे–आज केरल देष में थे तो कुछ ही महीने पहले मिथिला में, और अगले साल कृमीर या हिमालय के किसी दूसरे भाग में। षंकर तरुणाई में ही षिवलोक सिधार गये किन्तु थोड़े से जीवन में उन्होंने सिर्फ तीन भाश्य ही नहीं लिखेय बल्कि अपने आचरण से अनुयायियों को वह घुमक्कड़ी का पाठ पढ़ा गये कि आज भी उसके पालन करने वाले सैकड़ों मिलते हैं। वास्कोडिगामा के भारत पहुँचने से बहुत पहले षंकर के षिश्य मास्कों और योरुप तक पहुँचे थे। उनके साहसी षिश्य सिर्फ भारत के चार धामों से ही सन्तुश्ट नहीं थे बल्कि उनमें से कितनों ने जाकर बाकू (रूस) में धूनी रमाई। एक पर्यटन करते हुए वोल्गा तट

पर निज्नीनोवोग्राद के महामेले को देखा। फिर क्या था, कुछ समय के लिए वहीं डट गया और उसने ईसाइयों के अंतर कितनी ही अनुयायी पैदा कर लिये, जिनकी संख्या भीतर–ही–भीतर बढ़ती, इस षताब्दी के आरम्भ में कुछ लाख तक पहुँच गई थी।

रामानुज, मध्वाचार्य और वैशणवाचार्यों के अनुयायी मुझे क्षमा करें, यदि मैं कहूँ कि उन्होंने भारत में कूप मंडूकता के प्रचार में बड़ी सरगर्मी दिखाई। भला हो, रामानन्द और चौतन्य का, जिन्होंने कि पंक के पंकज वन कर आदि काल से चले आते महान् घुमक्कड़ धर्म की फिर से प्रतिशठापना की, जिसके फलस्वरूप प्रथम श्रेणी के तो नहीं किन्तु द्वितीय श्रेणी के बहुत से घुमक्कड़ उनमें पैदा हुए। ये विचारे बांबू की बड़ी ज्वालामाई तक कैसे जाते, उनके लिये तो मानसरोवर तक पहुँचना भी मुष्किल था। अपने हाथ से खाना बनाना, मांस–अण्डे से छू जाने पर भी धर्म का चला जाना, हाड़–तोड़ सर्दी के कारण हर लघुषंका के बाद स्नान करना तो यमराज को निमंत्रण देना होता, इसीलिए बेचारे फूँक–फूंक कर ही घुमक्कड़ी कर सकते थें इसमें किसे उज्र हो सकता है, कि षैव हो या वैशणव, वेदान्ती हो या सदान्ती, सभी को आगे बढ़ाया केवल घुमक्कड़ धर्म ने।

महान् घुमक्कड़–धर्म, बौद्ध धर्म का भारत से लुप्त होना क्या था, तब से कूप मंडूकता का हमारे देष में बोलबाला सा हो गया। सात षताब्दियाँ बीत गई, और इन सातों षताब्दियों में दासता और परतंत्रता हमारे देष में पैर तोड़कर बैठ गई, यह कोई आकस्मिक बात नहीं थी ।

लेकिन समाज के अगुओं ने चाहे कितना ही कूप मंडूक बनाना चाहा, लेकिन इस देष में माई–के–लाल जब–तब पैदा होते रहे, जिन्होंने कर्म पथ की ओर संकेत किया। हमारे इतिहास में गुरुनानक का समय दूर का नहीं है, लेकिन अपने समय के वह महान् घुमक्कड़ थे। उन्होंने भारत भ्रमण को ही पर्याप्त नहीं समझा और ईरान और अरब तक का धावा मारा। घुमक्कड़ी किसी बड़े योग से कम सिद्धिदायिनी नहीं है, और निर्भीक तो वह एक नंबर का बना देती है। घुममे नानक पक्के में जाके कावा की ओर पैर फैला कर सो गये, मुल्लों ने इतनी सहिशणुता होती तो आदमी होते। उन्होंने एतराज किया और पैर पकड़ के दूसरी ओर करना चाहा । उनको यह देखकर बड़ा अचरच हुआ कि जिस तरफ घुमक्कड़ नानक का पैर घूम रहा है,

काबा भी उसी ओर चला जा रहा है। यह है। चमत्कार ! आज के सर्वषक्तिमान, किन्तु कोठरी में बन्द महात्माओं में है कोई ऐसा, जो नानक की तरह हिम्मत और चमत्कार दिखलाए ?

दूर षताब्दियों की बात छोड़िए अभी षताब्दी भी नहीं बीती, इस देष से स्वामी दयानन्द को विदा हुए। स्वामी दयानन्द को ऋशि किसने बनाया? घुमक्कड़ी ध र्म ने। उन्होंने भारत के अधि क भागों का भ्रमण कियाय पुस्तक लिखते, षास्त्रार्थ करते वह बराबर भ्रमण करते रहे। षास्त्रों को पढ़कर काषी के बड़े–बड़े पंडित महामंडूक बनने में सफल होते रहे, इसलिए दयानन्द को मुक्त बुद्धि और तर्क–प्रध ाान बनाने का कारण षास्त्रों से अलग कहीं ढूँढना होगा। और वह उनका निरन्तर घुमक्कड़ी धर्म का सेवन। उन्होंने समुद्र यात्रा करने, द्वीप–द्वीपान्तरों में जाने के विरुद्ध जितनी थोथी दलीलें दी जाती थीं, सबको चिद्दी – चिद्दी उड़ा दिया और बतलाया कि मनुश्य स्थावर वृक्ष नहीं हैं, वह जंगम प्राणी है। चलना मनुश्य का धर्म है। जिसने इसे छोड़ा वह मनुश्य होने का अधिकारी नहीं है।

माड्यूल – 4 गद्य की अन्य विधाएँ और संकलित रचनाकार

इकाई – 12 राहुल सांकृत्यायन

बीसवीं षताब्दी के भारतीय घुमक्कड़ों की चर्चा करने की आवष्यकता नहीं। इतना लिखने से मालूम हो गया कि संसार में यदि कोई अनादि सनातन धर्म है, तो वह घुमक्कड़ धर्म है। लेकिन वह संकुचित सम्प्रदाय नहीं है, वह आकाष की तरह महान है, समुद्र की तरह विषाल है। जिन धर्मो ने अधिक यष और महिमा प्राप्त की है, वह केवल घुमक्कड़ धर्म ही के कारण। प्रभु ईसा घुमक्कड़ थे, उनके अनुयायी ऐसे घुमक्कड़ थे, जिन्होंने ईसा के संदेष को दुनिया के कोने–कोने में पहुँचाया। यहूदी पैगम्बरों ने घुमक्कड़ी धर्म को भुला दिया जिसका फल षताब्दियों तक उन्हें भोगना पड़ा। उन्होंने अपने जान चूल्हे से सिर निकालना नहीं चाहा। घुमक्कड धर्म की ऐसी भारी अवहेलना करने वाले की जैसी गति होनी चाहिए, वैसी गति उनकी हुयी। चूल्हा हाथ से छूट गया और सारी दुनिया में घुमक्कड़ी करने को मजबूर हुए, जिसने आगे उन्हें मारवाड़ी सेठ बनाया या यो कहिए कि घुमक्कड़–धर्म की एक छींट पड़ जाने से मारवाड़ी सेठ भारत के यहूदी बन गए। जिसने इस धर्म की अवहेलना की, उसे रक्त के आँसू बहाने पड़े। अभी इन बेचारों ने बड़ी कुर्बानी के बाद और दो हजार वर्श की घुमक्कड़ी के तजुर्बे के बल पर फिर स्थान प्राप्त किया। आषा है स्थान प्राप्त करने से वह चूल्हे में सिर रखकर बैठने वाले नहीं बनेंगे। अस्तु, सनातन धर्म से पतित यहूदी जाति को महान पाप का प्रायष्चित या दण्ड घुमक्कड़ी के रूप में भोगना पड़ा, और अब उन्हें पैर रखने का स्थान मिला। आज भारत तना हुआ है। वह यहूदियों की भूमि और राज्य को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। जब बड़े–बड़े स्वीकार कर चुके हैं, तो कितने दिनों तक यह हठधर्मी चलेगी? लेकिन विशयान्तर में न जाकर हमें यह कहना था कि यह घुमक्कडी धर्म है,

युद्ध–विद्या के कच्चे निकलेगी, लेकिन उन्होंने पाँच–पाँच अरबी साम्राज्यों की सारी षेखी को धूल में मिलाकर चारों खानो चित्त कर दिया और सबने नाक रगड़ कर उनसे षांति को भिक्षा योगी इतना कहने से अब कोई संदेह नहीं रह गया, कि घुमक्कड धर्म से बढ़कर दुनिया में धर्म नहीं हैं। धर्म भी छोटी बात है, उसे घुमक्कड़ के साथ लगाना " महिमा घटी समुद्र की, रावण बसा पड़ोस" वाली बात होगी। घुमक्कड़ होना आदमी के लिए परम सौभाग्य की बात है। यह पथ अपने अनुयायी को मारने के बाद किसी काल्पनिक स्वर्ग का प्रलोभन नहीं देता, इसके लिए तो कह सकते हैं ''क्या खूब सौदा नकद है, इस हाथ ले उस हाथ दे।'' घुमक्कड़ी वही कर सकता है, जो निष्चिन्त है। किन साधनों से सम्पन्न होकर आदमी घुमक्कड़ बनने का अधिकारी हो सकता है, यह आगे बतलाया जाएगा, किन्तु घुमक्कड़ी के लिए चिन्ताहीन होना आवष्यक है, और चिन्ताहीन होने के लिए घुमक्कड़ी भी आवष्यक है। दोनों का अन्योन्याश्रय होना दूशक नहीं, भूशण है। घुमक्कड़ी से बढ़कर सुख कहाँ मिल सकता है? आखिर चिन्ताहीनता तो सुख का सबसे स्पश्ट रूप है। घुमक्कड़ी में कश्ट भी होते हैं, लेकिन उसे उसी तरह समझिए, जैसे भोजन में मिर्च में यदि कड़वाहट न हो, तो क्या कोई मिर्च–प्रेमी उसमें हाथ भी लगाएगा? वस्तुतः घुमक्कड़ी में कभी–कभी होने वाले कड़वे अनुभव उसके रस को और बढ़ा देते हैं, उसी तरह जैसे काली पृश्ठभूमि में चित्र अधिक खिल उठता है।

व्यक्ति के लिए घुमक्कड़ी से बढ़कर कोई नगद धर्म नहीं है। जाति का भविश्य घुमक्कड़ों पर निर्भर करता है, इसलिए मैं कहूंगा कि हरेक तरुण और तरुणी को घुमक्कड़ व्रत ग्रहण करना चाहिए, इसके विरूद्ध दिये जाने वाले सारे प्रमाणों को झूठ और व्यर्थ का समझना चाहिए। यदि माता–पिता विरोध करते हैं तो समझना चाहिए वह भी प्रहलाद के माता–पिता के नवीन संस्करण है। यदि हितू – बान्धव बाधा उपस्थित करते है, तो समझना चाहिए कि दिवांध है। यदि धर्म–धर्माचार्य कुछ उल्टा–सीधा तर्क देते हैं तो समझ लेना चाहिए कि इन्हीं ढोंगी और ढोंगियों ने संसार को सरल और सच्चे पथ पर चलने नहीं दिया। यदि राज्य और राजसी नेता अपनी कानूनी रुकावटें डालते हैं तो हजारों बार की तजुर्बा की हुयी बात है कि महानदी के वेग की तरह घुमक्कड़ की गति को रोकने वाला दुनिया में कोई पैदा नहीं हुआ। बड़े–बड़े कठोर पहरे वाली राज्य– सीमाओं को घुमक्कड़ ने आँख में धूल झोंककर पार कर लिया। मैनें स्वयं ऐसा एक से अधिक बार किया है। (पहली तिब्बत यात्रा में अंग्रेजों, नेपाल– राज्य और तिब्बत के सीमा रक्षकों की आँख में धूल झोंककर जाना पड़ा था।)

संक्षेप में हम कह सकते हैं, कि यदि कोई तरुणी तरुण घुमक्कड़ धर्म की दीक्षा लेता है यह मैं अवष्य कहूंगा कि यह दीक्षा वही ले सकता है, जिसमें बहुत भारी

मात्रा में हर तरह का साहस है – तो उसे किसी की बात नहीं सुननी चाहिए, न माता के आँसू बहने की परवाह करनी चाहिए न पिता के भय और उदास होने की, न भूल से विवाह लायी अपनी पत्नी के रोने–धोने की फिक्र करनी चाहिए और न किसी तरुणी को अभागे पति के कलपने की। बस षंकराचार्य के षब्दों में यही समझना चाहिए – '' निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतः को विधिः को निशेध :'' और मेरे गुरु कपोतराज के वचन को अपना पथप्रदर्षक बनाना चाहिए

सैर कर दुनिया की गाफिल,

जिन्दगानी फिर कहाँ? जिन्दगी गर कुछ रही, तो

नौजवानी फिर कहाँ।

इस्माइल (मेरठी)

दुनिया में मानुश– जन्म एक बार ही होता है और जवानी भी केवल एक बार ही आती है साहसी और मनस्वी तरुण–तरुणियों को इस अवसर से हाथ नहीं धोना चाहिए। कमर बाँध लो भावी घुमक्कड़ो!

संसार तुम्हारे स्वागत के लिए बेकरार है।

5. दिनकर की डायरी

(डायरी)

रामधारी सिंह 'दिनकर'

हिन्दी निबन्ध एवं अन्य विधाएँ.

2 जनवरी, 1961 (दिल्ली)

कल रात 'उर्वषी' काव्य पूरा हो गया। लगता है, माथे पर से एक बोझ उतर गया। पहले कवि चाहता है कि कविता मुझे पकड़ ले और जब कविता उसे पकड़ लेती है, तब कवि से न सोते बनता है, न जागते बनता है। अधूरी कविता क्षण–क्षण उसके दिमाग में सुई चुभौती रहती और जब तक कविता पूरी न हो जाय, कवि दिन–रात परेषानी में पड़ा रहता है रचना का यह दर्द 'उर्वषी' के प्रसंग में मैंने आठ वर्श लगातार भोगा है।

सन् 1953 ई. में आकाषवाणी के पक्स, श्री कर्त्तारसिंह दुग्गर ने मुझसे कहा था कि रेडियो से प्रसारित करने के लिए आप हमें कोई पद्य–नाटक लिखकर दीजिए।

'उर्वषी' का आरंभ

दुग्गर जी के उसी अनुरोध से था और उसका प्रथम अंक रेडियो से हुआ

प्रसारित हो जाने के बाद मैने कहा, दुग्गर प्रसारित भी हुआ था। किन्तु प्रथम अंक के जो अब इसका आगे का अंष मैं रेडियो की दर्षश्ट से नहीं लिखूँगा। इस काव्य के भीतर मुझे बहुत बड़ी सम्भावना दिखाई देने लगी है। और कविता उसी राह

से चलेगी, जिस राह से चलना चाहेगी। अतएव रेडियो से प्रसारण की बात वहीं खत्म हो गयी।

इस काव्य की रचना में मुझे कठिनाई हुई है, उतनी कठिनाई किसी अन्य काव्य की रचना में नहीं हुई थी। कविता जहाँ आकर रूक गयी, उसे वहाँ से आगे ले चलने का रास्ता दो–दो वर्श तक नहीं सूझा। इस काव्य की पाण्डुलिपि और अन्य सामग्री को लिए हुए मैं कहाँ–कहाँ नहीं घूमा हूँ? यहाँ दिल्ली में कभी जयदयाल जी के घर में जो छिपाता था, कभी चरतराम जी के घर में। एक बार सारी सामग्री के साथ कृमीर चला गया था, लेकिन कविता की एक पंक्ति भी नहीं बनी। एक बार रांची के राय बहादुर हरखचंद के बगीचे में डेरा डाल दिया था वहाँ कुछ थोड़ा काम हुआ लेकिन ज्यादा काम सन् साल में हुआ और वह काम आखिर को दिल्ली और पटने में हुआ।

सन् साठ में मैं बीमार हो गया था और लगता था कि संभव है, अब चल देना पड़े। मगर उर्वषी को पूरा किये बिना मैं मरना नहीं चाहता था। इसलिए कविता की रचना मैने जबर्दस्ती षुरू कर दी। फिर यही जबर्दस्ती प्रेरणा में बदल गयी और कविता ने मुझे जोर से पकड़ लिया। किन्तु, जभी मैं गंभीर समाधि में जाता, मुझे मूर्छा आ जाती। यह बात मैने पटने के डाक्टर घोशाल साहब से कही। उन्होंने कहा, 'अभी काव्य–रचना छोड़ दीजिए।' फिर जब मैने बहुत आग्रह किया कि 'अब तो प्राण मोह छोड़कर इस कविता को पूरा करना है, तब उन्होंने कहा कि मूर्छा आने पर थोड़ा–सा मधु चाट लिया करें। इस प्रकार प्राणों का संकट झेल कर मैनें इस काव्य को पूर्ण कर दिया। आज मैं बहुत खुष हूँ, बहुत हल्का हो गया है। उर्वषी के कम्पोजीषन से मुझे बहुत संतोश है। यह काव्य जिस रूप में लिखा गया है, उसे उससे अधिक सुन्दर रूप से लिखना मेरी षक्ति के बाहर की बात थी। मुझे लगता है, मैनें इसकी रचना नहीं की है, यह अदृष्य में कहीं लिखा–लिखाया पड़ा हुआ था। मैनें मात्र उसका अनुसंधान कर लिया है।

आज पन्त जी को उर्वषी के बारे में मैनें जो पत्र लिखा है, उसमें अपना विष्वास भी मैने लिख दिया है।

20 जनवरी, 1961 (बम्बई)

मैं घोर चिन्तना में धँप कर<br>
पहुँचा भाशा के उस तट पर,<br>
था जहाँ काव्य यह धारा हुआ,<br>
सब लिखा–लिखाया पड़ा हुआ। बस, झेल गहन गोते का सुख<br>
ले आया इसे जगत् सम्मुख ।

10 जनवरी को हवाई जहाज से बंबई आया तब से प्रायः रोज ही धर्मयुग के दफ्तर जाता हूँ। पुस्तक की साज–सज्जा के विशय में डाक्टर धर्मवीर भारती बहुत रुचि ले रहे हैं। श्री जयचन्द्र जैन से दो बार बातें हुई हैं। आज मै इस निष्चय पर आ गया कि पुस्तक को उदयांचल से ही निकालना चाहिए

21 जनवरी, 1961 (दिल्ली)

वायुयान से बंबई से दिल्ली आया। आज ही महारानी एलिजाबेथ भी दिल्ली आयी हैं। यहाँ से वे जयपुर जायेंगी और राजस्था के राजाओं से मिलेंगी। राजाओं के साथ कुछ उद्योगपति भी रानी से मिलेंगे। इसीलिए श्री श्रेयांस जी भी दिल्ली आये हुए हैं। वे भी जयपुर जायेंगे।

नागार्जुन की एक कविता निकली है, जो सभी की जबान पर है

22 फरवरी, 1961

रानी, आओ, हम ढोयेंगे पालकी।

यही हुई है राय जवाहर लाल की।

श्री मन्मथनाथ गुप्त ने तय किया कि 'उर्वषी' में जो चित्र दिये जायेंगे, उन चित्रों का स्केच ज्योति भट्टाचार्य तैयार करेंगे। आज मन्मथ बाबू ने मुझे ज्योति बाबू से मिला दिया।

25 फरवरी, 1961

श्री नरेन्द्र गोयल आये और कुछ रुपये ले गये। वे 'संस्कृति के चार अध्याय' का अंगरेजी अनुवाद तैयार कर रहे हैं।

षाम को दद्दा (मैथिली षरण) का फोन आया कि नाटक चलना है वे चिरंजीत के साथ आये और मुझे नाटक में ले गये। लेकिन उससे मुझे संतोश नहीं हुआ। रात में मैं 'क्वीन आव् षेवा' नामक फिल्म देखने चला गया।

2 मार्च, 1961 – (दिल्ली)

फिल्मों पर राश्ट्रपति जो एवार्ड देते हैं, उसकी कमेटी की बैठक चल रही है। सुबह नाष्ता करके फिल्म देखना, दोपहर में फिल्म देखना फिर रात में फिल्म देखना। यदि डॉक्यूमेंटरी को भी गिनें, तो दिन–रात मिला कर 25 फिल्में देखनी पड़ती हैं। फिल्म देखने की भूख ही मिटती जा रही है।

7 मार्च, 1961 (दिल्ली)

आज भोर आठ बजकर पच्चीस मिनट पर प. गोविन्द वल्लभ पन्त जी का देहान्त हो गया। मैथिली षरण जी और रायकृश्ण दास जी मेरे घर पर आये। फिर हम तीनों पन्त जी के अन्तिम दर्षन के लिए गये। पण्डित जी आज देष से बाहर हैं। सो भीड को षान्त रकने के लिए जो काम वे करते थे, वह काम आज श्रीकृश्ण मेनन ने किया।





15 मार्च, 1961 (दिल्ली)

आज षाम को श्री नरेन्द्र षर्मा, श्री अषोकजी, श्री महावीर अधिकारी और श्री गोपाल कृश्ण कौल आ गये। उन्हें 'उर्वषी' के अन्तिम दो अंक मैने उस प्रकार पढ़कर सुनाये, जैसे नाटक को पढ़ा जाना चाहिए।

16 मार्च, 1961 (दिल्ली)

श्री महावीर अधिकारी के साथ चाय पीने को गया। फिर अधिकारी, रामावतार त्यागी, बालस्वरूप राही और कौल मेरे घर पर आ गये। उन्हें 'उर्वषी' का तीसरा सर्ग सुनाया। सब लोगों का विचार हुआ कि बस, यह तीसरा सर्ग ही है, जो नाटक में नहीं खपता है। बाकी सभी अंक अभिनेय है।

22 मार्च, 1961 (पटना)

पटना आया हुआ हूँ। आज बिहार राश्ट्रभाशा परिशद् का वार्शिकोत्सव काका साहेबजी कालेलकर के सभापतित्व में मनाया गया। मैने काका साहब का परिचय देते हुए जो छोटा–सा भाशण दिया, उसे जनता ने बहुत पसंद किया। लोग खूब हँसे ।

षाम को आचार्य जानकी वल्लभ षास्त्री मुझसे मिलने घर पर आये। लेकिन ऐन वक्त पर बिजली फेल हो गयी। अतएव षास्त्री जी को 'उर्वषी' का कोई अंष सुना नहीं सका। केवल अँधेरे में बैठे हम दोनों बातें करते रहे।

23 पार्च, 1901 (घटना)

षाम को मासिक पत्रिका 'ज्योत्सना' के समारोह में गया। भाशण देते समय मुँह से कोई खट्टी बात निकल गयी। षिवेन्द्र को कश्ट हुआ होगा। मुझे भी ग्लानि और पष्चाताप है। षिवेन्द्र ज्योत्सना को ठीक ही तो निकाल रहा है। पत्रिका और निकाली भी कैसे जा सकती है? मुझे कम से कम इतना तो ध्यान रखना चाहिए था कि षिवेन्द्र मेरा दिली दोस्त है और उसने अपना जीवन साहित्य को दे रखा है।

30 मार्च, 1961 (दिल्ली)

आज राज्य सभा के सत्र का अन्तिम दिन था। कैनिंग लेन से साउथ एवेन्यू तक पैदल गया। फिर टैक्सी लेकर अज्ञेय जी से मिलने चला गया। हिन्दी में अज्ञेय ही हैं, जो विष्व – साहित्य की नयी प्रवत्ति के सम्पर्क में रहते हैं। बोलते वे बहुत कम हैं, षायद इसीलिए वे षीलवान दिखायी देते हैं। आज भी वे कम ही बोले, ज्यादा बातें मैं ही करता गया।

खंडवा के श्री विशणु खरे ने इलियट के 'वेस्ट लैण्ड' का हिन्दी में 'मरु प्रदेष' के नाम से अनुवाद किया है। इस अनुवाद के प्रकाषक है कटक के श्री प्रफुल्लचन्द दास। पिछली बार जब मैं कटक गया था प्रफुल्ल बाबू मुझे अपने दफ्तर में ले गये। हिन्दी में श्रेश्ठ पुस्तकें निकालने का उत्साह उनमें बहुत दिखायी पड़ा। उनका आग्रह था कि 'मरु प्रदेष' की भूमिका मैं ही लिखूँ। भूमिका मैंने पिछले

साल सितम्बर के आरम्भ में ही भेज दी थी। किताब छपकर आज आयी है। छपाई स्वच्छ हैं तथा गेट–अप भी मनोरम और गम्भीर है।

1 अप्रैल, 1961 (दिल्ली)

कल से हिन्द–पाक सम्मेलन का जलसा चल रहा है। आज विज्ञान भवन में उसका साहित्य–समारोह मेरे सभापतित्व में हुआ। मैं जब बोलने को खड़ा हुआ पष्चिमी पाकिस्तान के कवि हफीज जलंधरी ने कहा 'दिनकर साहब, आप उर्दू में बोलें।' यह सुनकर पूर्वी बंगाल के कवि जसीम उद्दीन खड़े हो गये और बोल उठे, नो, नो, दिनकर, यू मस्ट स्पीक इन बैंगाली'। हफीज और जसीम, दोनों मेरे मित्र हैं। मैं पसोपेष में पड़ गया। निदान, मैंने कहा, अगर यह बात है, तब तो मुझे अंग्रेजी में बोलना पड़ेगा। और अपना भाशण अंग्रेजी में ही दिया।

षोकत थानवी ने अपने भाशण में कहा, पाकिस्तान में हमें उर्दू को आसान बनाना चाहिए। हिन्दुस्तान में आप हिन्दी को आसान बनाने की कोषिष करें।

थानवी ने जब भाशण खत्म किया, मैने उसके कान में कहा, 'मानते हो न कि गाँधी जी अभी भी हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के लिए रलेवेंट हैं।

उसने कहा 'हाँ भाई, सो तो है।

हफीज के साथ उनकी बेटी भी आयी हुई थी। जब हम लोग सभा से निकलने लगे जसीम से हफीज से कहा, वाह यार तुमने अपनी गर्ल फ्रेण्ड से मेरा परिचय क्यों नहीं कराया?

हफीज ने कहा? 'मैं उस तरह का आदमी नहीं हूँ। जिसे तुम मेरी गर्ल फ्रेण्ड समझते हो, वह मेरी बेटी है।'

जसीम षर्म के मारे गड़ गया।

17 अप्रैल, 1961 (दिल्ली)

रात एक सपना देखा कि अपने गाँव सिमरिया और पास के गाँव बीहट के बीच मैं खेतों के ऊपर आकाष में उड़ रहा हूँ। इतने में पष्चिम की ओर से एक आदमी भैंसे पर चढ़ा हुआ आया और जहाँ मैं उड़ रहा था, वहाँ आकर रुक गया। लगा, जैसे भैंसा और मनुश्य, दोनों मुझे पहचानते हैं। उनसे बात करने को मैं आकाष से परथ्वी पर उतर आया और उस आदमी से मैनें पूछा, क्या फिल्म बनाने आये हो? उस आदमी ने कहा, 'हाँ, ब्रजदेव षर्मा की ओर से।' बस इतने में नींद खुल गयी। स्वप्न में भय का भान नही हुआ। लेकिन जागने पर मैं इस स्वप्न पर चिन्ता करने लगा।

20 अप्रैल, 1961 (दिल्ली)

साहित्य अकादमी एकोत्तर षती का हिन्दी अनुभव करावा रही है। अनुवादक हैं हजारी प्रसाद द्विवेदी, भवानी प्रसाद मिश्र और मैं। कृपलानी ने बताया कि

गुरुदेव की इच्छा थी कि उनकी कविताओं का अनुवाद पद्य में नहीं किया जाय। इसलिए हम तीनों व्यक्ति अनुवाद गद्य में ही कर रहे हैं। गद्य क्या इसे पद्यगन्धी गद्य कहना चाहिए।

5 मार्च, 1963 (दिल्ली)

बहुत–सी नारियाँ इस भ्रम में रहती हैं कि वे प्यार कर रही हैं। वास्तव में प्रेम किये जाने के कारण आनन्द से भरी होती हैं। चूँ कवे इनकार नहीं कर सकतीं, इसलिए यह समझ लेती है कि हम प्रेम कर रही है। असल में यह रिझाने का षौक है, हल्का वयभिचार हैं। प्रेम का पहला चमत्कार व्यभिचार को खत्म करने में है, पार्टनर के भीतर सच्चा प्रेम जगाने में हैं।

8 मार्च, 1963 (दिल्ली)

ऐसी औरतें हैं जिन्होंने प्रेम किया ही नहीं है लेकिन ऐसी औरते कम हैं, जिन्होंने प्रेम केवल एक ही बार किया हो।

जब प्रेम मरता है, तब बची हुई चीज ग्लानि होती है, पष्चाताप होता है।

प्रेम आग है, जलने के लिए उसे हवा चाहिए। आषा और भय के समाप्त होते ही प्रेम समाप्त हो जाता है।

सुखमय विवाहित जीवन सम्भव है। स्वादमय विवाहित जीवन सम्भव नहीं है।

प्रेम का नाम सुनते, तो बहुत लोग है, जो प्रेम में नहीं पड़ते कवियों और उपन्यास–लेखकों प्रेम का प्रचार किया है।

7 मई, 1963 (दिल्ली)

जो पद हमें नहीं मिला है, अपने को उसके योग्य सिद्ध करना आसान है, किन्तु जिस पद पर हम है, उसकी योग्यता सिद्ध करना बड़ा कठिन काम है। सज्जन तो गुणों का आदर करते हैं, मगर जनता सौभाग्य का आदर करती है।

छल–पूर्ण प्रषंसा से उपयोगी आलोचना श्रेश्ठ है, मगर कम ही लेखक उसे पसंद करते हैं।

महापुरुशों की कीर्ति उन साधनों से नापी जानी चाहिए, जिनका प्रयोग कीर्ति पाने के लिए किया गया है।

एकान्त में भी इस प्रकार का आचरण, मानो, सारा संसार देख रहा हो, पुण्य की पहचान है। कुछ लोग लोकप्रिय गीत के समान होते हैं। ऐसे गीत को कुछ दिन गाकर लोग फिर सदा के लिए भूल जाते जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है, आदमी के ज्ञान के साथ उसकी मूर्खता में भी वषद्ध होती है।

विरह छोटे प्रेम को संकीर्ण और बड़े प्रेम को विस्तरत बनाता है। तूफान दिये को बुझा देता है, किन्तु होली की आग को खूब भड़काता है।

जिसे प्यार करना छोड़ दिया, उसे फिर से प्यार करना मुष्किल काम है। जवानी बुद्धि के बखार का नाम है।

जो प्रसिद्धि तुम्हें मिली है, वह इस बात की प्रतिज्ञा है कि तुम और भी प्रसिद्धि प्राप्त करोगे।

8 मई, 1963 (दिल्ली)

हम उन्हें खूब चाहते हैं, जो हमारी प्रषंसा करते हैं, किन्तु जिनकी हम प्रषंसा करते है, उन्हें हम चाहते भी है, या नहीं, यह बताना बहुत कठिन है।

रुपये से घष्णा करने वाले लोग भी उसे छोड़ना नहीं चाहते।

लोग छोटे दोशों को यह दिखलाने को स्वीकार करते हैं कि उनमें बड़े दोश नहीं है।

औरतें अपनी वासना को काबू में ला सकती हैं मगर अपनी रिझाने की प्रवत्ति को वे रोक नहीं सकतीं।

प्रेम में पागल हो जाना किसी हद तक ठीक है, बेवकूफ बनाना बिलकुल ठीक नहीं है।

कुछ लोगों के मरने पर विलाप कम होता है, लेकिन लोग याद उन्हें ज्यादा करते हैं। और कुछ ऐसे होते है, जिनके मरने पर विलाप बहुत होता है, लेकिन लोग याद उनकी कतई नहीं करते।

ऐसी सती नारियाँ कम हैं, जो अपने जीवन को बस्वाद नहीं मानती हों। ये नारियाँ उस खजाने के समान है, जो सुरक्षित इसलिए है क्योंकि वह गड़ा हुआ है। यानी इसलिए कि उसका पता किसी को चला ही नहीं है।

टुच्चे लोगों की एक पहचान यह भी है कि जिसके समान बनना उसकी सामर्थ्य के बाहर की बात है, उसकी वे हमेषा निन्दा करते हैं।

16 45, 1963 (मिबबपस)

कौन आदमी है, जो सचमुच महान् गुणों के साथ पैदा हुआ? पहचान यह है कि उसमें इर्श्या है या नहीं।

कम ही औरतें ऐसी हैं, जो मित्रता से संतोश मानती हैं। जिन्हें प्रेम का रस मिल गया है, उन्हें मात्र मित्रता फीकी लगती है।

षत्रु का अनुमान अपने बारे में मेरे अनुमान की अपेक्षा अधिक सत्य है। आदि काण्ड में नारी प्रेमी से प्रेम करती है। उसके बाद वह प्रेमी से नहीं, प्रेम से प्रेम करने लगती है।

वह अपरिचित व्याख्या का दिन, जब षब्द षब्दों के ठीक क्रम से अलग हो जाएंगे, जब अर्थ सूखे बादल बनकर बिखर जायेंगे।

मष्त्यु जिसका पीछा कर रही हो, वह कैसी—कैसी बातें सोचता है।

7 सितम्बर, 1963 (दिल्ली)

पण्डित रामानन्द षर्मा आए हुए हैं, दुःखी, जर्जर, बीमार, विशण्ण ।

यहाँ दिल्ली में भी परिवार से घिरा हूँ। षिवसागर, आदित्य, भोला, षोभा, सभी बहुत ख्याल रखते हैं। फिर भी बच्चन की ये पंक्तियाँ रह–रह कर मन में गूँजती रहती हैं।

संघर्श से टूटा हुआ,
दुर्भाग्य से लूटा हुआ,
परिवार से छूटा हुआ,
कितना अकेला आज मैं।

10 सितम्बर, 1963 (दिल्ली)

टामस मन की 'डेथ इन वेनिस' पढ़ी। गुस्तेव उस उम्र का कलाकार है, जब कलाकार कि लिये नवीन बना रहना कठिन हो जाता है। जो कुछ वह चाहता है, उसे वह लिख नहीं पाता और जो कुछ वह लिखता है, उससे उसे संतोश नहीं होता। लेखन की प्रक्रिया से उसे वह आनन्द नहीं मिलता, जो पहले मिलता था।

सार्वभौम समादर केवल उसी कलाकार का धन है, जो जीवन के प्रत्येक सोपान पर कुछ अच्छी सरश्टि करता आया है।

गुस्तेव काल के भीतर उन लोगों का प्रजक्ता था, जो थकावट के आखिरी छोर पर भी काम करते हैं, जो ओवर–बर्डन्ड हैं। जनकी षक्ति समाप्त है, मगर फिर भी जो अपना सटैण्डर्ड गिरने नहीं देते। वे लोग, जिनके पास साधन का अभाव है, जो षनैः–षनैः आगे बढ रहे हैं, जो सारे दिन की रुक्षता में रस के दो एक क्षणों का ही उपयोग कर पाते हैं।

गुस्तेव उनका कवि है जो किस्मत की नाक पकड़कर उसे अपनी ओर घुमा लेते हैं।

22 सितम्बर, 1963 (दिल्ली)

मेरे भीतर एक आग है जो बुझती नहीं है। तो फिर वह मुझे जला क्यों नहीं डालती हैं इस आग के रंगीन धुएँ में खुषबू है। इस धुएँ में पुश्पमुखी आकातियाँ चमकती हैं। ' सौन्दर्य के तूफान में बुद्धि को राह नहीं मिलती। वह खो जाती है, भटक जाती है। यह पुरुश की चिरन्तन वेदना है।

मैं धर्म से छूटकर सौंदर्य पर और सौंदर्य से छूटकर धर्म पर आ जाता हूँ। होना यह चाहिये कि धर्म में सौन्दर्य और सौन्दर्य में धर्म दिखाई पड़े।

सौन्दर्य को देखकर पुरुश विचलित होता है। नारी भी होती होगी। फिर भी सत्य यह है कि सौन्दर्य आनन्द नहीं समाधि है।

15 सितम्बर, 1963 (दिल्ली)

विपत्ति की चोट जब असह्य हो जाती है, आदमी जीवन के मूल से सटना चाहता है। जीवन का मूल यानि काम। नारी नर को पकड़कर जीना चाहती है, और नर नारी का अवलंब खोजने लगता है।

मेरी ऐसी अनेक कविताएँ हैं, जो भागे हुए, सत्व से न जनम कर कल्पना से जनमीं थीं। मगर आगे चलकर वे सत्य हो गयीं, मुझी पर सत्य हो गयीं। उदाहरण के लिये 'उर्वषी' की ये पक्तियाँ–

असफलता में उसे जननी का वक्ष याद आता है।
संकट में युवती का षय्याकक्ष याद आता है।
भ्मंज में अमित षान्त हो पुरुश खोजता विह्वल, श्रमित–
जिमत धरकर सोने को क्षण भर नारी का वक्षस्थला
आँखो में जब अक्ष उमडते, पुरुश चाहता चुंबन
और विट में रमणी के अंगों का माहाविना

5 अक्टूबर, 1963 (दिल्ली)

सुखी प्रेम का इतिहास नहीं होता। प्रेम का इतिहास रोमास का इतिहास है। और रोमांस तब जन्म लेता है, जब प्रेम में बाधा पड़ती है, रुकावट आती है, विषेशतः तब, जब प्रेम दुःखान्त होता है। जिस प्रेम में आतुरता है, तेजी है, छटपटाहट और बेचौनी है, वह विपत्ति ला कर रहेगा।

कहते हैं, यूरोप और अमरीका में व्यभिचार सबसे बड़ी प्रवत्ति है। व्यभिचार न हो, तो कविता और उपन्यास में क्या रह जाता है? सारा साहित्य उस प्रेम के इर्द–गिर्द चक्कर काटता है, जो नियमों का पालन करना नहीं जानता। मनुश्य जाति की आधी से अधिक विपत्तियों का नाम व्यभिचार है।

विवर्जित के प्रति आकर्शण है, इसलिये विवाह टूटते हैं। लेकिन विवर्जित के प्रति आकर्शण में दुःख है, यह जानते हुए भी आदमी संत्रास को स्वेच्छया क्यों अपनाता है ?

6. मुंषी जी

(संस्मरण)

सियाराम षरण गुप्त

एक बालक रेलगाड़ी में बैठकर अपने पिता के साथ कहीं जा रहा था। उसके मन में क्या था, कौन जाने। पिता ने अपने सामने से पंखा उठाकर एक ओर रक्खा था कि बालक ने उसे फिर जहाँ–का–तहाँ रख दिया। एक बार हुआ, दो बार हुआ और तीसरी बार भी वही बात । तब पिता ने बालक को गहरी डाँट

बता दी। बालक सहन न कर सका। काँपते हुए खड़े होकर उसने कहा– घर से तो फुसला–फुसला कर लाये थे और अब यहाँ नाराज होते हैं! रोको गाडी, मैं यहीं उतरूंगा। पिता ने कहा–रोक दो गाडी उतारो इसे यहीं । गाडी जंगल से होकर जा रही थी. सब ओर निर्जन ही निर्जन था। दुःख और क्रोध में सब कुछ भूलकर बालक वहीं उतर पड़ने को तैयार हो गया। ऐसे समय साथ बैठे हुए अन्य युवक ने बालक को पकड़कर अपनी गोद में ले लिया। उसके आँसू पोंछे, पीठ थपथपाई, मधुर सांत्वना दी। यह युवक और कोई नहीं, श्रद्धेय मुंषी जी (राजकवि श्री अजमेरी) थे और वह बालक इन पंक्तियों का यह लेखक ।

यह घटना इतनी पुरानी है कि स्वयं मुझे याद न थी । मुंषी जी ने ही इसे सुनाया है, गोश्ठियों में बार–बार ऐसे रोचक ढंग से सुनाया है कि अब मेरे लिये यह उनकी पहली स्मषति हो गई है।

मुंषी जी हमारे परिवार के ही अंग थे। फिर भी मुझे उनकी पहली बात उस समय की याद है, जब मैं कवि बनने के लिए आतुर हो रहा था। दोहे में चौबीस मात्राएँ होती हैं, इसकी षिक्षा मुझे भैया से मिली

थी। परन्तु केवल दोहे लिखकर मेरी आत्मा तष्प्त कैसे होती ? एक दिन मैंने पता चलाया कि संस्कृत के बसन्त तिलका छन्द में चौदह अक्षर होते हैं, मात्राएँ गिनने की आवष्यक्ता नहीं। मेरे लिए यह खोज कम न थी । खोज का उपयोग भी उसी समय कर डाला। कई बसन्त तिलका लिखकर मुंषी जी के सामने रख दिये। देखकर उन्होंने पूछा– यह छन्द क्या

है? मैं संकुचित हो गया। डरते–डरते मैनें उत्तर दिया– वसन्त तिलका। वसन्त तिलका में चौदह अक्षर होते हैं। मुंषी जी ने अक्षर गिनने की आवष्यक्ता नहीं समझी। कहा–चौदह अक्षर होने से ही वसन्त तिलका नहीं होता। अक्षर एक क्रम से बिठाने पडते हैं। तुम्हारा यह छन्द तो कुछ नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने मेरी गलती मुझे समझा दी।

कवि बनने की मेरी लालसा तीव्र हो रही थी। सीखने के लिए सुयोग भी मेरे पास था। परन्तु सुयोग के साथ असुविधा न थी, यह नहीं कहा जा सकता यह वांछनीय न था कि घर में सब कवि–ही–कवि हो जायें। होना चाहें तो हो कैसे सकते हैं? मेरे लिये प्रबन्ध किया गया कि मैं रोकड़ बही का काम सीखूंगा। मेरा मन वहाँ भागा–भागा रहता। सोचता कि कब मौका मिले और मैं भागूँ बचूँ। एक दिन ऐसे में मुषी जी की चपेट में आ गया। मैं निष्चिंत होकर जोर–जोर से किसी कविता की आवष्ति कर रहा था। जोर–जोर से इसलिए कि कविता केवल मन के उपयोग की वस्तु है नहीं। चुपके–चुपके रसना तप्त तो होती हो कान क्यों न चाहें कि वंचित न हो। इसी जीभ और कान के अति लोभ ने उस दिन धोखा

दिया। मुंषी जी ने डाँटकर कहा– जब देखो, तब यही कामा जो बताया जाता है, वह क्यों नहीं करते? अब इस तरह पाया तो पिटोगे। मुषी जी ने कौटम्बिक हित की ही दषश्ट से ही डाटा था। उनका डाँट देना दूसरे के पीट देने के बराबर था। इसका उन्हें पूरा अधिकार भी था। परन्तु मुझे कुछ बुरा मालूम हुआ। मैं उनसे बचने की चेश्टा करता। फिर भी बचता कहाँ तक ? जब कुछ लिखता तो सम्मति और संषोधन के लिए उन्हीं के पास जाना पड़ता।

उस समय की अपनी उस कविता कृति की बात सोचकर अब आज हँसी आती है। इस समय वह किसी तरह प्रकट हो पड़े, तो कह नहीं सकता, लज्जा से कितने नीचे गड़ जाऊँ। आज मैं चाहूँ वैसे कवि से कविता की रक्षा करके उसे रोकड़ बही के काम में लगा देना ही अच्छा पर ढीठ लडके पर बातों का असर कब होता है। उन्हीं दिनों कवि पोप के बचपन की एक बात मैंने सुनी थी। पोश के पिता उसे कविता लिखने के लिये रोकते थे। आर्थिक दर्षश्ट से पुत्र के लिये काम आषाजनक न था। एक दिन पिता ने बालक को कविता करते समय पकड़ा। जब बालक की पीठ पर बेंत पड़ने लगे, तब उसने कहा– क्षमा कीजिए पिता, क्षमा कीजिए, अब मैं कविता न लिखूँगा । पिता ने निराष होकर कहा यह तो छन्दोबद्ध कविता में बोल रहा है। मुझे यह बात बहुत रुची । उसी तरह पिटने के लिये किसी दिन की कल्पना किये बिना मैं भी न रह सका। भाग्यवष यह विपत्ति कभी सामने नहीं आई। भाग्यवष इसलिए कि यदि कभी वैसा प्रसंग आता तो समझता हूँ, आँसू तो मेरी आँख से बहुत निकलते, किन्तु कविता की एक पंक्ति निकलना भी असम्भव–सा था।

उन्हीं दिनों की एक बात बहुत याद आती है। मेरे किसी षब्द के प्रयोग पर मुंषीजी ने आपत्ति की यह अषुद्ध है। मैनें कहा– ऐसा तो श्रीधर पाठक ने भी लिखा है। मुंषी जी ने उत्तर दिया उन्होंने लिखा है तो अषुद्ध लिखा है। नकल किसी की मत करो। पाठक जी के गुण तो तुम ला नहीं सकोगे, दुर्गुण–ही–दुर्गुण तुम्हारी रचना में आ जायेंगे।

मुंषी जी को स्वछता का बहुत ख्याल था। यह भीतर हो या बाहरी भैया के साथ मेरी कविताओं भरपूर संषोधन तो वे करते ही थे, पत्र–पत्रिकाओं के लिये भेजते समय उनकी प्रतिलिपि भी प्रारम्भ में बहुत दिनों तक उन्हीं को करनी पड़ती थी। मुंषी जी जब मेरी कविताओं की पतिलिपि कर देते थे, तब मुझे ऐसा लगता था जैसे यह मेरी रचना न हो। संषोधन के लिए भैया उन्हें रोकते थे कि ऐसा मत करो, जिससे यह रचना तुम्हारी ही हो जाया मुषी जी का विचार कुछ ऐसा था कि संषोधन योग्य स्थल पर कलन न चलाना काहिली है। फिर भी उन्होंने एक बार कुछ कलम चलाई। कविता भी कुछ लम्बी थी। 'वीर बालक' के नाम से

'गष्हलक्ष्मी' में प्रकाषित हुई। उसे देखकर आचार्य द्विवेदी ने भैया को लिखा कि आपके नाम से यह कविता मैं 'सरस्वती' में दे दूँ! याद रखने योग्य कदाचित् यही पहली प्रषंसा मुझे अपने साहित्यिक जीवन में मिली। भैया ने उत्तर में लिखा मैं यह उचित नहीं समझता। वह रचना मेरी नहीं है। बाद में भैया ने और मुंषी जी ने फिर उसका संषोधन किया। पूज्य द्विवेदी जी भाशा–परिश्कार का ध्यान बहुत रखते थे। कविता 'सरस्वती' के गौरव के प्रतिकूल न पड़े इसलिए यह पुनरपि संस्कार आवष्यक समझा गया। पहले छपी हुई कविता पर ही ये नये संषोधन करके उसे भेजते समय मुंषी जी को यह संतोश हुआ था कि द्विवेदी महाराज भी देख लेंगे कि कविता पहले वैसी थी और हो गयी है अब ऐसी । पूज्य द्विवेदीजी को यह बताना न होता तो मुंषी जी वह कटी–कुटी प्रति कदापि न भेजते। इस सम्बन्ध में मेरी इच्छा और अनिच्छा को कोई सवाल न था। किसी एक जगह भी जरा–सी कट–कुट जाने पर फिर से पूरा–का–पष्ष्ठ लिखते उन्हें उस समय मैं बीसियों बार देष चुका हूँ।

मुंषी जी की इस प्रवत्ति के कारण एक बार मुझे बहुत लज्जित होना पड़ा। मैं पहली बार स्वतंत्र रूप में कानपुर गया था। जाना था मुझे काषी के लिए परन्तु कहीं बीच में ही मैं किसी के द्वारा गुम न कर दिया जाऊँ इसलिए घर से यह प्रबन्ध किया था कि कानपुर में मैं श्री गणेषषंकर जी के यहाँ सन्देहास्पद व्यक्ति की तरह हाजिरी लिखा आने के लिए उतर पहूँ और वहाँ से स्वयं स्टेषन जाकर मुझे ठीक ट्रेन पर सवार करा देंगे। मैं विद्यार्थी जी के सुखद आतिथ्य का उपभोग कर सका था। इसी समय एक सम्पादक महोदय वहाँ पधारे। मेरा परिचय पाकर उन्होंने अपने पत्र के लिए मेरी कोई कविता चाही । मेरे कुछ कहने से पहले ही विद्यार्थी जी ने कहा, इन्हें कविता लिखनी तो आती नहीं कम–कम से मैने इनके हाथ की लिखी हुई कोई कविता नहीं देखी। सचमुच हाथ से लिखी कोई कविता तब तक उन्होंने नहीं देखी परन्तु फिर भी उस बात ने मुझे चोट पहुँचाई। किसी नवीन 'कवियषः प्रार्थी से कोई सम्पादक स्वतः प्रेरित होकर, कविता के लिए प्रार्थना करे और ठीक उसी समय बीच में आकर कोई अन्य व्यक्ति मामला बिगाड़ देने पर उतारू हो, तब कुछ–न–कुछ बुरा लगने की बात है अवष्य! तत्काल असहिश्णु होकर मैनें उत्तर दिया– भैया की कविता की प्रतिलिपि भी प्रायः मुंषीजी ही करते हैं। आपने उनकी लिखी भी कोई कविता न देखी होगी। बात मुँह से निकल चुकी, तब जान पड़ा कि मेरा तीखा स्वर निकले हुए षब्दों से कुछ अधिक प्रकट कर बैठा है। मैं लज्जित हुआ। वास्तव में विद्यार्थी जी उन महोदय को टालना चाहते थे। उनके कविता माँगने का ढंग उन्हें षिश्टाचार सम्मत नहीं जान पड़ा था।

मुषीजी सत्कवि थे, भाशा पर उनका अधिकार असाधारण था। ब्रजभाशा, राजस्थानी और आधुनिक हिन्दी में समान रूप से लिख सकते थे। वर्ण्य विशय का चित्र–सा खींच देने की षक्ति उनमें विलक्षण थी। कवित्व उनके लिए स्वाभाविक होने के कारण ही सम्भवतः उसकी ओर वे यथोचित ध्यान नहीं दे सके। स्वतः लिखने की अपेक्षा दूसरों की रचना में संषोधन करने और उन्हें उचित सलाह देने में ही उनके कवित्व का सन्तोश हो जाता था। कोई नया कवि उनके पास आता, तो उसके लिए अपना यथेश्ट समय देने में उन्हें कभी संकोच न होता था। इसी से वे लिख थोड़ा सके हैं, परन्तु जो कुछ उन्होंने लिखा है, उसमें उनके विषेशत्व की छाप है। लिखते भी बहुत षीघ्र थे। एक दिन कहीं जाते–जाते उन्होंने एक बड़े छन्द में पचास–साठ पंक्तियाँ तैयार कर डालीं। जाकर जब उन्होंने मुझे सुनाया तो मैने कहा यह ठीक नहीं है। इन पंक्तियों का बोझा मस्तिश्क से उतार कर कागज पर रख दीजिए। सम्भव है, इस

तरह के अनेक अनावष्यक बोझों के कारण ही आप लिखने की ओर समुचित ध्यान नहीं दे पाते। मुंषी जी ने मेरी बात मानकर यह कविता जितनी उस समय तैयार हो चुकी थी, लिखकर रख ली। वह किसी कविता– पुस्तक का प्रारम्भिक भाग था। परन्तु कागज पर उतार देने से ही जैसे उनका काम पूरा हो गया। फिर वह कविता कभी पूरी न हो सकी।

एक बार प्रवास में उन्हें अवकाष मिला। बातचीत करके किसी अन्य व्यक्ति को सन्तुश्ट कर सकें, सम्भवतः यह सुयोग उस समय उन्हें न होगा। तब उन्हें सूझा कि अपने से ही बात करके अपने को सन्तुश्ट किया जाय। कविता आत्म–सन्तोश का ही पूरा नाम है। परिणाम यह हुआ कि दस–बारह दिन में ही वहीं बैठकर उन्होंने अपनी प्रसिद्ध कविता पुस्तक 'हेमला सत्ता' लिख डाली। उसी को देखकर पहले पहल मेरे मन में आया कि क्या अच्छा हो यदि मुंषी जी ऐसा ही कुछ और साहित्यिक कार्य करें। षक्ति का यथोचित उपयोग न करना नैतिक अपराध है। मैनें मुंषीजी को तंग करना षुरु किया। वे असन्तुश्ट नहीं हुए। वैसे उनका जैसा स्वभाव था, वे नाराज होकर कह सकते थे। यह बेगार अपने से नहीं होने की। उन्होंने कुछ लिखा भी, परन्तु मौजी जीव थे अधिक ध्यान न दे सके। मैं अधिक इच्छुक था। श्रेयसि केन तृप्यते। जो व्यक्ति चलते–जाते दस–दस पन्द्रह–पन्द्रह छन्द बनाने की क्षमता रखता हो उसने हजार–दो हजार पंक्तियाँ दे भी दी, तो उतने से जी किसका भर जायेगा? मेरी इस प्रवृत्ति के लिए अपने 'गोकुलदास' नामक काव्य में उन्होंने मेरे लिए इस प्रकार लिखा

अब मेरे लिए यही ठीक था कि मैं प्रेम से तुम्हारी रचनाओं का आनन्द प्राप्त करता रहताय पर तुम्हारी निरन्तर प्रेरणाओं ने मुझे इस अवस्था में भी विश्राम न लेने

दियाय उठाया, बैठाया और दौड़ाया भी मैने बहुत कहा मैं कहीं गिर–गिर पहुँगा, पर तुमने हमारी भी न मानी।''मेरे कहने से मुंषीजी ने लिखने की ओर जो थोड ़ा–बहुत ध्यान दिया, उसे मैं अपनेलिए बहुत बड़े गौरव की बात समझता हूँ। मेरे इस उत्पीड़न का उल्लेखकरते–करते वे गद्गद हो उठते थे। उनका हृदय ऐसा ही कोमल, सरस औरभावुकता से भरा था।

इकाई – 13 रामधारी सिंह 'दिनकर'

उनकी सूझबूझ विलक्षण थी। बातचीत में उनका प्रत्युत्पन्नमतित्व स्वयं देखने और रस लेने की वस्तु थी। आवष्यक होने पर परन्तु बात करते–करते छन्द–रचना करके श्रोता को चकित कर देना उनके लिए साधारण बात थी। आषुकवितयों की कविता में स्थायित्व का गुण प्रायः नहीं देखा जाता। फसल के पौधों की तरह आई और बह गई। परन्तु मुंषी जी की कविता की बात दूसरी है। बड़े–बड़े साहित्यमर्मज्ञों को मुग्ध करने का गुण उनमें था। मैं उस समय वही बैठा था। आचार्य द्विवेदीजी ने उन्हें आज्ञा को कुछ अपना हाल सुनाओ। मुंषी जी ने अपने कुछ कवित्त पढ़े सुनकर द्विवेदीजी बहुत प्रभावित हुए। कहा– आपने भूशण को मात कर दिया। पास ही मार्मिक समालोचक पण्डित रामचन्द्रजी षुक्ल बैठे थे। उन्होंने कहा– भूशण में भाशा की ऐसी स्वच्छन्दता और संस्कार नहीं मिल सकता।

कहीं बाहर जाते थे, तो वहाँ से मेरे लिए लम्बे–लम्बे पत्र लिखा करते थे। उनकी इच्छा यही रहती थी कि जो कुछ आनन्द का उपयोग उन्हें हो उसका लाभ हम सबके भाग में भी आना चाहिए। वे पत्र बार–बार पढ़ने की वस्तु होते थे।

–मुषी जी ने आने जीवन में काफी उतार–चढ़ाव देखे थे। जब उनके पिता की मष्त्यु हुई, तब उनकी अवस्था सोलह वर्श की थी। एक साथ हो उस समय दुर्बल कन्धों पर गएहस्थी का जोष आ पड़ा था। उस समय जीविका के लिए उन्हें दूर–दूर तक ऊँट की सवारी साथ लेकर भ्रमण करना आवष्यक हुआ। उस भ्रमण में उन्हें न जाने कितने भिन्न–भिन्न प्रकृतियों के व्यक्ति मिले, न जाने कितने–कितने हर्श–विशाद और आषा–निराषा के प्रसंग उनके सामने आए। उनकी स्मरण षक्ति इतनी तीक्ष्ण थी कि वर्शों बीत जाने पर भी साधारण–से–साधारण बात उन्हें याद रहती थी। उनकी स्मषति पटल पर ये सब प्रसंग आज भी उसी दिन की ताजगी से अंकित थे। मैने कहा–अपना भ्रमण– वष्तान्त आत्मकथा के साथ लिख डालें, तो मैं समझता हूँ, हिन्दी में ये चीज बेजोड़ होगी। उन्होंने टाल–टूल की, परन्तु मेरा ख्याल है, मेरा प्रस्ताव उन्हें पसंद आ गया था। फिर भी ऐसे किसी काम के लिए उन्हें बार–बार प्रेरित करना आवष्यक था। उनकी मष्त्यु के कुछ ही दिन पहले जब मैनें फिर वही अनुरोध उनसे किया तब मुझे आषा हुई थी कि अब की

बार कदाचित् उन्हें इस काम पर बिठा सकूँगा। एक बार उन्हें बिठा भर देने के बाद कठिनाई न थी । परन्तु किसे मालूम था यह बात होने को न थी ।

स्वर्गीय प्रेमचन्द्र जी की आत्मकथा के लिए भी मैं बहुत उत्सुक था उन्होंने मेरा अनुरोध मान भी लिया था। परन्तु न तो उन्होंने अपनी आत्मकथा लिख पाई और न मुंषीजी ने हो। कदाचित् नियम ऐसा है कि हम लोग जिस वस्तु के लिए बहुत उत्सुक हों वह प्रायः हमारे हाथ नहीं पड़ती।

मुंषीजी बीच–बीच में कहा करते– अब मैं वष्द्ध हो गया हूँ, मुझसे काम नहीं बन सकता। यह वष्द्ध होने की भी कैसी मनहूस बात है! मै कहता आप वष्द्ध कैसे हो गये? मैं आपके सामने बच्चा हूँ, आप अधिक–से–अधिक तरुण हो सकते हैं, यदि किषोर न रहना चाहें। आज जब वे हम लोगों के बीच में से चले गये–तब भी पन यह मानने के लिए तैयार नहीं होता कि वे वष्द्ध हो गये थे। संसार में प्रायः अकाल मष्त्यु ही देखी जाती है। मुंषी जी के सम्बन्ध में तो मष्त्यु किसी समय भी ऐसी ही मालूम होती ।

खरी बात कहने में चूकते उन्हें कभी नहीं देखा गया। सत्य के लिए वे अपनी स्वाभाविक मष्दुता और अपने हानि–लाभ का भी परित्याग कर देते थे। द्विवेदी अभिनन्दन के उत्सव का सभापतित्व करने ओरछा के महाराजा साहब काषी आये हुए थे। वहाँ द्विवेदीजी के किसी प्रष्न के सिलसिले में महाराज ने अनेक सम्मानित विद्वानों की गोश्ठी में कहा था कि मुंषी सत्य के लिए किसी की परवाह नहीं करते। कभी–कभी मुझसे इस तरह झगड़ जाते हैं कि मैं ही जानता हूँ।

साहित्य की अपेक्षा अनुश्य अपने निजी जीवन में अधिक स्पश्टता से व्यक्त होता है। मुंषीजी के संसर्ग में थोड़ी देर के लिए जो भी व्यक्ति आया वह उन्हें कभी नहीं भूला। दो चार बातें करके ही वे किसी को अपनी ओर आकर्शित कर लेते थे। मुंषीजी जन्मना मुसलमान होकर भी संस्कारतः वैशणव थे। प्रायः लोगों को विष्वास न होता था किवे मुसलमान हैं। हिन्दू–धर्म में उनकी आस्था ऐसी अटल थी। भक्तिरस की कविता से तुरन्त ही उन्हें अश्रुपात होने लगता था। भैया उन्हें कोई रचना सुना रहे हैं और उनकी आँखों से अजस्र आँसुओं की धारा बह रही है। ऐसी स्थिति में अनेक बार ऐसा हुआ है कि कविता की अपेक्षा मेरा हृदय उनके आँसुओं से अधिक द्रवित हुआ। मुझे बार–बार इसका अनुभव हुआ है कि मुंषीजी जैसा सरल कोमल हृदय कहीं मुझे भी मिला होता ।

बहुत दिन पहले एक बार मुंषी जी को कोई रोग हुआ। रोग कदाचित् रक्त सम्बन्ध ी था । उससे उन्हें बहुत चिन्ता हुई। उस समय उन्होंने नियम किया कि वे प्रतिदिन नियमपूर्वक मन्दिर में

जाकर कीर्तन करेंगे। थोड़े ही दिनों में उनका रोग अपने आप दूर हो गया। उनकी श्रद्धा ऐसी ही अटल थी। उनका विष्वास था कि षुद्ध मन से जब कभी वे प्रार्थना करेंगे वह निष्चय ही होगी। एक बार उनका एक कृपापात्र किसी अभियोग में गिरफ्तार हो गया। तुरन्त मन्दिर में जाकर उन्होंने साश्रु वदन प्रार्थना की। मन्दिर से बाहर आकर उनका जी हल्का हो गया। मित्र की विपत्ति की ओर से उनको किसी तरह की षंका न रही। बाद में एक दूसरे व्यक्ति ने उन्हें सुझाया कि तुमने एक जन के लिए तो प्रार्थना की है, किन्तु उस अभियोग में एक अन्य जन भी पकड़ा हुआ है। उसके लिए भी प्रार्थना करो। मुषी जी फिर मन्दिर पहुँचें परन्तु उन्हें अनुभव हुआ यह दूसरा व्यक्ति नहीं छूटेगा इसे छूटना होता तो पहली बार में ही मैं उसे क्यों भूल जाता? अन्त में हुआ भी ऐसा ही पहले वाला व्यक्ति निर्दोश होकर छूट गया, दूसरे को सजा हुई।

हिन्दुत्व का प्रभाव उन पर इतना गहरा था कि कभी–कभी वह मुझे अरुचिकर हो उठता था। खान–पान में छुआछूत का विचार कुछ कड़ाई से करते थे। कई बार मुझे यह षिकायत हुई है कि आपने तो हिन्दुओं के दुगुर्ण भी अपना लिए।

इतने अधिक वैशणव भावापन्न होकर भी वे संकीर्ण न थे। प्रायः देखा है कि पैगम्बर साहब की स्तुति में दर्द की एक कविता गाते–गाते वे आत्म–विस्मष्त हो उठे हैं। असम्भव नहीं है, पैगम्बर साहब की प्रषंसा में भी अपने उपसाय राम और कृश्ण की ही झलक देखते हो। उनके मन में अटूट श्रद्धा और अपार भक्ति थी और प्रधान वस्तु है भी यही ।

हिन्दू संगठन के सिलसिले में लोगों ने कहा–मुंषी जी आप षुद्ध होकर हिन्दू हो जाइये। विचारों से आप हिन्दू हैं ही। उन्होंने उत्तर दिया, ऐसा मुझमें अषुद्ध क्या है, जो मैं षुद्धि कराने जाऊँ। सम्भवतः वे चे अनुभव करते थे कि हिन्दुओं में उस बल की कमी पड़ गई हैय जिसके कारण उनके बीच में अपने ही अपने बनकर नहीं रह पाते।

मुंषीजी में आत्मभिमान था और कम भी नहीं था, फिर भी वह उस सीमा तक नहीं पहुँचा था, जहाँ पहुँचकर अहंकार में बदल जाता है। बड़े–बड़े विद्वान और महापुरुश उनके गुण का आदर करते थे, राजा–महाराजाओं में उनका सम्मान था, फिर छोटे कहे जाने वाले व्यक्ति के पास बैठकर उसे संतुश्ट करने में भी उनके जी को बहुत सुख मिलता था। प्रायः ऐसा हुआ करता था कि घर से कहीं दूसरी जगह के लिए निकले हैं और बीच में ही किसी बढई, लुहार या दरजी के यहाँ जाकर जम गये। घण्टों उन लोगों का मनोरंजन करके ही तक कहीं वहाँ से उठते थे। ऐसे में प्रायः उन्हें अपने प्रधान कार्य की सुध भी भूल जाया करती थी। उनका यह गुण इतना अधिक था कि कभी–कभी इसे दोश कहने की इच्छा होती है।

यदि उन्हें समय का ध्यान होता तो वे जितना साहित्यिक कार्य कर गये हैय उससे बहुत अधिक कर गये होते। कहीं बैठे है तो बैठे ही है। रात में सोते बहुत देर से थे। रात के एक दो बजे सोना तो उनके लिए आसान बात थी। कभी—कभी घडी देखकर कहने लगते—यह गलत हो गई है अभी इतना समय नहीं हुआ।

ऐसे अवसरों पर मैं हँस उठता हूँ। परन्तु अब ध्यान में आता है कि कभी—कभी घड़ी भी गलत समय दे जाती है। क्या अभी इतना समय हो गया था कि मुंषी जी जमी हुई गोश्ठी सूनी करके

उठ जाते उनका षरीर कुछ दिनों से अस्वस्थ प्रतीत होता था। नागरी प्रचारिणी सभा, काषी में 'सूरसागर' का सम्पादन करते समय उन्हें ज्वर और खांसी की षिकायत हो गई थी। वहाँ परिश्रम और हवा पानी उन्हें सहन नहीं हो रहा था। फिर भी वे चाहते थे कि जो काम हाथ में लिया है. वह अधूरा न छूटना चाहिए। परन्तु वहाँ कुछ ऐसी बातें सामने आईं कि उन्होंने त्यागपत्र दे देना ही उचित समझा। वहाँ से लौटकर जब वे घर आये तो हमस ब लोगों को बहुत चिनता हुई। मैने कहा— जिनके असद्व्यवहार के कारण आपको त्यागपत्र देना पड़ा है, उन्होंने हमारे साथ यह बहुत बड़ा उपकार ही किया। आज भी मेरा यही विष्वास है। उस समय उन्हें जो ज्वर बस गया था, वह बहुत दिनों में सुयोग्य चिकित्सकों की चिकित्सा से ही दूर हो सका था।

उन्हें स्वस्थ देखकर आषा हो चली थी कि संकट टल गया। उनके पिता का देहावसान चहुँतर—पचहत्तर बरस की अवस्था में हुआ था। इसलिए हाल में तो किसी तरह की आषंका ही न थी। मुंषी जी इस समय पचपन वर्श के ही थे परन्तु होना तो यह था। आजीवन उन्होंने हँसाया थाय वही इस तरह रुलाते भी नही तो और कौन रुलाता। न जाने कितनी बातें मन की मन में रह गईंय न जाने कितनी आकांक्षाएं और थीं जो पूरी न हो सकीं, जहाँ की तहाँ मुरझा गई हैं।

बहुत बचपन में उनकी मनोहर कहानियाँ सुनता आ रहा हूँ। बचपन में भी कहानी सुनने के लिए उन्हें बहुत घेरा है और आज भी बच्चों को सह देकर इसके लिए सबके आगे ही जमकर बैठा हूँ। इधर मैनें कुछ कहानियाँ लिखने का लोभ किया था। जब 'अन्तिम आकांक्षा' नामक उपन्यास लिखा, तब इच्छा थी, उन्हें भेंट करके उसमें लिख दूँ कि सदैव आपसे ही कहानी सुनता आया हूँ आज भी मेरी यह धाटता क्षमा करो! किन्तु उस समय वैसा न कर पाया, इच्छा रखकर भी न कर पाया न जाने क्यों मुझे यह विष्वास हुआ कि यह रचना उन्हें पसन्द नहीं होगी। बाद में स्वयं पढ़कर जब उसके लिए उन्होंने मुझे अत्यन्त प्रोत्साहित

किया, तब अपनी भ्रान्त धारणा के लिए खेद करके ही रह जाना पड़ाय सोचा अब अपने अगले उपन्यास में ही यह इच्छा पूरी होगी। इधर मैं एक उपन्यास लिख रहा था। थोड़ा ही और लिखने के लिए और था कि भाई जैनेन्द्र कुमार अचानक यहाँ आ गये। उन्होंने उसे उतना ही देख डाला। तब मैनें यह उचित समझा कि इतना ही मुंषी जी को भी दिखा दूँ। मुंषी जी ने भी तब मेरी वह अध री हस्तलिपि प्रसन्नता पूर्वक पढ़ डाली। सोचा, अबकी बार अपनी वह वांछित धाटता मैं सन्तोश के साथ पूरी कर सकूँगा। उस समय क्या जानूँ कि अदनट में कुछ दूसरी बात है। उस समय भी उनके षरीर पर वे फोड़े मौजूद थे, जिनमें से एक ने विशाक्त होकर एक पखवारे के भीतर ही उनको हमारे बीच से छीन लिया।

मष्त्यु के एक दिन पहले जब उन्हें कुछ–कुछ बेहोषी आ चली थी, तब उन्होंने मुझसे पूछा–उपन्यास कितना और लिख चुके ? मुझे लज्जा मालूम हुयी उनकी तबियत खराब हो रही हो और मैं निष्चिन्त होकर लिखता रहूँ, यह मेरे लिए लज्जा की ही बात थी। मष्त्यु के आठ घण्टे पहले उनके लिए जब झाँसी से फिर डॉक्टर आया, मैं भी उनके सामने हुआ तब वे बहुत कम सचेत थे। फिर भी उन्होंने मुझसे यही प्रष्न किया–क्या इस समय लिख रहे थे? यही अन्तिम बात थी, जो उन्होंने ज्ञानतः मुझसे कही ।अवस्था चिन्ताजनक होने पर भी किसी को भान तक न था कि आज की ही रात ऐसी भयंकर निकलेगी, जिसका आघात जीवन भर सहना होगा।

उस दिन की बात भुलाये नहीं भूलती। इसी ज्येश्ठ की पहली प्रतिपदा का प्रातः काल था गाँव भर में एक साथ बिजली–सी–गिरी कि रात में मुंषी जी का देहांत हो गया। क्या मुंषी जी का देहांत हो गया? सहसा आँखों में आंसू भी न आ सके। एकाएक यह क्या हुआ? कल सध्या समय ही तो झाँसी के एक कुषल डॉक्टर पूर्ण निष्चिन्त रहने का आष्वासन दे गये थे। किन्तु डॉक्टर के कहने से ही क्या, आघात कितना कठोर था कि पहले से उसकी कल्पना ही असा थी न रोना आया न चिल्लाना। जैसे किसी ने सारी बोध – षक्ति छीन ली हो।

एकदम रुक जाता था।

मुंषी जी से ही सुना है कि एक कहानी कहने वाला जहाँ देखता है कि सुनने वाला एकाग्र हो गये हैं, सभी में आगे के लिए तीव्रतर उत्सुकता है बस वहीं वह असमाप्त होने पर भी अपनी कहानी समाप्त करने में उसे विषेश प्रसन्नता होती थी। मुषी जी को यह ढंग पसन्द न था। पूरे विस्तार के साथ यथार्थ से अन्त तक पहुँचकर भी और–और, फिर–फिर का समाधान करने को विष्वस्त षक्ति उनमें थी। परन्तु आज यह क्या बात हुयी ? कैसे उनकी जीवन की ऐसी बड़ी कहानी असमय ही इस प्रकार समाप्त हो गयी?

भैया ने आज्ञा की चलो मुंषी जी को कब्रस्तान तक और पहुँचा आयें। मुंषी जी के घर पहुँच कर मैं भी अपने रुक्ष आंसू न रोक सका। स्त्रियों के क्रन्दन की ध्वनि दूर से ही सुनायी दे रही थी। लोग हृदय पर पत्थर सा रखे चुपचाप इधर–उध ार जाकर तैयारी कर रहे थे, जिसमें कोई विलंब न हो। जो व्यक्ति सम्पूर्ण मोह–ममता छोड़ चुका है वह फिर हमारे किस काम का? उसे तो षीघ्र से षीघ्र उसके असली ठौर पर पहुँचा देना चाहिए। बात कुछ बुरी थोड़े है।

द्वार तक पहुँच कर भी भीतर न जा सका। मन एकदम इन्कार ही कर बैठा। आजीवन मुषी जी को जिस रूप में देखा है, मन के भीतर वही रूप क्यों न अंकित रहने दूँ? आज के इस ंपत ंज भ्तमकता ही क्या है?

भैया भी चुपचाप बाहर के ही चबूतरे पर पैर लटका कर बैठ गये थे। रात को मुषी जी की मष्त्यु के दस–बीस मिनट पहले वे वहाँ से हट आये थे इसलिए किसी व्यक्ति ने बताया कि मरने के कुछ पहले मुंषी ने बड़े जोर से कहा था 'मैथिलीषरण! मैथिलीषरण!' न जाने, वह जाने वाली आत्मा उस समय क्या सोच रही थी, न जाने कौन सी बात, न जाने कौन सा रहस्य कहने के लिए उसके भीतर ही रह गया, निर्मल मष्त्यु ने उसे प्रकट नहीं होने दिया।

देखता हूँ मुंषी जी का कनिश्ठ पुत्र आकर सहसा भैया के पैरों में चिपट गया है। रोते–रोते उसने कहा–क्या करूँ दद्दा, क्या करूँ? कैसे सहूँ मेरी तो छाती फटी जा रही है। लोगों ने देखा– भैया का धीरज भी उनका साथ नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा– भैया, धीरज धर, हिम्मत नहीं खोनी चाहिए धीरज खोना तो नहीं चाहिए, परन्तु ऐसे जन से किसी को क्या धीरज मिल सकता जिसका कंठ अपने में न हो, जिसकी आँखें स्वयं ही आँसू बरसा रही हों।

मुंषी जी के तीन पुत्र हैं। तीनों ही पूर्ण वयस्का ज्येश्ठ पुत्र ऐसा ही था, जैसे कोई बात उसके कान में ही न जाती। मध्यम को इधर–उधर के काम में योग देना पड रहा था। योग देने की एक ऐसी असाहयता होती है। कनिश्ठ की हालत वैसी ही थी। विचित्र विक्षिप्तता थी। तीनों के तीनों जैसे एक ही षोक के तीन विचित्र चित्र हो, सोचा यहाँ से हटकर मुषी जी के ही दर्षन क्यों न कर लूँ। यह दर्षन षिश्टाचार का दर्षन नहीं सचमुच दर्षन ही था।

भीतर जाकर षुक कर प्रणाम किया पैर हुए परन्तु उनके मुख की ओर न देख सका। किसी तरह वहाँ आँखें ठहरी ही नहीं। इसी समय देखा, बड़ी लड़की अन्तिम दर्षन की बात सुनकर बेहोष हो गयी है। अर्थी उठी! बहुत बड़ी संख्या में हिन्दू और मुसलमानय सबके सब षोकमग्न, सिर झुकाए हुए, चुपचाप ! यह मौन है किसलिए? क्यों नहीं आज झालरें और घण्टे बजते हैं, क्यों नहीं आज षंख जीवन का विजय घोश कर उठता है? आज एक षुद्धात्मा हंसता– हंसता अपनी

इहलीला पूरी करके उस लोक को जा रहा है। ऐसे में भी मंगल घोश न होगा तो और कब होगा? परन्तु मुसलमानी धर्म में यह सब अषास्त्रीय हैं, हाँ, षोक विधि ा षोक के साथ ही हो। जाने वाली आत्मा को अब इन बातों से कुछ प्रयोजन नहीं रहा ।

अर्थी उस घर के फाटक के सामने पहुँची जिसकी ओर से मुँह फेरकर मुंषी जी कभी नहीं गएय जिसके भीतर जाने के लिए मुंषी जी को आंधी में, पानी में, उजले दिन में, और घोर अंधेरी रात में कभी समय–असमय नहीं था। वह फाटक जिसमें आज उनके चले जाने पर भी प्रायः मुझे अनुभव होता है कि अपना ऊँचा बल्लम लिए, खादी के कुरते पर खादी का ही साफा बाँधे हुए वे प्रवेष कर रहे हैं और थोड़ी देर में ही हंसते–हंसते हम लोगों के सामने बल्लम टेकर आ खड़े होंगे! वह फाटक भी पीछे छूटा वहाँ एक बालक अर्थी देखकर इतना विकल हो उठा कि उसे संभालना कठिन था। रो ले भाई, तू भी रो लें! उस सुखद गोद में तू हंसा खेला भी तो कम नहीं है।

कब्रस्तान में उसी जगह से मिली हुयी कब्र खोदी गयी थी जहाँ बीस–बाइस वर्श पहले मुंषी जी हमारी भाभी को सुला आये थे। पत्नी के बगल में आज निरसंकोच सो सकने के लिए ही मुंषी जी ने दोबारा विवाह नहीं किया था। वहाँ खादी की षुभ्र चादर पर लिटा दिये गये। भैया जनकपुर और अयोध्या की तीर्थ मृतिक, रेणुका और गंगाजल साथ ले गये थे। उसे चढ़ाने के लिए मुसलमान भाइयों ने ऐतराज नहीं उठाया भैया ने उसे मुझे सौंपते हुए कहा– लो चढ़ा आओ। मैनें यंत्र चलित की माफिक सब काम कर दिया।

भैया भी मिट्टी देकर आयो उन्होंने कहा– देखा तुमने अजमेरी की ओर ? जैसे उन्होंने इस ओर इस लोक से दर्षश्ट फेर ली हो। कहीं दूसरी ओर ? उनका ध्यान चला गया है, षांत, गंभीर, किन्तु कितनी आत्म गौरव मंडित वह आकृति है! यहाँ उस मूर्ति को जैसे अब कोई प्रयोजन नहीं रहा । ग्रीश्म की लू प्रखर हो रही थी। वष्क्ष सरसराहट के साथ साँ–साँ करते दिखाई दिये। इधर यह दूर तक फैली हुयी पक्की सड़क सूनी–सी दिखाई दे रही है। उसके बाद वह कुआँ, फिर वे वष्क्ष, उनके भी बाद आकाष में घुली मिली दूर की पहाड़ियों की वह नीलिमा । कहीं कुछ नहीं। इतने अधिक जनसमूह के साथ भी हम सब लोग अकेले पड़ गये हैं।

मुंषी जी को मनों मिट्टी के नीचे छिपाकर हम सब लोग लौट पड़े।

सत्य अपने स्वाभाविक रूप में ही कितना मनोहर हो सकता है, यह बात मुंषी जी से समझना चाहिए। ऐसा ही कुछ श्रद्धेय भाई साहब रायकृश्णदास जी ने एक बार

मुंषी जी के सम्बन्ध में लिखा था। सत्य सदैव मनोहर ही नहीं, वह भयंकर कठोर भी है। आज के दिन यह भी मुंषी जी ने ही प्रकट कर दिया।

7. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(भेंट–वार्ता)

पद्मसिंह षर्मा 'कमलेष'

दिसम्बर मास में एक प्रातःकाल नौ बजे जब मैं निराला जी के यहाँ पहुँचा और दरवाजे पर दस्तक दी तो मन में संकोच भी था, और भय भी। संकोच इसलिए कि मेरा उनका साधारण सा परिचय था और भय इसलिए कि इतने बड़े साधक के यहाँ बिना सूचना दिये पहुँच जाना अनुचित है। लेकिन विवष्ता थी इलाहाबाद पहुँच गया था और ठहरना भी कहीं था। दारागंज के इक्के के अड्डे पर पहुँचा तो कुछ देर सोचने के बाद यही ठीक समझा कि निराला जी का ही पता पूछा जाय। यों वहाँ और भी स्नेही और कृपालु मित्र हैं पर उस समय आसानी से पता लग सकता था, तो इसी कलाकार का। इसलिए इक्के से उतरकर एक दूधवाले से पूछा तो उसने निराला जी के घर का पता बता दिया और संकोच और भय से भरा उनके द्वार पर निराला जी ने बिस्तर ऊपर ले आने का आदेष दिया। मैने पहले उनकी पद–रज ली और फिर बिस्तर उठाकर ऊपर ले गया। जैसे ही ऊपर पहुँचा वे बोले दृ 'देखो वह झाड़ू है इन कोनों को झाड़ लो और यहीं बिस्तर लगा लो षाम को तख्त बिछा लेना।' मैने तत्क्षण उनकी आज्ञा का पालन किया। जा पहुंचा। दरवाजा खटखटाने के दो मिनट बाद ही द्वार खुला

3 बिस्तर ठीक–ठाक करके मैं बाहर खुली छत पर आया। छत पर एक तख्त पड़ा था, जो छत ही की तरह बीच में से झुका था। निराला जी उसी के पास बैठे प्याज काट रहे थे और मैं उनके घर को देखने लगा था। घर क्या है, सौ– सवा सौ वर्श पहले की भवन निर्माण का नमूना है। उसके दो हिस्से हैं। आगे बाल हिस्से में खपरैल पडी है और उसमें उनके मालिक एक पण्डित जी रहते हैं जो स्वयं अकेले हैं। रात को बहुत देर तक वे सितार बजाया करते हैं। पीछे के हिस्से में निराला जी रहते हैं। उसके पास एक कोठरी है। उसके आगे एक कोठा है और उस कोठे से सटी एक तंग रसोई है। जिसमें बाँस की जाफरी (टट्टी) लगी है। निराला जी के कोठे से ही लगा जीना है। आँगन बहुत छोटा है, जो षायद वर्शों से धुला नहीं है। दीवारों पर मिट्टी की पुताई है, सफेदी की नहीं। नीचे के हिस्से को देखने से पता चलता है, मानो उसकी स्थिति ऊपर की स्थिति को बनाये रखने के लिए ही है, कोई और उपयोग उसका नहीं। हाँ, गर्मियों में निराला जी नीचे की एक कोठरी का उपयोग कर लेते हैं, जिसमें उनकी कुछ पुस्तकें रखी हैं। नीचे के हिस्से ही की क्या, मुझे तो ऊपर के हिस्से की भी स्थिति कुछ ठीक नहीं

जान पड़ी। वह इसीलिए कि उसका निवासी उसमें एक बिरागी की ही भाँति रहता है जिस कोठरी में यह स्वयं रहता है उसके एक कोने में मिट्टी के तीन–चार बर्तन रखें जिसमें से एक में आटा है, एक में दाल। बाकी खाली पड़े हैं। दो–तीन ईंटो के टुकड़े हैं जो इन बर्तनों के जमाने के काम आते हैं। सूखी सी दवात और टूटा–सा होल्डर है, जिससे यह कलाकार – कलाकृतियों की रचना करता है। दो–तीन बांगला, अंग्रेजी और उर्दू की पुस्तकें हैं, एक–दो मासिक और साप्ताहिक पत्र भी बिखरे पड़े है। एक और छोटा–सा ट्रक है, जिस पर 'अपरा' (निराला जी का नया काव्य–संग्रह) के फार्म रखे हैं। एक खूँटी पर खादी का पुराना कुर्ता टंगा है। एक दूसरे कोने में पुराने जूते रखे हैं। सामने की खिड़की में कड़वे तेल का एक दीपक है, जिसके पास ही तेल की एक षीषी है जो खाली पड़ी है। कोठरी के ठीक बीच में एक पुराना फटा–सा गूदड़ है, जिस पर षक्तिषाली कलाकार रैन बसेरा करता है। यह तो उसकी कोठरी की हाल है। कोठा भी ऐसा ही है। उसकी छत भी नीचे झुकी है और कड़ियाँ नीचे निकली हुई हैं। उसमें किसी आले में नक है, किसी में मिर्च और किसी में प्याज और लहसुन की दो–एक गाँठे । एक अलमारी में दो बर्तन हैं। जिनमें एक घी का है और दूसरे में चूना भीग रहा है, जिसके पास ही पत्ते का तम्बाकू भी रखा है। चौके का भी यही हाल है। फर्ष सब कच्चा है। यों पूरा घर उस कलाकार की लापरवाही की ओर संकेत करता है। ठीक भी है, जिसने दुनिया की कोई परवाह भी नहीं की, उसे ठुकरा दिया वह उस घर की क्या चिन्ता करे।

इस प्रकार मैं घर का निरीक्षण कर रहा था और उसकी जीर्ण–षीर्ण स्थिति से हिन्दी के उस गौरवषाली कलाकार के व्यक्तित्व को मिलाकर आष्चर्य कर रहा था कि निराला जी ने कहा– 'मैं बहुत थक गया हूँ। बाजार से जाकर आलू, टमाटर और हरी मिर्च ले आओ। तुम्हारे लिए तक तरकारी और बन जायेगी।' और मेरे हाथ में एक दुअन्नी रख दी। मैं चाहता था कि उन्हें मना करूँ और कहूँ कि मेरे लिए अलग तरकारी की आवष्यकता नहीं है, पर उनकी आदत जानता था, वे अपनी बात में संषोधन और विरोध नहीं सह सकते। इसीलिए सीधा बाजार चला गया और तरकारी लाकर उन्हें दे दी। उस समय दस बजे थे।

निराला जी चौके में थे। दाल, तरकारी और रोटियाँ बना रहे थे। मैने इसी बीच में स्नान किया, कपडे धोये और आकर धूप में बैठ गया। मैने उनसे कहा कि मैं रोटी बना सकता हूँ पर उन्होंने मुझे वैसा नहीं करने दिया और स्वयं ही गीली लकड़ियों से रोटियाँ बनाते रहे। बीच में एक बार उठकर आये और एक गजल नकल कराकर 'नया–साहित्य' बम्बई को भिजवाई।

इसके बाद फिर चौके में चले गये। ठीक 5–6 घंटे बाद यानी 4 बजे खाना तैयार हुआ। पहले मुझे और श्री अनिलकुमार मुखर्जी (प्रसिद्ध देष–सेवी बंगाली और निरालाजी के पड़ौसी ) को खिलाकर स्वयं खाया। उसके बाद मुझे षहर घूमने का आदेष दिया और एक नका भी बना दिया ताकि मैं भूल न जाऊँ ।

षाम को करीब 7–8 बजे मैं लौटा, तो देखा इंतजार कर रहे थे। देखते ही बोले "आओ पहले खा लो। दो रोटियाँ रखी हैं एक तुम लो, एक मैं। खाने के बाद नींद अच्छी आयेगी।'

दोपहर को इतना खाया था कि पेट में जगह न थी। फिर भी 'ना' न कर सका और चुपचाप रोटी निगल गया।

दूसरे दिन 6 बजे उनकी कोठरी के किवाड़ खुले। वे घूमने के लिए जा रहे थे। मैं भी उठ बैठा। बोले–'नींद आई।' मैनें कहा 'बहुत अच्छी तरह' और साथ चल दिया। उस समय उनके सिर पर एक पुराना ऊनी टोप था। बदन पर चार–पाँच साल पहले का एक फटा कोट था, जिसे वह रात को ओढ़कर सोये थे। कमर में तहमद था मैला–सा और पैरों में सवा रुपये वाले बाटा के गेंहुआ रंग के फ्लीट जूते, जिनका पिछला हिस्सा गायब था और निसे बिबाइयों से भरी एड़ियाँ बाहर निकल रही थीं। हिन्दी का युग–प्रर्वतक कवि निराला और इस वेश में! कौन कल्पना कर सकता है कि उसके पास जाड़े के कपड़े न होंगे? वह हाथ से खाना पकाता होगा और बीमारी में पानी के घूँट के लिए तरसता रह जाता होगा।

मैं यह सब सोच रहा था कि चाय वाले की दुकान आ गई। हमने एक–एक कुल्हड चाय ली और गंगा के बाँध की ओर चल दिये। रास्ते में निराला जी मौन–गम्भीर चले जा रहे थे, अपने में डूबे। गंगा बाँध पर आये तो उदय होते हुए सूर्य की तरफ देखते हुए रह गए। कुहरा उन किरणों के कारण कुछ कम हो रहा था। वे गंगा, उसके कछार और उस पर कुहरे को चीरती रष्मियों के सौन्दर्य को देखकर बोले–" इलाहाबाद बहुत सुन्दर षहर है इना अच्छा दृष्य अन्यत्र नहीं मिल सकता। सुबह तो है ही, लेकिन इलाहाबाद की षाम भी बहुत अच्छी होती है। षाम को दूसरे बाँध पर चलेंगे।'' और इतना कहकर चुप हो गए। यहाँ मैं उनसे कुछ प्रष्न पूछना चाहता था, पर उनके व्यक्तित्व की गम्भीरता और मनःस्थिति के कारण कुछ नहीं कह पाता था। लौटते समय प्रगतिषील साहित्य की बात चली तो वे स्वयं कहने लगे–'प्रतिवाद पर सबसे पहले मैंने लिखा है, इसे कोई नहीं जानता। किया क्या जाय दुनिया ऐसी है, जो बिना त्मअवसनजपवद के नहीं मानती। मै घर चलकर तुम्हें कुछ दिखाऊँगा।

इसके बाद हम लोग फिर चाय वाले की दुकान पर थे और कुल्हड़ हमारे हाथ में थे। दूसरा चक्कर हमने गंगा–किनारे का लगाया। उसके बाद घर आकर द्वार

के सामने पडे तख्त पर बैठ गए। थोड़ी देर में एक बंगाली महाषय आ गए। उनसे बातचीत करते–करते निरालाजी फिर चाय वाले के पास आए। मैं भी पीछे–पीछे था। चाय में अबकी बार बंगाली महाषय भी सम्मिलित थे। इतने में एक ग्वाला, जो निरालाजी को दूध देता था है मिला, उससे दूध की बातचीत करके निरालाजी ने मुझसे कहा– '' जाओ कसकर एक सेर दूध पी आओ।''

मुसीबत–पर–मुसीबत।

तीन कुल्हड़ चाय, उस पर एक सेर दुध मुसीबत पर मुसीबत। मैं चुपचाप ग्वाले के पीछे–पीछे चल दिया। वह कह रहा था– बाबूजी, निरालाजी महात्मा हैं। दूध देने जाता था कभी–कभी उन्हें पीने की याद ही न रहती थी, रखा रह जाता था, बन्द कर देगा। मुझे उनके पैसे थोड़े ही खराब करने हैं।'' और घर पहुँचकर भैंस का सेर भर धारोश्ण दूध एक लोटे में मुझे लाकर दे दिया। मैं खड़े–खड़े ही पी गया और लौटकर घर चला गया।

थोड़ी देर में निराला जी आये और चौके में चले गए। आज मेरे कहने पर उन्होंने रोटियों मुझे बना लेने दी। लेकिन सेंकने का काम उन्होंने ही किया। स्वयं चूल्हे के सामने बैठ गए और चूल्हा फूँकने लगे। उनके सिर में राख के कण भर गए, पर इस ओर से उदासीन हुए रोटियाँ संकते रहे। दो घंटे में खाना बनकर तैयार हुआ। इसके बाद मेरे लिए उन्होंने एक अखबार बिछा दिया, जिसने आसन का काम दिया, और थाली में रोटियाँ और तरकारी रख दी। स्वयं जमीन पर ही बैठे–बैठे हाथ में रोटी लेकर खाने लगे और बोले–"वर्शों तक साहित्य–साधना में मेरा यह भोजन रहा है। यही मेरा असली भोजन है।

मैं उन बिना चुपड़ी पोटी रोटियों में उस कलाकार की साधना का तार देख रहा था। वही, हिन्दी की महान् षक्ति है। ऐसे चूल्हा फूँकता है, यह कभी न सोचा था। उसका जीवन एक मजदूर का–सा जीवन है। और वह मजदूर जो सर्वहारा हो। उन्हें उस समय देख मुझे श्रीमती महादेवी वर्मा की वह बात याद आ गई जो उन्होंने निराला जी के सम्बन्ध में कही थी। और वह थो– 'निरालाजी का जीवन निम्नतम स्तर के भारतीय का जीवन है और ऐसा जीवन बिताकर इतनी ऊँची साहित्य–साधना निरालाजी ही कर सकते हैं।

इसके पष्चात मैं घूमने चला और षाम को देर से लौटा तो हवा में सूखी रोटियाँ मेरा इन्तजार कर रही थी। मैने उनसे प्रार्थना कर न खाने की इच्छा प्रगट की और चुपचाप लेटा रहा। कल सकर की कान के कारण नींद आ गई थी, इसीलिए रात को कोई होष न रहा, लेकिन आज नींद नहीं आ रही थी। 11 बजे थे। निरालाजी अपनी कोठरी में थे, एकाएक उनके आठो से हँसी फूट पड़ी, जो कोठरी में गूँज गई वह कलाकार की लापरवाही थी, अन्धकार में व्यक्त हो रही। मैने ऐसी

हँसी कभी न सुनी थी। उसका मर्म उनके अतिरिक्त कौन समझ सकता है? उसके बाद उन्हें बाहर खुली छत पर और भीतर कमरे में भी घूमते देखा। जब वे घूम रहे थे तब उनके कदमों की धमक से सारा घर हिल रहा था और बेचौन षेर की भाँति चक्कर लगाते हुए इस कलाकार को देखकर मुझे गीता की पंक्ति स्मरण हो आई, जिसमें संयमी व्यक्ति का लक्षण दिया गया है—

'या निषा सर्व भूतानां तस्याम् जागर्ति संयमी ।'

यही क्यों, मुझे तो ऐसा लगा कि निराला जी के ऊपर सैकड़ों संयमी और महात्मा न्योछावर है। कारण गंगा के घाट वाले पाण्डे का कहना है कि निराला महात्मा है। कोई भी तो ऐसा न मिला जो उनके महात्मापन का समर्थक न हो। यह सब सोच रहा था और निरालाजी की महत्ता पर विचार कर रहा था कि नींद आ गई। तीसरे दिन उठा तो मुँह से निकल गया कि मुझे बुखार आ गया है। इस बात के निकलने कारण था। पिछले दिन उन्होंने इतना खिलाया था कि मैं ही क्या कोई भी मेरी जगह होता तो. उसका पेट पत्थर हो जाता। मुझसे उनके आतिथ्य का अतिरेक सहन न हुआ और हरारत हो आई इसीलिए इस डर से कि कल की पुनरावत्ति न हो, मेरे मुँह से यह षब्द निकल आए। इस पर निरालाजी बोले— 'आज खाना मत खाओ, चाय भी बन्द रखो। आराम से लेटे रहो। चाहो तो दूध ा पी लेना। बस ।'

इच्छा न थी पर यह सोचकर कि जीवन में इस महान साधक का साथ न जाने फिर कब हो, घूमने चल दिया। चलते समय वह स्वयं मेरे लिए दूध लाये और उसे रखकर फिर घूमने निकले। आज गंगा के पुल के पार तक घूमने गए और लौटकर बोले— तुम थक गए होगे। आराम करो। मैं एक चक्कर और लगा आऊँ। वे घूमने चले गए और मैं घर आकर सो गया। दोपहर के लगभग निराला जी आये, और आते ही मुझे दो आने की लकड़ी लाकर दूध गरम करने की आज्ञा दी। मैं इस बात से बहुत प्रसन्न हुआ। इसका कारण यह था कि टाल वाला उन्हें गीली लकड़ियाँ देता था। मैं गया तो सूखी लकड़ियाँ लाया। लकड़ी लाकर मैंने दूध गरम किया और पीकर अखबार पढ़ने लगा।

निराला जी ने आज कुछ न खाया था। दूध के लिये मैने कहा तो मना कर दिया। तीन चार बजे के लगभग उन्होंने कहा— 'मूँग की दाल और रोटी बनाता हूँ। भूख हो तो खा लेना।'

वे चौके में थे कि एक प्रकाषक आ गए। वे निराला जी का एक उपन्यास छाप रहे थे। नाम है 'काले कारनामे'। उसमें समाज और राजनीति का खोखलापन दिखाया गया है। उसकी भाशा षैली की प्रषंसा करते हुए वे लिखने लगे—

'निरालाजी धीरे–धीरे लिख रहे हैं। 'मूड़' में आकर लिखते हैं। एक लेखक भी दे रखा है। लेकिन चीज ऐसी है, जो बे–जोड़ होगी।'

इसी समय गम्भीर होकर निरालाजी ने कहा– 'साहित्य साधना से बनता है। हमें केवल रुपया तो कमाना नही है। साहित्य ऐसा देना है, जो जनहित का हो और उसमें कुछ जान हो, पर लोग समझते ही नहीं। '

इधर–उधर की कुछ बातचीत हुई और प्रकाषक महाषय चले गए। निरालाजी ने मुझे बुलाया और लाख मना करने पर भी मेरे आगे दो रोटियाँ और दाल रख दीं। जैसे–तैसे उसे समाप्त किया। थाली खाली देखते ही वे बोले– एक रोटी और है। यदि पेट में जगह हो तो ले लो, नुकसान नहीं करेगी।' और यह कहते–कहते मेरी थाली में रख दी। उनका प्रेमपूर्ण आग्रह देख मैं उसे भी खा गया।

रात हो गई थी। मैं लेटा था और बेचौन षेर की तरह निराला जी का अधेरे में घूमना और हँसना उसी प्रकार जारी था। उस समय समाज और साहित्य के तथाकथित कर्णधारों के प्रति मेरे ह्रदय मैं घृणा का तूफान उठ रहा था। इस स्थिति में पता नहीं कब मुझे नींद आई।

इकाई – 14 सियाराम शरण गुप्त पद्मसिंह शर्मा 'कमलेश हरिशंकर परसाई

चौथे दिन देखा, देर काफी हो गई है सूरज निकल आया है। निरालाजी की कोठरी के किवाड़ नहीं खुले हैं। सोचा, कई दिन में उन्हें नींद आई है, इसलिए षायद आज वे नहीं उठे हैं। थोड़ी देर प्रतीक्षा करने के बाद मैं एक चिट पर यह लिखकर कि मैं महादेवी जी के यहाँ जा रहा हूँ आप फिक्र न करें, चल दिया। 4–5 घण्टे में मैं महादेवी जी के यहाँ से लौटकर आया तो मैनें उनसे कहा– 'मुझे बनारस जाना है। आज आपसे विदा लूँगा।'

यह सुनकर वे बोले–अच्छी बात है। बिस्तर बाँध लो और देखो खिचड़ी बनाई है, भूखे हो तो खा लो। '

मैंने उनसे कहा कि मैं खाकर आया हूँ और बिस्तर बाँधने लगा और जैसे ही बिस्तर बाँधकर ठीक किया, उन्होंने कहा– यह साबुन तो रख लो।' और साबुन की आधी बट्टी उन्होंने मेरे हाथ पर रख दी।

यह देखकर मैं दंग रह गया। उस समय मेरे ह्रदय में उनके प्रति जो भाव थे उन्हें मैं व्यक्त नहीं कर सकता। साबुन की आधी बट्टी कपड़े धोने से बच गई थी। उसे भी उन्होंने लौटा दिया। दूसरे की चीज रखने में ऐसा सजग (ब्वदेबपवने) व्यक्ति मैने दूसरा नहीं देखा। तभी मैं यह रहस्य समझा कि मेरे कम्बल को लेने से इन्होंने क्यों इन्कार कर दिया था और क्यों भयंकर सर्दी में अपने उस फटे कोट में लिपट कर वे सो गए थे। मैनें बट्टी चुपचाप थैले में रख ली और उनके चरण छूकर विदा माँगी।

इन चार दिनों में मैं इलाहाबाद के दर्जनों साहित्यकारों से मिला। परन्तु सबने एक ही प्रष्न पूछा कि निराला जी कैसे हैं? उनके प्रष्न को सुनकर मैं षर्म से गड़ गया और क्षुब्ध होकर मैने सबसे यही कहा– 'आष्चर्य है, आप इलाहाबाद में रहते हैं और मुझसे पूछते हैं कि निरालाजी कैसे हैं? लेकिन इसका उनके पास कोई उत्तर न था। वह उपेक्षा ही उनके पास थी, जो उन्होंने अब तक निराला जी के प्रति दिखाई है। उनके इस व्यवहार से मुझे इस बात का अनुमान हो गया कि हिन्दी वाले अपने कलाकारों का कितना आदर करते हैं उसी समय मुझे हिन्दी के लेखकों के दुर्भाग्य का भी अनुभव हुआ और मैंने सोचा कि निराला जी की वर्तमान स्थिति के लिए जिम्मेदार हम हैं, जो उनकी कद्र नहीं करते। एक ही षहर में रहकर अपने एक कलाकार के विशय में लोग इतने उदासीन रहें, इसका अनुभव मुझे पहले कभी न हुआ था। अपनी बात तो मैं कहता हूँ कि जब इलाहाबाद को चला था तब सोचता था कि वहाँ त्रिवेणी संगम है, हाईकोर्ट है, यूनिवर्सिटी है, 'लीडर' और 'अमृत बाजार पत्रिका' के प्रेस हैं, गरज यह कि आर्कशण के सैकड़ों साधन है। परन्तु जब निराला जी का व्यक्तित्व देखा, मैं सब कुछ भूल गया। उनसे कोई साहित्य–चर्चा न हुई, पर निकट रहकर उनके जीवन से जो सौखा–समझा, वह मेरे लिए जीवन में साधना पथ के पाथेय का काम देगा। मेरा विष्वास है कि हमें निराला जैसा कलाकार चाहे मिल जाय, पर निराला जैसा मानव नहीं मिल सकता। हिन्दी का यह गौरवषाली कवि युग युग तक अमर रहे।

8. आँगन में बैगन (हास्य व्यंग्य)

हरिषंकर परसाई

मेरे दोस्त के आँगन में इस साल बैंगन के फल आये हैं। पिछले कई सालों से सपाट पड़े आँगन में जब बैंगन का फल उठा तो ऐसी खुषी हुई जैसे बाँझ को ढलती उम्र में बच्चा हो गया हो। सारे परिवार की चेतना पर इन दिनों बैंगन सवार है। बच्चों को कहीं दूर पर भी बकरी दीख जाती है, तो समझते हैं कि वह हमारे बैंगन के पौधे को खाने के बारे में गम्भीरता से विचार कर रही है। वे चिल्लाने लगते हैं। पिछले कुछ दिनों से परिवार में बैंगन की ही बात होती है। जब भी जाता हूँ, परिवार की स्त्रियाँ कहती हैं– खाना खा लीजिए। घर के बैंगन बने हैं। जब वे ' भरे भटे' का अनुप्रास साधती हैं, तब उन्हें काव्यरचना का आनन्द आ जाता है। मेरा मित्र भी बैठक से चिल्लाता है– 'अरे भई बैंगन बने हैं कि नहीं? मुझे लगता है आगे से मुझसे 'चाय पी लीजिए' के बदले कहेंगी – 'एक बैंगन खा लीजिए। घर के हैं।' और तष्तरी में बैंगन काटकर सामने रख देंगी। तब मैं क्या करूँगा ? षायद खा जाऊँ, क्योंकि बैंगन चाहे जैसा लगे

भावना स्वादिश्ट होगी और मैं भावना में लपेटकर बैंगन की फाँक निगल जाऊँगा। ये बैंगन घर के हैं और घर की चीज का गर्व विषेश होता है। अगर वह चीज घर में ही बनाई गई हो, तो निर्माण का गर्व उसमें और जुड़ जाता है। मैने देखा है, इस घर के बैंगन का गर्व स्त्रियों को ज्यादा है। घर और आँगन में जो है वह स्त्री के गर्व क्षेत्र में जाता है। इधर बोलचाल में पत्नी को 'मकान' कहा जाता है। उस दिन मेरा एक दोस्त दूसरे दोस्त को सपत्नीक भोजन के लिए निमंत्रित कर रहा था। उसने पूछा– 'हाँ, यह तो बताइये आपका मकान गोष्त खाता है या नहीं ?' पत्नी अगर 'मकान' कही जाती है, तो पति को 'चौराहा' कहलाना चाहिए। दोनों की पलियाँ जब मिलें तो एक 'मकान' दूसरे के 'मकान' से पूछ सकता है– 'बहन तुम्हारा चौराहा षराब पीता है या नहीं?''

लोग पान से लेकर बीवी तक घर की रखते हैं। इसमें बड़ा गर्व है और बड़ी सुविध ाा है। जो चाहा तब पान लगाकर खा लिया। और जी हुआ तब पत्नी से लड़कर जीवन के कुछ क्षण सार्थक कर लिये। कुछ लोग मूर्ख भी घर में रखते हैं । और मेरे एक परिचित जो जुआड़ी भी घर में रखते हैं। दीवाली पर अपने बेटों के साथ बैठकर जुआ खेल लेते हैं। कहते हैं– 'भगवान की दया से अपने चार बेटे हैं, सो घर में ही जुआ खेल लेते हैं।'

घर की चीज आपत्ति से भी परे होती है। आदमी स्वर्ग से इसलिए निकाला गया कि उसने दूसरे के बगीचे का सेव खा लिया था। माना कि वह बगीचा ईष्वर का था, पर फिर भी पराया था। अगर यह सेव उसके अपने बगीचे का होता, वह एतराज करने वाले से कह देता– 'हाँ, हाँ खाया तो अपने बगीचे का ही खाया। तुम्हारा क्या खा लिया ?' विष्वामित्र का वैसा, मामला अगर घर की औरत से होता, तो तपस्या भंग न होती। वे कह देते– 'हाँ जी, हुआ। मगर वह हमारी औरत है। तुम पूँछने वाले कौन होते हो ?' अगर कोई अपनी स्त्री को पीट रहा हो और पड़ोसी उसे रोकें, तो वह कैसे विष्वास से कह देता है– 'वह हमारी औरत है। हम चाहे उसे पीटें, चाहे मार डालें। तुम्हें बीच में बोलने का क्या हक है।' ठीक कहता है वह ! वह कद्दू

काटता है, तब कोई ऐतराज नहीं करता, तो औरत को पीटने पर क्यों एतराज करते हैं?

जैसा कद्दू वैसी औरत। दोनों उसके घर के हैं। घर की चीज में यही निष्चिन्तता है उसमें मजा भी विषेश है। घर के बैंगन चाहे बाजार के बैंगन से घटिया हो, पर लगते अच्छे स्वादिश्ट हैं। घर के हैं न। मैने लोगों को भयंकर कर्कषा को भी प्यार करते देखा, क्योंकि वह घर की औरत है।

वैसे मुझे यह आषा नहीं थी कि यह मेरा दोस्त कभी आँगन में बैंगन का पौधा लगायेगा। कई सालों से आँगन सूना था। मगर मैं सोचता था में गुलाब, बैंगन और भिण्डी जैसे पौधे को वह अपने आँगन में जमने नहीं देंगे। पर इस साल जो नहीं होना था, वह हो गया। बैंगन लगा और वह रुचि से खाया भी जाने लगा। मेरे विष्वास को यह दोस्त कैसे धोखा दे गया? उसने षायद घबराकर बैंगन लगा लिया। बहुत लोगों के साथ ऐसा हो जाता है। गुलाब लगाने के इन्तजार में साल गुजरते रहते हैं और घबराकर आँगन में बैंगन या भिण्ड़ी लगा देते हैं। मेरे एक परिचित ने इसी तरह अभी षादी की है—गुलाब के इन्तजार में ऊबकर बैंगन लगा लिया है।

चम्पा और चमेली के फूल ही खिलेंगे कि चाहे देर से खिल, पर इस आँगन

लेकिन इस मित्र की सौन्दर्य चेतना पर मुझे भरोसा था। न जाने कैसे उसके पेट से सौन्दर्य—चेतना प्रकट हो गयी। आगे हो सकता है, वह बेकारी को स्थापत्य कला का मानने लगे और तन्दूरी की भट्टी में उसे अजन्ता के गुफा चित्र नजर आयें।

श्रेश्ठ नमूना

इसे मैं बर्दाष्त कर लेता। बर्दाष्त तब नहीं हुआ जब परिवार की एक तरुणी ने भी कहा अच्छा तो हैं। बैंगन खाये भी जा सकते हैं।' मैंने सोचा हो गया सर्वनाषा सौन्दर्य, कोमलता और भावना का दिवाला पिट गया। सुन्दरी गुलाब से ज्यादा बैंगन को पसन्द करने लगी। मैने कहा— देवी, तू क्या उसी फूल को सुन्दर मानती हैं जिसमें आगे चलकर आधा किलो सब्जी 1 आए? तेरी जाति कदम्ब के नीचे खडी होने वाली है पर तू षायद हाथ में बाँस लेकर कटहल के नीचे खड़ी होगी । पुश्पलता और कद्दू की लता में क्या तू कोई फर्क नहीं समझती ? तू क्या वंषी से चूल्हा फूंकेगी? और क्या वीणा के भीतर नमक—मिर्च रखेगी?

तभी मुझे याद आया के अपने आँगन में तो कुछ भी नहीं है। दूसरे पर क्या हँसू? एक बार मैने गेंदे का पौधा लगाया था। यह बड़ा गरीब सर्वहारा फूल होता है। कहीं भी जड़ें जमा लेता है। मैने कहा 'हुजूर, अगर आप जम जाएँ तो खिल उठें तो मैं गुलाब लगाने की सोचूँ।' मगर वह गेंदा भी मुरझाकर सूख गया। उसका डण्ठल बहुत दिनों तक जमीन में गड़ा हुआ मुझे चिढ़ाता रहा कि गेंदा तो आँगन में निभ नहीं सका, गुलाब रोपनें की महत्वाकांक्षा रखते हो। और मैं उसे जवाब देता— 'अभागे मुझे ऐसा गेंदा नहीं चाहिए जो गुलाब का नाम लेने से ही मुरझा जाए। गुलाब को उखाड़कर वहाँ जम जाने की जिसमें ताकत हो, ऐसा गेंदा मैं अपने आँगन में लगने दूँगा।' मेरे घर के सामने के बंगले में घनी मेंहदी की दीवार—सी उठी है। इसकी टहनी कहीं भी जड़ जमा लेती है। इसे ढोर भी नहीं

खाते। यह सिर्फ सुन्दरियों की हथेली की षोभा बढाती है और इसलिए पषु तक के लिए बेकार इस पौधे की रूमानी प्रतिश्ठा लोक गीतों से लेकर नई कविता तक में है। तेल पॉलिस के कारखाने ने मेहदी की इज्जत अलबत्ता कुछ कम कर दी है। तो मैने मेहदी की कुछ कलमें आँगन में गाड़ दीं। दो–तीन दिन बाद आवारा डोरो ने उन्हें रौंद डाला। मैं दुखी था। तभी अखबार में पढ़ा कि किसी 'हाइड्रो इलेक्ट्रिक 'प्लाण्ट' का पैसा इंजीनियर और ठेकेदार खा गये और उसमें ऐसी घटिया सामग्री लगाई कि प्लाण्ट कट गया और करोड़ों बरबाद हो गये। जो हाल मेरे मेंहदी के प्लाट का हुआ वही सरकार के उस बिजली के 'प्लाण्ट' का हुआ दोनों को उजाड़ दोरों ने रौंद डाला। मैने इस एक ही अनुभव से सीख लिया कि 'प्लाण्ट' रोपना हो तो उसकी रखवाली का इन्तजाम पहले करना। भारत सरकार से पूँछता हूँ कि मेरी सरकार, आप कब सीखेंगी ? मैं तो अब 'प्लाण्ट' लगाऊँगा, तो पहले रखवाली के लिये कुत्ते पालूँगा। सरकार को मुष्किल यह है कि कुत्ते वफादार नहीं हैं। उनमें से कुछ आवारा ढोरों पर लपकने के बदले, उनके आस–पास दुम हिलाने लगते हैं फिर भी सरकार के प्लाण्ट तो जम ही रहे हैं और आगे जम जायेंगे। उसके आँगन की जमीन अच्छी है और प्लाण्ट सींचने को 45 करोड़ लोग तैयार हैं। वे प्लाण्ट भी उन्हीं के हैं। सरकार तो सिर्फ मालिन है। मेरे इस आँगन का अभी कुछ निष्चित नही है। बगल के मकान के अहाते से गुलाब की एक टहनी जिस पर बड़ा सा फूल खिलता है, हवा के झोंके से दीवार पर से गर्दन निकाल कर इधर झाँकती है। मैं देखता रहता हूँ। कहता हूँ– 'तू ताक चाहे झाँक। मैं इस आँगन में अब पौध नहीं रोपूँगा। यह अभागा है। इसमें बरसाती घास के सिवा कुछ नहीं उगेगा। सभी आँगन फूल खिलने लायक नहीं होते। फूलों का क्या ठिकाना ? वे गवारों के आँगन में भी खिल जाते हैं।' एक आदमी को जानता हूँ, जिसे फूल सूँघने की तमीज नहीं है। पर उसके बगीचे में तरह–तरह के फूल खिले हैं। फूल भी कभी बड़ी बेषर्मी लाद लेते हैं और अच्छे खाद पर बिक जाते हैं।

मेरा एक मित्र कहता है कि 'तुम्हारे आँगन में कोमल फूल नहीं लग सकते। फूलों के पौध चाहे किसी घटिया तुकबन्द के आँगन में जम जायें, पर तुम्हारे आँगन में नहीं लग सकते। वे कोमल होते हैं, तुम्हारे व्यंग्य की लपट से जल जायेंगे। तुम तो अपने आँगन में बबूल, भटकटैया और धतूरा लगाओ। ये तुम्हारे बावजूद पनप जायेंगे। फिर देखना कौन किसे चुभता है – तुम बबूल को या बबूल तुम्हें ? कौन किसे बेहोष करता है–धतूरा तुम्हें या तुम धतूरे को ?'

## संदर्भ सूची:


प्रसाद, हज़ारीप्रसाद – निबंधप्रभा

मैथिलीशरण गुप्त – भारतभारती (गद्य की दृष्टि से संदर्भनीय)

पद्म सिंह शर्मा – हिंदी निबंध साहित्य का इतिहास

रामचंद्र शुक्ल – चिंतामणि

राहुल सांकृत्यायन – मध्य एशिया का इतिहास

अज्ञेय – त्रिशंकु

बाल मुकुंद गुप्त – हिंदी गद्य और उसके विविध रूप

अमृतलाल नागर – गद्य का समाजशास्त्र

डॉ. नगेन्द्र – हिंदी निबंध का विकास

आचार्य शिवपूजन सहाय – देवनागरी लिपि और हिंदी साहित्य

डॉ. नामवर सिंह – वाद, विवाद, संवाद

माखनलाल चतुर्वेदी – समर्पण के स्वर

कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' – रचनात्मक निबंधों का संग्रह

जगदीश गुप्त – निबंध और विचार

भदंत आनंद कौसल्यायन – यात्रा वृतांत और वैचारिक गद्य

# MATS UNIVERSITY

## MATS CENTER FOR OPEN & DISTANCE EDUCATION

UNIVERSITY CAMPUS : Aarang Kharora Highway, Aarang, Raipur, CG, 493 441

RAIPUR CAMPUS: MATS Tower, Pandri, Raipur, CG, 492 002

T : 0771 4078994, 95, 96, 98 M : 9109951184, 9755199381 Toll Free : 1800 123 819999

eMail : admissions@matsuniversity.ac.in Website : www.matsodl.com

